स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शनिवार
27 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 13
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 305 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

वापसी के लिए तैयार सेरेना विलियम्स, पहले दौर में जॉइंट से सामना

राम मंदिर चढ़ावा घोटाले में बड़ा खुलासा

चंपत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा

- ट्रस्ट के शीर्ष पदों पर संकट
- जांच में नए खुलासों से हड़कंप
- सभी आठ अरोपियों को भेजा गया जेल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े राम मंदिर चढ़ावा चोरी और कथित अनियमितताओं के मामले ने अब बड़ा प्रशासनिक और कानूनी मोड़ ले लिया है। एक ओर जहां ट्रस्ट के भीतर इस्तीफों और पदमुक्तियों की खबरों से हलचल तेज हो गई है, वहीं दूसरी ओर दर्ज एफआईआर में सामने आए नामों और जांच रिपोर्टों ने पूरे प्रकरण को और गंभीर बना दिया है। सूत्रों के अनुसार ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही अनिल मिश्रा को ट्रस्ट की व्यवस्थाओं से अलग किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। मंदिर निर्माण से जुड़े प्रभारी गोपाल राव को भी प्रशासनिक जिम्मेदारियों से हटाए जाने की चर्चा है। इन घटनाओं के बीच ट्रस्ट में आंतरिक स्तर पर अस्थिरता और जवाबदेही को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। 25 जून 2026 को दर्ज स्वढ्ढक्र संख्या 0090/2026 के अनुसार चढ़ावे की गणना

और प्रबंधन से जुड़े आठ लोगों को नामजद किया गया है, जिनमें अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, टिन्नू यादव, अविनाश शुक्ल, मनीष यादव सहित अन्य शामिल हैं, जबकि एक आरोपी अज्ञात भी दर्ज है। आरोप है कि चढ़ावे की गिनती और नकदी प्रबंधन प्रक्रिया में सुनियोजित तरीके से अनियमितता, गबन और चोरी की गई।

एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई आरोपी मंदिर की चढ़ावा गणना प्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े थे और कुछ के पास गणना कक्ष की जिम्मेदारी तथा चाबी तक होने की बात सामने आई है। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह मामला केवल व्यक्तिगत स्तर की गड़बड़ी नहीं बल्कि संगठित साजिश की ओर भी संकेत करता है। मामले की विवेचना डीएसपी आशुतोष तिवारी को सौंपी गई है और जांच एसआईटी की सिफारिश पर आगे बढ़ाई जा रही है। इस बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चंपत राय के ड्राइवर टिन्नू यादव समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया गया है। जांच रिपोर्ट में कई आरोपियों के बीच रिश्तेदारी और आंतरिक नेटवर्क का भी उल्लेख है, जिससे यह संकेत मिलता है कि चढ़ावा गणना प्रणाली में कई स्तरों पर मिलीभगत हो सकती है। कुछ आरोपियों के घरों से कथित रूप से नकदी बरामद होने और बैंक खातों में संदिग्ध लेन-देन की बात भी जांच के दायरे में है। इसी बीच राजनीतिक हलकों में भी मामला गरमा गया है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच चढ़ावे के धन के उपयोग और जमीन खरीद से जुड़े सौदों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दस्तावेजों के आधार पर यह भी दावा किया जा रहा है कि कुछ जमीन सौदों में कीमतों के बड़े अंतर और वित्तीय अनियमितताओं की जांच की जा रही है। पूरे घटनाक्रम ने अयोध्या के धार्मिक और प्रशासनिक ढांचे में गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर ट्रस्ट के शीर्ष स्तर पर इस्तीफों और कार्रवाई की खबरें हैं, वहीं दूसरी ओर जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क और वित्तीय लेन-देन की गहन पड़ताल में जुटी हुई हैं। फिलहाल मामला जांच के अधीन है और आगे और बड़े खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

79.85 लाख बरामद, एसबीआई कर्मियों की भूमिका भी जांच में

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों को शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 29 जून तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपियों के पास से कुल 79 लाख 85 हजार 493 रुपये बरामद हुए हैं। जांच में भारतीय स्टेट बैंक के पांच से छह कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में आई है। पुलिस नकदी प्रबंधन, बैंकिंग रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच कर रही है। सोमवार को आरोपियों को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा।

रामभक्तों की अग्निपरीक्षा न लें सबूत हैं तो एसआईटी को दें: योगी

देवरिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा और कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आस्था के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट आते ही कार्रवाई शुरू हो गई और दूध का दूध, पानी का पानी होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर कहा, एसआईटी की रिपोर्ट आते ही कार्रवाई शुरू हो गई है। जन आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं है। दूध का दूध और पानी का पानी होगा। सीएम योगी ने यह बातें देवरिया में 456 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, एक पक्ष कहता था कि राम हैं ही नहीं यानी अयोध्या को भी ये लोग नकारना चाहते थे। लगातार न्यायालय में मुकदमा लड़ते रहे, वकीलों की फौज राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के खिलाफ खड़ी करते रहे और दूसरा पक्ष वो है जो जय श्री राम बोलने पर लाठी और

गोली चलाते थे। भगवान राम का नाम लेने पर जो लोग गोली चलाते थे आज वे कहते हैं कि आस्था के साथ खिलवाड़ हुआ। उन्होंने कहा कि अरे तुम हमें आस्था बताओगे? राम नवमी पर दंगा करवाते थे, श्री कृष्ण जन्मोत्सव को प्रतिबंधित करते थे, कांवड़ यात्रा को नहीं निकलने देते थे, दुर्गा पूजा में दंगा करवाते थे... याद कीजिए कांग्रेस ने देश को लूटा ही नहीं था, नोंचा था। बेइमानी और भ्रष्टाचार के जो कीर्तिमान स्थापित किए थे और वे लोग आज अयोध्या पर आक्षेप लगा रहे हैं? ये स्वीकार्य नहीं।

सरकार की जो मंशा है, सरकार ने पहले दिन कहा कि दूध का दूध और पानी का पानी सभी के सामने आएगा। लेकिन मैं फिर से अपील करूंगा कि राम भक्तों की अग्नि परीक्षा मत लो, उनकी आस्था के साथ खिलवाड़ करना बंद कीजिए। अगर तथ्य या प्रमाण नहीं है तो आरोप-प्रत्यारोप बंद करो और प्रमाण हैं तो एसआईटी के सामने पेश करो।

नार्को-कार्टेल्स पर बड़ी कार्रवाई का रोडमैप

- नशा मुक्त भारत के लिए तेज होगा अभियान : शाह

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार ने नशे के खिलाफ अपनी रणनीति और सख्त करने का संकेत दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नार्को-कार्टेल्स के खिलाफ देश की लड़ाई को और तेज करने का रोडमैप साझा करते हुए कहा कि भारत ड्रग्स के



दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती से सबसे मजबूत तरीके से मुकाबला कर रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ड्रग्स नेटवर्क को तोड़ने के लिए संगठित अभियान चलाया जा रहा है और नार्को-कार्टेल्स का कठोरता से सफाया किया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संदेश जारी करते हुए इस लड़ाई में लगे सभी एजेंसियों और कर्मियों को शुभकामनाएं दीं तथा युवाओं को नशे से बचाने के संकल्प को दोहराया। सरकार के इस अभियान का फोकस केवल कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे से प्रभावित लोगों के इलाज और पुनर्वास पर भी समान रूप से जोर दिया जा रहा है।

यूपी में आज से झमाझम के आसार

नईदिल्ली। दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के अलग-अलग राज्यों में भीषण गर्मी का सामना कर रहे लोगों के लिए खुशी की खबर है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) का कहना है कि मानसून अगले 48 घंटे में उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में पहुंच जाएगा, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। सबसे पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश होगी। यहां बिहार के रास्ते मानसून प्रवेश करेगा। ऐसे में देवरिया और महाराजगंज में पहले बारिश की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में 28 जून से बारिश शुरू हो जाएगी, जो लगातार 6 दिन तक रुक-रुक कर होती रहेगी। इस बार मानसून अपने निर्धारित समय से 8 दिन देरी से आ रहा है। पहले इसके 21 जून को आने की संभावना थी। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अभी लू का दौर जारी है। आईएमडी के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून प्रदेश में प्रवेश करने के उपरान्त तेजी से आगे बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश में 26 से 30 जून तक और पंजाब में 27 और 28 जून को भारी बारिश हो सकती है।

पांवटा साहिब सीमा पर हालात सामान्य : निहंग जत्थे को लेकर प्रशासन अलर्ट

देहरादून/पांवटा साहिब। पंजाब से हिमाचल होते हुए उत्तराखंड में प्रवेश की कोशिश कर रहे निहंग सिख समुदाय के जत्थे को लेकर पांवटा साहिब सीमा पर शुक्रवार को हालात पूरी तरह सामान्य बताए जा रहे हैं, हालांकि सुरक्षा एजेंसियां लगातार सतर्क बनी हुई हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है, जबकि दूसरी ओर प्रशासन और निहंग प्रतिनिधियों के बीच शांतिपूर्ण माहौल में सकारात्मक वार्ता जारी है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच देहरादून और पांवटा साहिब सीमा क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल

की तैनाती की गई है। देहरादून के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है और हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जा रही है।

रामगढ़ : सड़क हादसे में 8 मरे

रामगढ़। बीती रात रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी-बरलौंग के पास कोयला लदे एक ट्रक ने एक सवारी वाहन को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे के वक्त वाहन में आठ लोग सवार थे, जिनमें से सात की मौत अस्पताल ले जाते वक्त हो गई थी. वहीं गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को रांची के रिम्स में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई. इसकी पुष्टि मृतक के रिश्तेदार ने की है। इस हादसे में मारे गये लोग बैंड-ताशा पार्टी के सदस्य थे. 8 में से तीन एक ही परिवार के सदस्य थे. जबकि दो सगे भाई थे. मृतकों

के नाम हैं अनोद कुमार, डेविड करमाली, पप्पू करमाली, पवन करमाली, अशोक कुमार, शक्ति कुमार, हेमंत कुमार महतो और मनीष कुमार. ये हादसा बुध बाजार लारी-बरलौंग के समीप रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग (एनएच-23) पर हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलसगरा के दो लोग और मारगमर्चा गांव के ताशा-बैंड पार्टी के सदस्य एक सवारी वाहन से मारगमर्चा आए थे।

ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने के आदेश पर रोक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश में पंचायत चुनाव टालने और ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने के राज्य सरकार के फैसले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की एकल पीठ ने सरकार के 25 और 26 मई 2026 के आदेशों पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि जिन कानूनी प्रावधानों के तहत ये आदेश जारी किए गए, उन्हें पहले ही उच्च न्यायालय की खंडपीठ असंवैधानिक घोषित कर चुकी है। ऐसे में उन प्रावधानों के आधार पर जारी आदेश संवैधानिक रूप से टिक नहीं सकते। अरविंद राठौर की याचिका

पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 243-ई और 243-के के अनुसार पंचायतों का कार्यकाल पांच वर्ष का निर्धारित है और समय पर चुनाव कराना राज्य निर्वाचन आयोग तथा सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। केवल प्रशासनिक कारणों से चुनाव अनिश्चितकाल तक टाले नहीं जा सकते। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट लंबित होने को चुनाव में देरी का कारण बताया। इस पर अदालत ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद आयोग अब तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर सका है। वहीं राज्य निर्वाचन आयोग ने न्यायालय को बताया कि मतदाता सूची 10 जून को प्रकाशित की जा चुकी है और आयोग चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन राज्य सरकार से आवश्यक संसाधन और प्रशासनिक सहयोग नहीं मिलने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।

सीबीएसई के पुराने छात्रों को राहत

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 7, 8 और 9 के उन छात्रों को बड़ी राहत मिली है जिन्होंने तीन-भाषा नीति के तहत दो विदेशी भाषाएं चुनी हैं। शिक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार ऐसे छात्र कक्षा 10 तक उसी भाषा संयोजन के साथ पढ़ाई जारी रख सकेंगे और उन्हें विषय बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल भविष्य के बैचों पर लागू होगी।

बंगाल में यूसीसी लागू करने की तैयारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्ता में आई भाजपा सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी मौजूदा विधानसभा सत्र में एक विधेयक पेश कर सकते हैं। पार्टी नेताओं ने संकेत दिया है कि बंगाल में सरकार की प्राथमिकता वाले विधायी उपायों में विधानसभा के समक्ष यूसीसी विधेयक पेश करना शामिल होगा। भाजपा ने चुनाव के दौरान अपने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) में भी इसे लेकर प्रतिबद्धता जताई थी। संभावना है कि विधेयक को अगले हफ्ते सोमवार को विधानसभा में पेश किया जाएगा, जिस पर बहस हो सकती है। इस पर ममता बनर्जी से बगावत करने वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायकों का रुख देखने वाला होगा। बता दें, बंगाल चुनाव के दौरान संकल्प पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वादा किया था कि सरकार बनते ही 6 महीने में यूसीसी लागू करेंगे। टीएमसी ने अपने घोषणापत्र में इसे न लागू करने की बात कही थी।

सम्मान राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में दर्ज, वीरता पुरस्कार पाने वाले भी शामिल

ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों के नाम पहली बार सार्वजनिक

- पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई जवाबी कार्रवाई से जुड़े शहीदों का 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल हुआ नाम

नई दिल्ली। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में की गई जवाबी सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े छह शहीद भारतीय सशस्त्र बलों के जवानों के नाम पहली बार आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किए गए हैं। इन नामों को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल किया गया है, जिससे यह ऑपरेशन अब देश के सैन्य इतिहास में औपचारिक रूप से दर्ज हो गया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार शहीदों में पाँच भारतीय सेना और एक भारतीय वायुसेना का जवान शामिल है। इन नामों को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 3डी वॉल और त्याग चक्र पर 2025 के रिकॉर्ड में अंकित किया गया है। यह वही स्मारक है जहाँ स्वतंत्रता के बाद देश के लिए बलिदान देने वाले हर सैनिक का नाम दर्ज किया जाता है।

इससे पहले 6-7 मई 2025 की रात भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इस कार्रवाई में कई आतंकी लॉन्चपैड और ट्रेनिंग सेंटरों को निशाना बनाया गया था, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े ठिकाने भी शामिल थे। सरकार के दावे के अनुसार इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकियों के मारे जाने की बात कही गई थी। ऑपरेशन की पृष्ठभूमि में 22 अप्रैल का

पहलगाम आतंकी हमला बताया जा रहा है, जिसमें 26 नागरिकों की मौत हुई थी। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा और चार दिन तक हवाई गतिविधियों के बीच सैन्य टकराव जैसी स्थिति बनी रही, जो 10 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर की बातचीत के बाद संघर्ष विराम पर पहुंची। इन छह शहीदों में से दो जवानों को मरणोपरांत वीरता सम्मान भी दिया गया है। राइफलमैन सुनील कुमार को वीर चक्र और भारतीय वायुसेना के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार को वायुसेना मेडल (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया था। ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में कई अहम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, जिनमें मुजफ्फराबाद, कोटली, भिम्बर, सियालकोट और बहावलपुर जैसे इलाके शामिल थे। इन ठिकानों पर आतंकियों की भर्ती, ट्रेनिंग और हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े नेटवर्क संचालित किए जा रहे थे। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, जिसे 2019 में इंडिया गेट के पास स्थापित किया गया था, अब इन छह नामों के जुड़ने के साथ उन अभियानों में से एक को भी आधिकारिक सम्मान दे रहा है, जिसने भारत की आतंकवाद विरोधी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार यह पहली बार है जब ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े शहीदों के नाम सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्मारक में दर्ज किए गए हैं, जिससे इस अभियान का ऐतिहासिक और औपचारिक महत्व और बढ़ गया है।

डीएम ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण में तेजी के दिए निर्देश

आज़मगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए जिन कारणों से गोल्डन कार्ड निर्माण लंबित है, उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। बैठक में प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) ने अवगत कराया कि समस्त विकास खंडों/परियोजनावार के अंतर्गत 2,355 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड का निर्माण अभी अवशेष है। उन्होंने बताया कि डेटा नॉट फाउंड, डेटा मिसमैच, शादी ,मृत्यु, आधार संशोधन तथा आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होने जैसी समस्याओं के कारण कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी) एवं खंड विकास अधिकारी संयुक्त रूप से कार्य करते हुए आधार संशोधन केंद्रों के माध्यम से लंबित मामलों का शीघ्र समाधान कराएं तथा सभी पात्र आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर पर सभी कार्यकत्रियों की प्रोफाइल उपलब्ध है, इसलिए उपलब्ध डाटा का प्रभावी उपयोग करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.आर. वर्मा एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमाशरण पांडेय ने बताया कि ब्लॉकवार स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत 1,501 आशा कार्यकत्रियो के आयुष्मान गोल्डन कार्ड का निर्माण अभी शेष है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के समन्वय से लंबित कार्डों का शीघ्र निर्माण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक के दौरान जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पात्र परिवारों का चिन्हांकन कर अभियान चलाकर गोल्डन कार्ड बनवाए जाएं, जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें तथा जिन मामलों में तकनीकी अथवा दस्तावेज संबंधी समस्याएं हैं, उनका मौके पर समाधान कराते हुए निर्धारित समय सीमा में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

माहुल में शिया समुदाय ने निकाला ताजिया जलूस

माहुल (आजमगढ़)। स्थानीय नगर और आसपास के शिया बाहुल्य गावो में दसवीं मोहर्रम पर शुक्रवार को ताजिया जलूस निकाल कर मातम किया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष अहरौला मन्तोष सिंह,चौकी प्रभारी माहुल यश सिंह पटेल,राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव और लेखपाल सौरभ कुमार राय के साथ ही साथ पुलिस और पीएसी बल मौजूद रहा।
कर्बला की जंग में दीन और ईमान की रक्षा के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपने साथियों के साथ प्राणों की आहुति दे दिया।
उन्हीं की याद में शिया समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले मोहर्रम के त्यौहार के दसवें दिन यौम ढ्ढए आशुरा पर माहुल नगर के इमामबाड़े से अलम और ताज़िए के साथ जलूस निकला जो यहां की देवढ़ी तक गया वहां से जुलूस कुरैशी चौक तक आया वहाँ पर मौलाना कासिम ने तकरीर किया जिसमें उन्होंने हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत और दीन इमान की रक्षा के बारे में बताया।
उसके बाद ताजिया जलूस यहां के चकमकसूद जहा गांव स्थित कर्बला तक गया कहा ताजिया दफन कर दिया गया। इसी तरह क्षेत्र के कन्दरी, समैंसा तकिया गुलाम अली शाह, रसूलपुर अहमद अली, मक्खापुर, अतरडीहा आदि गांवों में शिया समुदाय के लोगों ने उपवास रख कर ताजिया जलूस निकाल कर उसे दफन किया गया। इस अवसर पर सैफ अब्बास रिजवी, जर्रार हुसैन, सैफी, छब्बन हसन, कैफ अब्बास रिजवी, सईद मेहद, वसीम हैदर, सब्बू नैयर हुसैन आदि रहे।

अंतरजनपदीय ऑटो लिफ्टर गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी, नकबजनी व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान में मुबारकपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। ष्टष्ट्ठङ्क फुटेज व यक्ष ऐप की मदद से पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 3 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व चौकी प्रभारी कस्बा धर्मेन्द्र शर्मा ने किया। बता दें कि चोरी की पहली घटना 23.06.2026 को थाना मुबारकपुर पर शुभम जायसवाल ने तहरीर दी कि 15.06.2026 को प्रिया टेंट हाउस कटरा मुबारकपुर के सामने से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई।
इसके अलावा दूसरी चोरी की घटना 24.06.2026 को देवा चौहान ने सूचना दी कि 16.06.2026 को पिचरी से उनके भाई अर्जुन चौहान की ई-रिक्शा क्क0ष्टङ्क3553 चोरी हो गई। पुलिस अधीक्षक के अभियान के तहत थाना प्रभारी शशिमौली पाण्डेय के निर्देशन में 25.06.2026 को चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र शर्मा व उ0नि0 विवेक सिंह की संयुक्त टीम गश्त पर थी। मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर रात 23:40 बजे बावन बीघा मैदान, इस्लामपुरा से पुलिस ने घेराबंदी कर 3 अभियुक्तों को चोरी के वाहनों समेत पकड़ लिया।
गिरफ्तार अभियुक्तों में अमन कुमार (25 वर्ष) पुत्र संजीत कुमार, निवासी गुर्जरपार, मुबारकपुर, आजमगढ़, शहदाब खान (22 वर्ष) पुत्र जार हसन, निवासी मामपुर, हरदोई, हाल पता- विक्रम नगर, लखनऊ व साहिल खान* (19 वर्ष) पुत्र शाकिर, निवासी जाजूपुर, हरदोई, हाल पता- विक्रम नगर, लखनऊ शामिल हैं ।

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री के सम्मान में लाटघाट में जुलूस, बांटी गई मिठाइयां

(लाटघाट) आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के गोरखपुर क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय को भाजपा का प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर सगड़ी विधानसभा क्षेत्र के लाटघाट बाजार में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला। कार्यकर्ताओं ने पूरे कस्बे का भ्रमण कर मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी।
चीनी मिल संघ लखनऊ के निदेशक रामाश्रय राय ने कहा कि सहजानंद राय ऐसे संगठनकर्ता हैं, जिन्हें मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता अच्छी तरह जानते हैं और वे हमेशा कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सहभागी रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश मंत्री बनने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। जुलूस लाटघाट बाजार से होते हुए क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित कर सहजानंद राय को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, रवि उर्फ पप्पू राय, दिनेश कुमार पांडेय, रतन राय, परशुराम यादव, प्रमोद मौर्य, रामाश्रय राय, अकबर खान, नवनीत राय, निक्कू, सचिन यादव, पंकज सिंह, मुकेश प्रजापति, प्रधान चंदन राय, प्रज्ञांशु राय, प्रफुल्ल राय, बृजमंडल दुबे, रविंद्र यादव, पूर्व प्रधान सिंहासन राय, श्रीराम यादव (मास्टर) सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारत विकास परिषद ने दो दिवसीय बाल संस्कार शिविर का किया आयोजन, बच्चों को दी सीख

आजमगढ़। भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश सिंह की 126वीं जयंती के अवसर पर नगर के गोला मंडी स्थित बिहारी जी मंदिर प्रांगण में इलीट शाखा द्वारा दो दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। परिषद के संपर्क सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
शिविर के दौरान बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉपी, पेन, पेंसिल और अन्य पठन-पाठन सामग्री का वितरण कर जीवन में अच्छे संस्कारों का महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को गायत्री मंत्र का सामूहिक जाप कराया और गीता के उपदेशों से परिचित कराया। इस मौके पर महिला सहभागिता मनीला अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को देश का आदर्श नागरिक बनाने के लिए उन्हें नैतिक और आध्यात्मिक संस्कार देना बेहद जरूरी है। संस्था भविष्य में भी इस तरह के संस्कार शिविरों का आयोजन जारी रखेगी।इसके साथ ही, संस्थापक की जयंती और निर्जला एकादशी के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण के बाहर एक सेवा स्टॉल भी लगाया गया। यहाँ भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और जरूरतमंदों के बीच हलवा, ठंडा शरबत और शीतल जल का वितरण कर उन्हें राहत पहुँचाई गई। इस सेवा कार्य में अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, गगन अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, सुमन बरनवाल, संजू अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, नमिता अग्रवाल, लतिका अग्रवाल, योगिता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, डिंपल अग्रवाल, प्रिया वंदिता वरनवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

आयोग की अध्यक्ष से शिकायत के बाद डाक्टर समेत दो पर मुकदमा

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद भी कुछ नहीं हुआ, तो पीड़ित ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान के दरबार में हाजिरी लगाई। आयोग में शिकायत के बाद पुलिस ने आनंद हास्पिटल के डाक्टर आनंद सिंह समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले में मोहल्ला दलसिंगार निवासी पीड़ित संतोष चौधरी पुत्र जमुना प्रसाद ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि आनंद अस्पताल में दवा का आर्डर करते थे और बिल के अनुसार पैसे का लेन-देन होता था। पैसे के लेन-देन को लेकर 22 जून दोपहर बारह बजे डा. आनंद सिंह व उनके कर्मचारी द्वारा गाली-गलौज, मारपीट व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। बचाने आई मां के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उसे भी चोटें आईं। उसके बाद दोनों ने कहा कि मेरे कहे अनुसार पेपर पर साइन करो वरना जान से मार दूंगा। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। उधर इसी मामले की शिकायत लेकर पीड़ित की मां मंजू चौधरी ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान आयोग की अध्यक्ष से शिकायत की कि उनका पुत्र आनन्द हास्पिटल में पिछले लगभग तीन सालों से कार्यरत था। 21 जून को डा. आनन्द सिंह पुत्र से कुछ कहासुनी किये जिसके बाद दूसरे दिन पुत्र काम पर नहीं गया। तभी डाक्टर आनन्द सिंह पटेल अपने दो कर्मचारी संजय सिंह चन्दन व दो अन्य व्यक्तियों को घर भेज कर मेरे पुत्र को डरा-धमका कर जबरदस्ती हास्पिटल ले गये। इसके बाद हास्पिटल परिसर में अपने केबिन में बुलाकर सुबह 12 बजे से रात्री 12 बजे तक बंधक बनाकर मारपीट किये। हम परिवार वालों को अपने पुत्र से मिलने नहीं दिया जा रहा था। बोला जा रहा था कि अभी घर चला जायेगा।

मसुविवि ने बीएससी फाइनल सेमेस्टर का रिजल्ट किया जारी

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ ने कुलपति प्रो. संजीव कुमार जी के नेतृत्व में समयबद्ध परीक्षा एवं उसके परिणाम के तहत बीएससी फाइनल सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से अनुरोध किया है कि अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर ही देखें जिस किसी विपरीत परिस्थिति से बचा जा सके और सही वस्तु स्थिति से आप अवगत हो सके।
विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि आज स्नातक अंतिम वर्ष के 6वें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक आनंद कुमार मौर्य ने अवगत कराया कि कुलपति जी के मार्गदर्शन में यह परीक्षा परिणाम समय पर और पारदर्शी तरीके से जारी किया गया है, ' परीक्षा परिणाम शीघ्र आने के लिए उन्होंने विश्वविद्यालय की टीम पूरी का सम्मिलित प्रयास बताया है, सभी छात्रों विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर सटीक परीक्षा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अन्य सभी कोर्सों के भी परिणाम जल्द ही जारी किए जाएंगे, जिससे सभी छात्रों को उनके परिणाम शीघ्र प्राप्त हो सकें। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने छात्रों से अनुरोध किया है कि वे अपने रोल नंबर के साथ आधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम चेक करें और किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क कर सकते है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीव कुमार जी ने स्नातक विज्ञान के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम आने की बधाई दी है । उन्होंने कहा कि यह पठन-पाठन की शुरुआत है अंत नहीं। क्योंकि यहां से आपको प्रतियोगी परीक्षाओं के द्वार खुल गए हैं एवं परा-स्नातक करके शोध छात्र,नेट आदि के साथ-साथ प्राध्यापक एवं अन्य दायित्व के निर्वहन हेतु आप आगे बढ़े हम सभी की शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण व शासकीय योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

आज़मगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय से हाइब्रिड मोड में आयोजित समीक्षा बैठक में जनपद की सभी तहसीलों के समस्त राजस्व ग्रामों के अशासकीय गाटों की सूचना उपलब्ध कराने, गाटों की ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित कराने, शासकीय योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराने तथा तहसील न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन राजेश सिंह की उपस्थिति सहित अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गंभीर सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं उपनिबंधक ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सरकारी गाटों को छोड़कर शेष सभी गाटों से संबंधित आवश्यक सूचनाएं संबंधित उपनिबंधक कार्यालयों को उपलब्ध कराई जाएं, ताकि राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण एवं ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। उन्होंने सभी उपनिबंधकों को निर्देश दिए कि वे संबंधित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों से समन्वय स्थापित कर तहसील के सभी राजस्व ग्रामों के गाटों की ऑनलाइन प्रविष्टि शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। बैठक में विशेष अभियान के अंतर्गत राजस्व संहिता की धारा-34 के वादों, 45 दिन से कम अवधि के लंबित मुकदमों तथा अंश निर्धारण संबंधी प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन 10 बजे से 12 बजे तक जनता दर्शन में बैठकर आमजन की समस्याएं सुनें तथा न्यायालय का नियमित संचालन करते हुए राजस्व वादों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पांच वर्ष से अधिक पुराने कोई भी राजस्व वाद लंबित नहीं रहने चाहिए। सभी अधिकारी नियमित समीक्षा करते हुए पुराने मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं तथा भूमि संबंधी विवादों एवं शिकायतों में प्रभावी कमी लाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बार-बार प्राप्त होने वाली भूमि संबंधी शिकायतों का स्थायी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिन व्यक्तियों द्वारा बार-बार भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जाता है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि कानून व्यवस्था एवं राजस्व प्रशासन की विश्वसनीयता बनी रहे। बैठक में अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी बनाते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

दीक्षांत समारोह के पूर्व दीक्षोत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए समितियों का कुलपति ने किया गठन

आजमगढ़। कुलाधिपति/ राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश लखनऊ, के निर्देश के क्रम में महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने शैक्षणिक सत्र-2025-26 में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह एवं उससे पूर्व दीक्षोत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों के स-कुशल संपन्न कराए जाने हेतु विभिन्न समितियां का गठन कर दिया गया है, अन्य समितियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. जय सिंह के नेतृत्व में सबसे महत्वपूर्ण समिति विश्वविद्यालय गौरव सम्मान का गठन किया है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार जी द्वारा गठित समिति ने पुरस्कार के लिए आवेदन हेतु विभिन्न नियम और शर्तें तथा निर्देश जारी कर यथाशीघ्र आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव से प्रति हस्ताक्षरित कराकर समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का अनुरोध किया है। समिति ने सर्व-सम्मति से यह भी निर्णय लिया है कि राजभवन के निर्देश और कुलपति जी के मार्गदर्शन में यह पुरस्कार/ सम्मान ए.पी.आई. एवं विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय में विशेष योगदान पर आधारित होगा, इसलिए सेवा अवधि महत्वपूर्ण नहीं है। विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय में विशिष्ट योगदान के प्रत्येक क्षेत्र चाहे शिक्षक हो, खेल हो, कला हो, संगीत हो या प्रशासनिक कार्य इसके लिए दस अंक देय होगा। जहां तक सेमिनार/ कॉन्फ्रेंस का प्रश्न है इसमें शोध-पत्र प्रस्तुत और वाचन के लिए ही अंक देय होगा। सहभागिता पर कोई अंक नहीं दिया जाएगा। सेमिनार/ कॉन्फ्रेंस के लिए यूजीसी के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार कैपिंग लागू की जाएगी। प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण, पुरस्कार/ सम्मान समिति के द्वारा किया जाएगा अंतिम निर्णय माननीय कुलपति महोदय के द्वारा किया जाएगा। पुरस्कार के लिए आवेदन हेतु गूगल फॉर्म पर आवेदन करने के उपरांत समस्त संलग्न को व प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में दिनांक 15 जुलाई 2026 को सायं 4:00 बजे तक उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार कदापि स्वीकार नहीं होगा। महाविद्यालय के शिक्षक द्वारा आवेदन किए जाने की स्थिति में आवेदन-पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित होना चाहिए तथा प्राचार्य अथवा विश्वविद्यालय के शिक्षक द्वारा आवेदन किए जाने की स्थिति में आवेदन पत्र प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होकर ही समिति के समक्ष भेजा जाए। अन्यथा की दशा में आवेदन पत्र पर विचार संभव नहीं है। कुलपति ने कहा कि यह प्रोत्साहन पुरस्कार शिक्षकों की कर्तव्य निष्ठा के लिए विशेष पारितोषिक उपहार है। क्योंकि कुछ शिक्षक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए अपनी अतिरिक्त ऊर्जा खर्च करते हैं तथा बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करते हैं। कुछ शिक्षक तो अपने पूरे सत्र में निर्धारित छुट्टी का भी उपयोग नहीं करते, इसलिए महामहिम राज्यपाल/ कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने निर्णय लिया है कि ऐसे कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों के लिए राजभवन कुछ अलग तरीके से उन्हें सम्मानित करेगा जिससे अन्य शिक्षकों को भी पढ़ने-पढ़ाने और कुशल दायित्व के निर्वहन हेतु प्रोत्साहित किया जा सके।
इसके लिए समिति का गठन कर दिया गया है जिसमें प्रो. जय सिंह ,प्रो. अशहद अहमद डॉ. सर्वेश कुमार कुमार और डॉ. कमलेश कुमार प्रमुख है। समिति को यह भी निर्देश दिया गया है कि पुरस्कार निर्धारण पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए, मूल्यांकन का विवरण भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाए, जिससे किसी प्रकार की कोई भ्रांति उत्पन्न न हो।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा आज की आवश्यकता : मुख्यमंत्री

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि क्वालिटी हेल्थ फैसिलिटी (गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा) आज की आवश्यकता है। इसी के दृष्टिगत वर्ष 2017 के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा के गुणवत्तापूर्ण विस्तार के जरिये सरकार ने प्रदेश के प्रति लोगों के परसेप्शन को बदला है। पूर्व की सरकारों और वर्तमान सरकार के बीच सबसे बड़ा अंतर यही है पहले की सरकार ने हर एक जिले में माफिया पैदा किया और वर्तमान सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा दे रही है।

सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद बेतियाहाता में एस्ट्रोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' दिया था। तबकी सरकार हर जिले में एक माफिया पालती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र का उन्नयन सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समूचे विश्व की सबसे बड़ी स्कीम आयुष्मान भारत संचालित हो रही है। इस स्कीम में जो तबके छूट गए, उन्हें यूपी सरकार ने राज्य स्तर पर कवर किया। इस योजना में लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मुफ्त मिलती है। सीएम योगी ने बताया कि इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए प्रति वर्ष वह 1200 से 1500 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज सरकारी अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। ब्लड सेपरेटर मशीन और डायलिसिस मशीन भी पहली बार गोरखनाथ हॉस्पिटल में ही लगाई गई। आज निजी के साथ ही सरकारी अस्पतालों में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं।

हॉस्पिटल संचालक परिवार के अभिभावक रहे पूर्व मंत्री मार्कण्डेय चंद की स्मृतियों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्गीय चंद गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त थे। वह किसी भी दल में रहे हों, पीठ के प्रति उनका गहरा लगाव और गहरी आस्था थी। हॉस्पिटल के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने भ्रमण कर हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं और उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉस्पिटल परिसर में पूर्व मंत्री स्वर्गीय मार्कण्डेय चंद की प्रतिमा का अनावरण भी किया और पुष्पार्चन कर उनकी स्मृतियों को नमन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए एमएलसी एवं हॉस्पिटल के अध्यक्ष सीपी चंद ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की सुदृढ़ता के लिए देश स्तर पर नजीर पेश कर रहा है। कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। आभार ज्ञापन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. अरुण चंद ने किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, हॉस्पिटल की चिकित्सा निदेशक डॉ. आरती चंद, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सीएम ने पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि से की शिष्टाचार भेंट

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवरिया के पूर्व सांसद, लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। सीएम योगी शुक्रवार शाम सिविल लाइंस गोरखपुर स्थित पूर्व सांसद (देवरिया), पूर्व उप थलसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के आवास पर पहुंचे। यहां श्री त्रिपाठी के पुत्र एवं देवरिया के सांसद शशांक मणि ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आवास के अंदर जाकर श्री त्रिपाठी और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। आत्मीयतापूर्ण भेंट के दौरान सीएम योगी ने पूर्व सांसद और सभी परिवारीजन से बातचीत कर उनका हाल जाना । कुछ समय व्यतीत करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर के लिए रवाना हो गए।

दो भाजपा कार्यकर्ताओं को सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दो दिवंगत भाजपा कार्यकर्ताओं जयप्रकाश राव और विशाल गुप्ता के घर जाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी पहले व्यापारी नेता और भाजपा कार्यकर्ता रहे विशाल गुप्ता के कूड़ाघाट स्थित घर पर पहुंचे। विशाल का विगत दिनों निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने विशाल गुप्ता के पुत्र प्रतीक गुप्ता, विजित गुप्ता, भाई गोपाल गुप्ता, मोहित गुप्ता व अन्य परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद वह आवास विकास कॉलोनी महादेव झारखंडी स्थित जयप्रकाश राव के आवास गए। भाजपा मालवीय नगर मंडल के उपाध्यक्ष रहे जयप्रकाश राव का विगत दिनों निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने स्मृतिशेष राव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया।

जनसमस्याओं का शीघ्र हो समाधान : सीएम

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का शीघ्र समाधान कराएं। लोगों की शिकायतों को संवेदनशीलता से लेकर संतुष्टिप्रद निस्तारण सुनिश्चित कराने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए। सरकार सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने सबकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्रों को पास में खड़े अधिकारियों को हस्तगत कर समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। हृदय रोग से पीड़ित एक महिला से उन्होंने कहा कि इलाज के लिए उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से पर्याप्त आर्थिक सहायता दी जाएगी। सीएम योगी ने जमीन कब्जा से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित और कड़े कदम उठाए जाएं।

ट्रांसफार्मर फटने से बाइक में लगी आग

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बड़हलगंज। बड़हलगंज क्षेत्र के डेरवा चौराहा पर शुक्रवार को 10 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर तेज धमाके के साथ फट गया। इसके बाद ट्रांसफार्मर में आग लग गई और उससे निकली चिंगारी की चपेट में आकर पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल में आग लग गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।

आग की चपेट में आई मोटरसाइकिल राहमुद्दीन खान की होंडा शाइन (नंबर- बीआर 04 आर 4692) थी। आग बुझाने वालों में अभिमन्यु यादव, मैभरा के प्रधान प्रेम प्रकाश सिंह, राणा प्रताप, मनोज सिंह, रामकरण यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की अन्य संपत्तियों को नुकसान होने से बचा लिया गया।

डेरवा मैभरा के प्रधान प्रेम प्रकाश सिंह ने बताया कि उनके घर के सामने लगे हुए ट्रांसफार्मर फटने से मोटरसाइकिल में लगी आग पर लोगों की तत्परता से आग पर क़ाबू पाया लिया गया। उनका कहना है कि मात्र 10 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर होने के बावजूद उस पर अधिक भार डाला जा रहा है। इसके कारण ट्रांसफार्मर आए दिन जल जाता है या उसमें तकनीकी खराबी आती रहती है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में हाल ही में विभाग के उच्च अधिकारियों को भी सूचित किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि समय रहते ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ जाती तो आज की घटना से बचा जा सकता था।

वहीं एसडीओ सुशील कुमार सोनी ने बताया कि ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी के कारण एक मोटरसाइकिल में आग लग गई थी, जिसे ग्रामीणों की तत्परता से तत्काल बुझा दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

प्रशासनिक दायित्वों में हुए फेरबदल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से माननीय कुलपति प्रो अनुपमा कौशिक शर्मा द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक फ़ेरबदल किए गए हैं। भौतिकी विभाग के प्रो डी के द्विवेदी को अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय मामले नियुक्त किया गया है। वे इस दायित्व का निर्वहन प्रो वी के द्विवेदी के स्थान पर करेंगे, जो अब तक अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय मामले के साथ-साथ प्रोफेसर इंचार्ज, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट का दायित्व भी संभाल रहे थे। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्रो आर के चौहान को विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे प्रो एस के सोनी का स्थान लेंगे, जिनका विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यकाल 30 जून, 2026 को पूर्ण हो रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रो एस के सोनी को विश्वविद्यालय का नियंता नियुक्त किया गया है। वे इस दायित्व का निर्वहन प्रो ए के पाण्डेय, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के स्थान पर करेंगे, जो 30 जून, 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की डॉ. शिखा सिंह को सह अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय मामले (एम ओ यू) नियुक्त किया गया है। वे प्रो. प्रभाकर तिवारी, सह अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय मामले (प्रशासन) के साथ मिलकर अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय मामले के समग्र पर्यवेक्षण में कार्य करेंगी।

मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रशासन अलर्ट

कुशीनगर। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने के लिए कुशीनगर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान ताजिया जुलूस मार्गों, संवेदनशील स्थलों एवं प्रमुख चौराहों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने, अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने तथा आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कुशीनगर पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव और शांति के वातावरण में मनाएं तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

छत्रपति साहू जी महाराज के उद्देश्य व संघर्षो से प्रेरणा ले नई पीढ़ी : महेन्द्र

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बस्ती। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष और सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में छत्रपति साहू जी महाराज को उनकी 152 वीं जयंती पर याद किया गया। उपस्थित नेताओं ने छत्रपति साहू जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के बाद उनके योगदान पर चर्चा किया।

सपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र नाथ यादव ने कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने राजा होते हुए भी दलित और शोषित वर्ग के कष्ट को समझा और सदा उनसे निकटता बनाए रखी। उन्होंने दलित वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू की थी। गरीब छात्रों के छात्रावास स्थापित किये और बाहरी छात्रों को शरण प्रदान करने के आदेश दिए। साहू जी महाराज के शासन के दौरान 'बाल विवाह' पर ईमानदारी से प्रतिबंधित लगाया गया। उन्होंने अंतरजातीय विवाह और विधवा पुनर्विवाह के पक्ष में समर्थन की आवाज उठाई थी। इन गतिविधियों के लिए महाराज साहू को कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजमणि पांडेय, विधायक राजेन्द्र चौधरी, मो स्वाले, राजेन्द्र, मो सलीम, आरडी निषाद, राधेश्याम विश्वकर्मा, रामशंकर निराला, हरीश गौतम, संजय गौतम आदि ने कहा कि छत्रपति साहू महाराज ने दलित और पिछड़ी जाति के लोगों के लिए विद्यालय खोले और छात्रावास बनवाए। इससे उनमें शिक्षा का प्रचार हुआ और सामाजिक स्थिति बदलने लगी। परन्तु कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। वे छत्रपति साहू महाराज को अपना शत्रु समझने लगे। उनके पुरोहित तक ने यह कह दिया कि- 'आप शूद्र हैं और शूद्र को वेद के मंत्र सुनने का अधिकार नहीं है। छत्रपति साहू महाराज ने इस सारे विरोध का डट कर सामना किया। ऐसे महापुरूष को सदैव याद करने की आवश्यकता है।

जयंती अवसर पर रमेश गौतम, अजय यादव, भोला पांडेय, युनूस आलम, बलवंत यादव, उर्मिला देवी, लक्ष्मी देवी, गीता भारती, शकुंतला चौरसिया, घनश्याम यादव, अशोक यादव, के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

इसी क्रम में समता मूलक समाज महासभा द्वारा जिलाध्यक्ष डा वीके वर्मा के संयोजन में छत्रपति साहू जी महाराज को उनके 152 जयंती के उपलक्ष्य में याद किया गया। शुक्रवार को दीनबंधु ग्लोबल आईटीआई जिगिना के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने छत्रपति साहू जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही उनके सामाजिक योगदान पर चर्चा किया।

जिलाध्यक्ष डा वीके वर्मा ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने बहुजन समाज को ज्ञानी, संपन्न और उन्नत बनाने के लिए अपने जीवन का एक एक क्षण समर्पित कर दिया। उन्होंने समता मूलक समाज की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। छत्रपति साहू जी महाराज आरक्षण के जनक थे। उन्होंने बहुजन समाज की भागीदारी के लिए पहली बार आरक्षण कानून बनाया। उनके योगदान को सदैव याद किये जाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मस्तराम वर्मा, आरके सिंह पटेल, मायाराम चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, बद्री प्रसाद चौधरी, विद्या सागर, घनश्याम चौधरी, अशोक कुमार वर्मा, ई केसी चौधरी आदि ने छत्रपति शाहू जी महाराज के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने वंचित वर्गों के लिए शिक्षा की व्यवस्था की और शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर शिक्षा फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया।

छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम नरायन चौधरी, विनोद कुमार चौधरी, राकेश कुमार चौधरी, कृपाशंकर चौधरी, दिव्याशु वर्मा, जितेन्द्र चौधरी, सालिगराम वर्मा, दीन बंधु के साथ ही महासभा के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

भटहट के करमहा में ताजियें को लेकर जाते अकीदतमंद।

डीजल टैंकर में ब्लास्ट, दो गंभीर

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कुशीनगर। तमकुहीराज क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक डीजल टैंकर के टंकी में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। इस हादसे में दो मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना उस समय हुई जब टैंकर की मरम्मत और बेल्डिंग का कार्य चल रहा था।

जानकारी के अनुसार, डीजल खाली करने के बाद चालक को टैंकर की टंकी में लीकेज का पता चला था। लीकेज ठीक कराने के लिए चालक टैंकर को एक वर्कशॉप में बेल्डिंग कराने के लिए ले गया। जैसे ही मिस्त्री टंकी की बेल्डिंग का काम शुरू कर रहे थे, उसी दौरान टंकी के अंदर मौजूद ज्वलनशील गैस के कारण अचानक तेज धमाका हो गया।

स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि टैंकर में पहले डीजल मौजूद रहा होगा, जिसके अवशेष और वाष्प टंकी के अंदर रह गए थे। बेल्डिंग के दौरान उत्पन्न चिंगारी से गैस ने आग पकड़ ली

और जोरदार विस्फोट हो गया।

इस हादसे में मिस्त्री तूफानी शर्मा (32 वर्ष), पुत्र रघुनाथ, निवासी गाजीपुर थाना तमकुहीराज, गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट के दौरान उनका एक पैर बुरी तरह टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

दूसरे घायल गुड्डू (35 वर्ष), पुत्र भिखारी, निवासी मखौआ थाना पटहेरवा, जनपद कुशीनगर, भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तमकुहीराज पहुंचाया गया।

सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. दिग्विजय राय ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज कुशीनगर के लिए रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायलों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर मामले की जानकारी ली जा रही है।

युवाओं के सुझावों से तय होगी विकास की नई दिशा : अजय

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बस्ती। हर्रैया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं के साथ विधायक अजय सिंह ने शुक्रवार अपने आवास पर आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, शिक्षा, रोजगार, युवाओं की भागीदारी, आधारभूत सुविधाओं, सामाजिक समरसता तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में युवाओं ने क्षेत्र की समस्याओं और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे। विधायक ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन पर विचार-विमर्श किया और जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि विकास की योजनाओं को प्रभावी बनाने में युवाओं की भागीदारी बेहद

महत्वपूर्ण है। विधायक ने कहा कि हर्रैया विधानसभा और पूरे जनपद का सर्वांगीण विकास, प्रत्येक नागरिक का सम्मान तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्ध और हरित भविष्य का निर्माण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने युवाओं से विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग और समाजहित में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया।

फार्मासिस्ट एसो. कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

बस्ती। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी के एक वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को मण्डलीय कार्यालय रेड स्टार हॉस्पिटल पर विशेष समीक्षा व रणनीतिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मण्डल अध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार के संयोजन तथा जिलाध्यक्ष गिरिजेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से वर्तमान समस्त पूर्ण कार्यकारिणी द्वारा पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यों की सराहना किया गया।

इस अवसर पर संगठन के सुदृढ़ीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार, नए सदस्यों को जोड़ने तथा जनपद में स्थानांतरित होकर आए नए औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार व औषधि अनुज्ञापन अधिकारी दीपा लाल से शिष्टाचार भेंट करने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में पूर्व ड्रग इंस्पेक्टर अरविंद कुमार की विदाई कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया।

बैठक के दौरान अवैध मेडिकल स्टोरों के संचालन पर पूर्णतः रोक लगाने, राज्य सरकार द्वारा नए फार्मासिस्ट कैडर का पुनर्गठन तत्काल प्रभाव से लागू करवाने। फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन' को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कराने पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, जिला सचिव अजय चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी धर्मनाथ, जिला सलाहकार श्याम मोहन चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार, अश्वनी चौधरी, पवन रौनियार, विजय कुमार, वीरेन्द्र चौधरी सहित जनपद के अनेक फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

प्रतापगढ़/श्रावस्ती/बलरामपुर/बहराइच

बेखौफ लुटेरों ने दंपत्ति को बंधक बनाकर की लूट,एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।कुंडा कोतवाली क्षेत्र मे नागरिक सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।बेखौफ बदमाश कहीं व्यवसाई की हत्या कर लाश फेंक रहे है तो कहीं दंपत्ति को बंधक बनाकर लूटपाट कर रहे है।व्यवसाई मन्ने लाल साहू की हत्या मामले मे आज तक केस दर्ज नहीं किया गया,जबकि एसडीएम समेत सीओ को ज्ञापित किया गया।कुंडा कोतवाली अंतर्गत भिटवा जमेठी निवासी रामलाल केसरवानी के घर गुरुवार की देर रात छत के रास्ते घर में घुसे बेखौफ बदमाश लूट कर रहे थे। खटपट की आवाज पर रामलाल की पत्नी सूर्यकली की आंख खुल गई।बदमाशों ने दंपत्ति को बंधक बनाकर मारा पीटा और लाखों की नकदी व गहने समेटे और फरार हो गए।दंपत्ति के बच्चे मुंबई में रहते है।पीड़ित ने सुबह पुलिस को सूचित किया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का मौका मुआयना किया।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर समेत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय व सीओ शिव नारायण बैश ने भी निरीक्षण किया।एसपी ने सख्त निर्देश दिए है कि जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करें।पुलिस ने सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है।

तजिये किये गये कर्बलाओं में सुपुर्द ए खाक

जौनपुर। जनपद में शनिवार को गमगीन माहौल में यौमे आशूरा मनाया गया। इ आंसूओं का नजराने पेश कर ताजियों को अपनी-अपनी कर्बलाओं में सुपुर्द ए खाक कर दिया। इसके बाद अजाखानों में मजलिसें शामे गरीबां आयोजित हुई। नगर के विभिन्न इलाकों में निर्धारित समय के अनुसार ताजिए उठाये गये। जिसके साथ मातमी अंजुमनों ने नौहा और मातम किया। नगर क्षेत्र के अधिकांश ताजिये सदर इमामबारगाह स्थित गंजे शहीदा में सुपुर्द ए खाक किये गये जबकि कुछ ताजिए मोहल्लों की कर्बलाओं में भी सुपुर्द ए खाक हुए। चहारसू चैराहे से उठा जुलूस शिया जामा मस्जिद होता हुआ अपने मुख्य मार्गों से गुजरकर सदर इमामबारगाह पहुंचा। इसी प्रकार इमामबाड़ा शाह अबुल हसन भंडारी, मीर सैयद अली बलुआघाट, कटघरा, मोहल्ला रिजवीं खां, पुरानी बाजार, ताड़तला, बारादुअरिया, यहियापुर, पानदरीबा के ताजिए भी सदर इमामबारगाह स्थित गंजे शहीदा में दफ्न हुए। सिपाह मोहल्ले के ताजिये नबी साहब स्थित गंजे शहीदा में दफ्न किये गये। इसके पूर्व बलुआघाट स्थित शाही किला मस्जिद, मोहल्ला दीवान कबीर, ताड़तला की मस्जिद समेत अन्य स्थानों पर नमाजे आशूरा का आयोजन हुआ। देर शाम सदर इमामबारगाह की ईदगाह मैदान में मजलिसें शामे गरीबां हुई जिसमे शायरों ने अपने अंदाज में कर्बला के शहीदों को नजराने अकीदत पेश किया। मौलाना सै.जोहैरकैन अब्बास नकवी सहारनपुर ने मजलिस को खेताब करते हुए कर्बला में शामे गरीबा का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह हजरत इमाम हुसैन को उनके 71 साथियों के साथ तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया। यजीदी फौजो ने परिवार की महिलाओं बच्चों पर जो जुल्म ढाया उसे कोई नही भुला सकता है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने किया निरीक्षण

जौनपुर। भारतीय रेल के आधुनिकीकरण एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से शुक्रवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता ने स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां अत्यधिक गर्मी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र एयर कंडीशनर (एसी) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बुकिंग एवं आरक्षण कार्यालय का विस्तार किया जाना आवश्यक है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, वाणिज्य निरीक्षक (सुल्तानपुर) विवेक त्रिपाठी तथा आरक्षण पर्यवेक्षक अनुराग तिवारी भी उपस्थित रहे।

खबर एक नजर

दो पर किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 25 जून को सुबह करीब 7 बजे उसकी 16 वर्षीया पुत्री को सूरज उर्फ सागर पुत्र विनोद कुमार निवासी छींटीपुर थाना महेशगंज बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया।आरोपी ने अपनी मौसी रीना पत्नी वीरेन्द्र निवासिनी सराय रायजू की साजिश से घटना को अंजाम दिया।पुलिस ने दो पर अपहरण का केस दर्ज किया है।

बुजुर्ग मां पर जानलेवा हमला करने वाला बेटा गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।कुंडा कोतवाली के कुटिया बहरिया चौसा निवासी रामकृष्ण पुत्र करमचन्द नशेड़ी किस्म का है। घटना 15 जून की की है। रामकृष्ण शराब पीने के लिए अपनी मां से पैसा मांगा,मां ने पैसे देने से इनकार किया तो उसने डंडा से घातक हमला कर घायल कर दिया।पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आरोपी बेटे की तलाश में जुट गई।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रामकृष्ण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चोरी की बाईक के साथ एक गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।उदयपुर थाना अंतर्गत उदयपुर बाजार से 14 जून की शाम वादी की मोटर साइकिल चोरी हो गई,जिस सम्बन्ध मे थाना हाजा पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी।एसएचओ दीप नारायण के नेतृत्व मे एसआई ओम प्रकाश सिंह ने थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी राजकुमार 20 पुत्र हुबलाल निवासी आधार का पुरवा मजरा पेडरिया को कुसौली मार्ग से चोरी की बाईक के साथ गिरफ्तार कर लिया।आरोपी ने बताया कि उक्त मोटर साइकिल को उदयपुर बाजार से फाइली लवकुश 25 पुत्र हरपाल सरोज निवासी बीकापुर मजरा नारायनपुर थाना डीह रायबरेली के साथ मिलकर चोरी किया था।पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त मे सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है और फाइली लवकुश की तलाश कर रही है।

नहर में बहती लाश देख जुटी राहगीरों की भीड़

स्वतंत्र भारत संवाद संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।संग्रामगढ़ थाना अंतर्गत शारदा सहायक नहर मे शुक्रवार को नहर मे अज्ञात लाश बहती देख ग्रामीणों समेत राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लाश देखने से युवक की लग रही थी।लाश की हुलिया काला पैंट व बनियान पहना हुआ है और सिर मुड़ा हुआ व कद काठी सुदृढ़ थी।लाश को नहर मे बहते हुए लोगों ने कुशुवापुर नहर पुलिया पर देखा,जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।पानी मे बहाव होने के कारण धीरे-धीरे खनवारी पुल के पास पहुंचने पर राहगीरों समेत ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस तो लाश आगे बहते हुए निकल गई।

कोर्ट स्टे व्यर्थ,आबादी पर जबरन कब्जा

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।हथिगवां थाना अंतर्गत उपाध्याय का पुरवा की शिव देवी पत्नी ओम प्रकाश का आरोप है कि गाटा संख्या 404 रकबा 0.385 उनकी आबादी की जमीन है जिसका वाद न्यायालय मे विचाराधीन है और उस पर स्थगन आदेश पारित है।आरोप है कि विपक्षी श्याम नारायण आदि जबरन कब्जा कर रहे है।पीड़िता के दरवाजे पर कुंडी लगा दिया। विरोध करने पर विपक्षियों ने रात में ईंट बरसाए।आरोप लगाया है कि एक दारोगा की मिलीभगत से कब्जा किया जा रहा है।एसएचओ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि जांच कराई जा रही है यदि किसी पुलिस कर्मी की भूमिका मिलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

जंजीरी मातम के साथ ताजिया सुपुर्द-ए खाक

स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय ने थाना कुंडा के मझिल गांव एवं शेखपुर आशिक मे ताजिया स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मौके पर तैनात पुलिस ड्यूटी पॉइंट्स का जायजा लिया।सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मोहर्रम का ताजिया पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शेखपुर से रंजो गम के बीच निकला,तो मुस्लिम युवकों की टोली जंजीरी मातम करते हुए मझिल गांव पहुंचे,जहां कर्बला के मैदान पर ताजियों को सुपुर्द-ए खाक कर दिया गया।कुंडा नगर में भी दर्जन पर गांव का ताजिया नगर भ्रमण करने के पश्चात रोडवेज बस अड्डा के बगल दफन कर दिया गया।इसी प्रकार मानिकपुर नगर मे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सड़कों पर मातम करते हुए कर्बला में सभी ताजियों को दफन किया।सकुशल ताजिया दफन होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

दुष्कर्म मामले मे दो गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।मानिकपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट मे दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी भोला 28 पुत्र दयाराम निवासी गौरी थाना बिन्दकी फतेहपुर व बिल्लू उर्फ अभिषेक पुत्र सुख लाल निवासी केशवपुर को भड़चक हाईवे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।दिलीपपुर थाना एसओ बलराम सिंह मय विशेष टीम प्रभारी एसआई विजेंद्र सिंह आदि ने मोटर साइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोरी की चार बाईक के साथ चार आरोपी को दबोच लिया।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खीरी बीर बाबा मन्दिर के पास से आरोपी प्रियांशु वर्मा उर्फ कल्लू 19 पुत्र मूलचंद्र वर्मा निवासी गौसपुर थाना आसपुर देवसरा, नितिन यादव उर्फ रितिक यादव 19 पुत्र विजय बहादुर यादव निवासी नारायनपुर थाना लंभुआ सुल्तानपुर,सूरज मौर्या 20 पुत्र माता प्रसाद मौर्या निवासी भूसाहर थाना पट्टी,सत्यम उर्फ बच्चा वर्मा 19 पुत्र सालिक राम वर्मा निवासी रामपुर बेला थाना पट्टी को चोरी की चार बाईक व एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।सभी आरोपियों के अभी शायद ही दूध के दांत टूटे हों,लेकिन जुर्म ज़रायम की दुनिया मे कदम रख दिया है।

बरसात होने से तापमान में गिरावट

जौनपुर। पिछले पन्द्रह दिनों से पड रही भीषण गर्मी और लू की चपेट से समूचे मछलीशहर तहसील क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त था। शुक्रवार की सुबह आसमान बादलों से घिरा और साढे छः बजे के करीब बारिश का सिलसिला गरज चमक के साथ जारी हो गया।इसी बीच हवा का बहाव थमा रहा। बारिश होने से तापमान में गिरावट आने से गर्मी से फौरी तौर पर राहत मिल गई है। बृहस्पतिवार को परिषदीय विद्यालय खोल दिये गये थे लेकिन भीषण गर्मी के कारण बच्चों की उपस्थिति कम ही रही थी। बारिश से सबसे ज्यादा लाभ धान की नर्सरी को होगा।इस सम्बन्ध में विकास खंड मछलीशहर के बामी गांव के किसान रवीन्द्र सिंह कहते हैं कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से धान की नर्सरी की ग्रोथ बेहद स्लो थी आज के बाद अगर बारिश का सिलसिला आगे भी जारी रहता है तो धान की नर्सरी में जल्द ही रौनक आ जायेगी।

हरपालगंज रेलवे स्टेशन पर मेमू का ठहराव शुरू

जौनपुर। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए शुक्रवार का दिन सौगात लेकर आया। लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने के बाद शिवपुर उतरेटिया मेमू (ट्रेन संख्या 64281/64282) का नियमित ठहराव सिंगरामऊ क्षेत्र के हरपालगंज रेलवे स्टेशन पर शुरू हो गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने ट्रेन संख्या 64281 शिवपुर उतरेटिया मेमू को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को वाराणसी और लखनऊ की ओर यात्रा करने में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही स्थानीय व्यापार, शिक्षा और रोजगार से जुड़े लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ मंडलीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, ग्राम प्रधान एवं व क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।रेलवे अधिकारियों ने बताया कि हरपालगंज स्टेशन पर मेमू ट्रेन के ठहराव से आसपास के गांवों के हजारों यात्रियों को अब बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी और उन्हें अन्य स्टेशनों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी

मुठभेड़ में लगी गोली,तीन पिस्टल बरामद

जौनपुर। जिले में अवैध असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस को सफलता मिली है। शुक्रवार को थाना केराकत, गौराबादशाहपुर पुलिस, सओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड के दौरान गैंग लीडर शैलेश यादव के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके तीन अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, मोहर्रम पर चेकिंग अभियान के दौरान सूचना मिली कि बगधरी नहर पुलिया पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर चार बदमाश केराकत की ओर भाग रहे हैं। सूचना मिलते ही मल्लूपुर नहर पुलिया पर घेराबंदी की गई। पुलिस ने जब संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में गैंग लीडर शैलेश यादव के बाएं पैर में गोली लगी, जबकि बाकी तीन आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त का संगठित गिरोह चलाते हैं और भारी मात्रा में हथियार सप्लाई करने जा रहे थे। पुलिस ने मौके से 3 देशी पिस्टल, 10 तमंचे, कारतूस, 2 मोटरसाइकिल और 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।घायल शैलेश यादव को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरामदगी के आधार पर थाना केराकत में मुकदमा दर्ज कर पुलिस गिरोह के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

अवैध मिट्टी खनन पर प्रहार,जेसीबी सीज

स्वतंत्र भारत संवाद प्रतापगढ़।जनपद के करीब प्रत्येक थाना क्षेत्रों मे अवैध मिट्टी खनन करने वालों का बोलबाला है।सरकारी तालाब चरागाह ऊसर बंजर आदि भूमि की मिट्टी को जिम्मेदारों की मिलीभगत से बेचकर लाखों कमाकर चौक चौराहों पर रंगबाजी करते हुए देखे जा सकते है,यही नहीं इन्हें राजनीतिक संरक्षण भी मिल जाता है।सूत्रों की माने तो प्रत्येक थाना क्षेत्रों मे चलने वाली जेसीबी संचालकों से मोटी वसूली होती है।पट्टी तहसील एसडीएम व सर्किल सीओ मनोज कुमार रघुवंशी की संयुक्त कार्रवाई मे बीबीपुर बाराडीह मे अवैध मिट्टी खनन कर रहे जेसीबी मशीन व डंपर को सीज कर दिया है।दूसरी तरफ एक बीएमडब्लू लग्जरी कार पर लगी ब्लैक फिल्म हटवाते हुए वाहन स्वामी पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

अवैध मिट्टी खनन कर लाखों कमाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

सूर्यभान का 'मॉडल आम बाग बना उदाहरण

जौनपुर। विकास खण्ड सिकरारा अंतर्गत ग्राम विशुनपुर (लाला बाजार) निवासी प्रगतिशील कृषक सूर्यभान यादव ने अपनी मेहनत और उद्यान विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन से ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है। आज उनका आम का बाग जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। सूर्यभान यादव वर्षों से कृषि एवं बागवानी कार्यों से जुड़े रहे हैं। उनके पास पहले से आम का पारंपरिक बाग था, लेकिन उन्होंने इसे आधुनिक तकनीकों और दुर्लभ प्रजातियों के समावेश से एक नई पहचान देने का संकल्प लिया। उनके पुत्र अनिल यादव की बागवानी के प्रति विशेष रुचि ने इस प्रयास को और गति प्रदान की। आम प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाकर उन्होंने अपने एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के बाग में विभिन्न किस्मों का संग्रह एवं संरक्षण प्रारम्भ किया। आज उनके बाग में मियाजाकी, कियो सैतो कप्पात, रेड आइवरी, ब्लूई किंग, एप्पल मैंगो, ताइवानी रेड सहित लगभग 140 उन्नत एवं दुर्लभ आम प्रजातियाँ सफलतापूर्वक विकसित हो रही हैं। यह बाग विविधता संरक्षण और आधुनिक बागवानी का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। मुख्य विकास अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी एवं उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी इस बाग का निरीक्षण कर इसकी सराहना की जा चुकी है। किसानों को नवाचार अपनाने और वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करने में यह मॉडल बाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कृषक की मेहनत, नवाचार और उद्यान विभाग के साथ सफल समन्वय को देखते हुए श्री सूर्यभान यादव को 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026' में सम्मानित किए जाने हेतु नामित किया गया है।

बच्चे समाज की नींव के पत्थर : जीएस तिवारी

जौनपुर । बच्चों को बचपन से ही बाल संगत से जोडना आवश्यक है। बाल संगत में आने से बच्चों का सार्वभौमिक व आध्यात्मिक विकास होता है तथा वे प्यार, नम्रता व सहनशीलता जैसे दैवीय गुण ग्रहण करते हैं। यही गुण उनके अपने कैरियर और मिशन में आगे बढने का मार्ग प्रशस्त करता है। बच्चे मन के सच्चे होते हैं, उनमें बैर, इर्ष्या, द्वेष आदि बुराइयां नहीं होती। आज के बच्चे आने वाले अच्छे समाज की नींव के पत्थर हैं जो आगे चलकर सुदृढ तथा उंच- नीच की भावना से उठकर स्वच्छ समाज का निर्माण करने में सक्षम होंगे। आप चाहे तो उन्हें प्यार, मिल वर्तन, भाईचारा आदि अच्छी भावनाएं सीखाकर एक अच्छा नागरिक और इंसान बना सकते हैं। संस्कारवान बच्चे ही देश व समाज का भविष्य उज्जवल बनाते हैं। उक्त उद्गार मडियाहूं पडाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रांगण में जोन स्तरीय निरंकारी बाल समागम के अवसर पर संबोधित करते हुए लखनऊ से आए जी, एस, तिवारी केंद्रीय ज्ञान प्रचारक ने व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि जब बच्चे सत्संग में आते हैं तो रहने का तरीका बदल जाता है। आज संत निरंकारी मिशन बच्चों के मानसिक, शारीरिक, नैतिक गुणों के साथ-साथ आध्यात्मिक चेतना के विकास पर भी निरंतर बल देता आ रहा है। मिशन के अंतर्गत बच्चों को शुरू से ही बाल संगतो के माध्यम से उनके अंदर व्याप्त गुणों को उजागर किया जाता है जिससे वे होनहार बालक बन सके। देशभर में निरंकारी यूथ एवं बाल समागम का आयोजन किया जा रहा है। बच्चे हमारे देश के भविष्य होते हैं और समाज की रीढ होते है। अगर इन बच्चों को सही मार्गदर्शन और सही संस्कार देना आज से ही शुरू कर दिया जाए तो यह बच्चे ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं और समाज का स्वरूप सुंदर और सकारात्मक बना सकते हैं। बच्चों और युवाओं ने गीत ,भजन, कविताएं, और लघु नाटक के साथ प्रेरक विचार व्यक्त कर निरंकार प्रभु और सत्संग से जुड़े रहने की सीख दी। अमरनाथ विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

आठ तक के स्कूलों का समय परिवर्तित

जौनपुर। जनपद में पड रही भीषण गर्मी और तापमान में वृद्धि के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड रहे प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन के आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर ने सभी बोर्डों के आठवीं तक के विद्यालयों के समय को परिवर्तित कर दिया है। विद्यालयों में शनिवार से अग्रिम आदेश तक अब कक्षाएं सुबह सात बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक चलेंगीं। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अन्य कार्यों को सम्पन्न करेंगे।

उ0 प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

"ई–निविदा विशिष्टीकरण संख्या एस०ई०–1032 के अन्तर्गत "अन्तर्गत 1.1 के०वी० पी०वी०सी० एच०आर०एल०एस० अनआर्मर्ड कापर कन्ट्रोल केबिल" हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की गयी है।

बिड नं० : GEM/2026/B/7697509, बिड पोर्टल : bidplus.gem.gov.in, निविदा का प्रकार : खुली ई–निविदा, धरोहर धनराशि : रू० 0.75 लाख, मुख्य विवरण : निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि : 24.06.2026, 14:23 निविदा समाप्त होने की तिथि: 14.07.2026, 20:00, निविदा तकनीकी भाग–प्रथम खुलने की तिथि : 14.07.2026, 20:30

टिप्पणी :– निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि संशोधन / शुद्धिपत्र / कोरिजेन्डम आदि हेतु जेम–पोर्टल का नियमित अवलोकन करते रहें।

ई–मेल : seesdc1@upptcl.org, सम्पर्क नं० : 91 9415220628

मुख्य अभियन्ता, (कार्य एवं परि0) वि०उ०परि०म०प्र०, यू०पी०पी०टी० सी०एल०, विद्युत उपकेन्द्र परिकल्पना मण्डल–प्रथम, 13वीं तल, शक्ति भवन विस्तार, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

No. 108-ESDC-I (G.S.)/Tender Notice Dated: 25.06.2026

"Save Electricity for Nation"

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, शनिवार 27 जून 2026

प्रयागराज

कौशाम्बी /प्रयागराज

या हुसैन की सदाओं के बीच निकला ताजिया जुलूस, कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक

लोटाढ़ में मोहर्रम पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, शांति व्यवस्था रही चाक-चौबंद

स्वतंत्र भारत मेजा, प्रयागराज। मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के लोटाढ़ गांव में अकीदतमंदों ने पूरे एहतराम और अकीदत के साथ ताजिया जुलूस निकाला। जुलूस इमाम हुसैन चौक से शुरू होकर लोटाढ़ बाजार मार्ग होते हुए जरार के पुरवा गांव के मैदान पहुंचा, जहां से ताजियों को गांव लोटाढ़ स्थित कर्बला ले जाया गया। वहां धार्मिक परंपरा के अनुसार उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

जुलूस में लोटाढ़, जरार, उसकी, चमनगंज व पुरवा गांव के ताजिए एक साथ शामिल होकर विशाल रूप में नजर आए। पूरे मार्ग पर ह्वया हुसैन, या हुसैनह्व की सदाएं गूंजती रहीं और मातमी माहौल में अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। जुलूस में शामिल युवाओं ने पारंपरिक अंदाज में लाठी-कला के करतब प्रस्तुत किए, वहीं ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच जुलूस आगे बढ़ता रहा।

हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने शांति, भाईचारे और देशभक्ति का संदेश दिया। जुलूस के दौरान अनुशासन और मर्यादा का विशेष ध्यान रखा गया। ताजिया कारीगर मोहम्मद उस्ताद व मोहम्मद हुसनैन ने बताया कि मोहर्रम त्याग, बलिदान और सब्र का प्रतीक है। कर्बला की कुर्बानी आज भी इंसाफ और सच्चाई के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि यह परंपरा गांव में पीढ़ियों से चली आ रही है। उनके पिता स्व. सज्जाद हुसैन उर्फ गामा भी ताजिया निर्माण से जुड़े रहे और अब नई पीढ़ी इसे आगे बढ़ा रही है।

वरिष्ठ समाजसेवी सनवर अली (लोटाढ़) ने बताया कि मोहर्रम का पर्व त्याग, बलिदान और सच्चाई की राह पर चलने की सीख देता है। अजादारी, मजलिस और मातम हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करने और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह पर्व इंसाफ, सब्र और इंसानियत के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है।

मेजा क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। जुलूस के दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों की सहभागिता भी देखने को मिली। कर्बला स्थल पर मातमी कार्यक्रमों के बीच हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद कर खिराज-ए-अकीदत पेश की गई।

जुलूस के बाद लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की और विभिन्न प्रकार के मिष्ठानों का आनंद लिया।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी मेजा दीनदयाल सिंह व चौकी प्रभारी हरिओम सिंह पुलिस बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद रहे। जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महफूज अली (मुजावर), नूर आलम उर्फ डंगर (मुजावर), मोहम्मद उस्ताद, मोहम्मद हुसनैन, सनवर अली, मेराज अली, जब्बार अली, अच्छन अली, माशूक अली, मोहम्मद श्यामूलहक, मोहम्मद शेबू, मोहम्मद नौशाद,मोहम्मद सैनूर, अरशद अली, वरिष्ठ समाजसेवी अवधेश सिंह,ग्राम प्रधान लोटाढ़ मुलायम यादव,पूर्व प्रधान लोटाढ़ ज्ञानचंद वर्मा, मोहम्मद वहीद, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद तोराब अलमदार, मोहम्मद मुकीम, मोहम्मद एकलाख, मोहम्मद चांदबाबू, मोहम्मद रूखसाद, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद सद्दाम उर्फ गोलू, मोहम्मद नाजीब उर्फ बबलू, मोहम्मद सरवर, मोहम्मद रोशन, मोहम्मद शहनवाज, मोहम्मद खालिक सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

नशामुक्ति समाज के निर्माण हेतु लें सामूहिक संकल्प : अजितेश मिश्रा

स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी। जनपद में आज दिनांक 26.06.26 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय कौशाम्बी के तत्वाधान में जिला कारागार जनपद कौशाम्बी में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 26 जून अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अजितेश मिश्रा के द्वारा जेल में मौजूद बन्दियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों तथा इनके अवैध व्यापार से होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी हानियों के प्रति जागरूक किया गया। तथा यह भी कहा गया कि अगर आपको कोई नशे का सेवन करने के लिए कहे तो आप तुरन्त वहां से हट कर अपने आप को किसी अन्य कार्य जैसे पढ़ाई, खेलकूद, घर का कार्य, पानी पीना आदि कर लेना चाहिये जिससे आपकी नशा करने की लत भी छूट जायेगी और आप कार्य भी पूरा हो जायेगा। प्रशासन ने बन्दियों से अपील की कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार या तस्करी की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित विभाग या पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा सके। चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल अमित मिश्रा ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज– तीनों के लिये घातक है। युवाओं को नशे से दूर रखते हुए शिक्षा, खेल, कौशल विकास और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। सभी बन्दियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया गया। और कहा कि नशे पर अत्यधिक खर्च होने से आर्थिक स्थिति खराब होती है, कर्ज बढ़ सकता है और रोजगार प्रभावित हो सकता है।

शिक्षा एवं करियर पर असर पड़ता है।विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है, जबकि नौकरीपेशा लोगों की कार्यक्षमता घटती है और नौकरी जाने का खतरा बढ़ जाता है।

नशे की लत चोरी, हिंसा, सड़क दुर्घटनाओं और अन्य अपराधों की संभावना बढ़ा सकती है।

व्यक्ति का समाज में सम्मान कम होता है और सामाजिक सम्बन्ध कमजोर पड़ जाते हैं। नशे की लत की वजह से युवाओं की प्रतिभा, शिक्षा, करियर और जीवन के लक्ष्यों को गम्भीर रूप से नुकसान पहुँचा सकती है। पी एल वी अमरदीप दिवाकर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि नियमित नशे के सेवन की वजह से आपके स्वास्थ्य पर इसका बुरा दुष्प्रभाव पड़ सकता है जैसेझ्रहृदय, फेफड़े, लीवर, किडनी और मस्तिष्क को गम्भीर नुकसान हो सकता है। मानसिक रोग, अवसाद और चिन्ता जैसी समस्याएँ भी बढ़ती हैं। याददाश्त कमजोर होना, निर्णय लेने की क्षमता घटना, चिड़चिड़ापन, तनाव और आत्महत्या का जोखिम बढ़ सकता है।

कार्यक्रम का संचालन पी एल वी अमरदीप दिवाकर ने तथा धन्यवाद ज्ञापन पी एल वी निलेश कुमार ने दिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कौशाम्बी अजितेश मिश्रा, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल अमित मिश्रा, जेलर राजेश राय, डिप्टी जेलर चन्द्रावती, कुन्ती दोहरे सदानन्द सिंह एवं पैरा लीगल वालण्टियर अमरदीप दिवाकर एवं निलेश कुमार सहित समस्त बन्दी मौजूद रहे।

कुकुरकुटवा में शोकाकुल परिवार से मिला प्रतिनिधिमंडल

प्रयागराज। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष/सह केंद्रीय मंत्री भारत सरकार चिराग पासवान के निदेशानुसार उत्तर प्रदेश प्रभारी/सह सांसद माननीय अरुण भारती एवं प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजीव पासी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल दिनांक 26.06.2026 को समय 11:00 बजे ग्राम सभा कुकुरकुटवा थाना मेजा जनपद प्रयागराज शोकाकुल परिवार से मुलाकात किया एवं तीनों लोगों को आर्थिक राशि का सहयोग किया गया।

दिनांक 16.06.2026 को सपा के गुंडों द्वारा गुप्ता (तेली)समाज के एक ही परिवार के 3 लोगों को बेरहमी से हत्या कर दी गई थी जिससे मौके पर ही तीनों लोगों की मौत हो गई थी। पूर्व में भी सपा के गुंडों द्वारा भदोही जनपद में जैसलाल सरोज जी के ऊपर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया था और प्रयागराज जनपद में हिमांशु पासी जी को सपा के गुंडों द्वारा ही दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई है। कौशांबी जनपद में 4 लोगों की हत्या कर दी गई थी सपा के गुंडों द्वारा।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से:- अरुण भारती उत्तर प्रदेश प्रभारी/सह सांसद।, धीरेंद्र सिंह मुन्ना राष्ट्रीय प्रवक्ता/सह मीडिया प्रभारी।, राजीव पासी प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश।, श्रीमती कमला कुमारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष।, धनंजय दुबे प्रदेश संगठन महामंत्री।, आशुतोष सिंह गहरवार प्रदेश महासचिव।,. जितेंद्र पासी प्रदेश महासचिव।, प्रशांत श्रीवास्तव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रभारी MLC वाराणसी।, अवनीश तिवारी प्रदेश सचिव।, रामविलास पासी प्रदेश सचिव।, विनय कुशवाहा जिलाअध्यक्ष प्रयागराज।, बिजेंद्र राय मंडल अध्यक्ष मिजार्पुर।, विनीत सिंह मंडल अध्यक्ष प्रयागराज।, आशीष पटेल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य।, संजीव पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ।, शिवम मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ।, प्रीति उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ।, देवेंद्र तिवारी प्रदेश प्रधान महासचिव युवा प्रकोष्ठ।, रामभवन गहलोत प्रदेश अध्यक्ष लेबर सेल, हैदर अब्बास प्रदेश सचिव। व संभाशंकर दुबे जिला अध्यक्ष मिजार्पुर शामिल रहे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतिम चरण में, आवेदन में तेजी

स्वतंत्र भारत प्रयागराज ब्यूरो। नैनी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है, जिसके चलते आवेदन करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कुल 1 करोड़ आवेदन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें जब तक 75 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। बढ़ती जागरूकता और योजना के लाभों को देखते हुए लोगों में, लोगों का उत्साह लगातार बह रहा है। योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2027 निर्धारित की गई है। इच्छुक नागरिकों से अनुरोध है कि वे समय रहते अपना आवेदन पूरा करें और योजना का लाभ प्राप्त करें।

हम अवसर पर RAHYNI Solar की ओर से उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और विश्वननीय मेवाओं का आश्वासन दिया गया है, ताकि ग्राहकों को बेहतर अनुभव और दीर्घकालिक लाभ मिल सके।

अपना आवेदन जल्द से जल्द भरें और स्वच्छ ऊर्जा के साथ बचत की दिशा में कदम बढ़ाएं।

RAHYNI Solar ने गुड फील फैक्टर के तहत 3 नए सोलर आउटलेट खोलने का लिया निर्णय

स्वच्छ ऊर्जा और बेहतर ग्राहक सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से RAHYNI Solar ने गुड फील फैक्टर के तहत तीन नए मोलर आउटलेट शुरू करने का निर्णय लिया है। ये नए आउटलेट Jaunpur, Pratapgarh और Gohania में शुरू किए जाएंगे।

इन नए RAHYNI Solar आउटलेट्स पर ग्राहकों को Tata Power Solar और Havells के सोलर उत्पादों से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही ग्राहकों को उत्पादों की विशेषताएं, गुणवत्ता, तकनीकी जानकारी तथा उनकी जरूरतों के अनुमार उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

RAHYNI Solar का उद्देश्य ग्राहकों तक विश्वसनीय जानकारी और गुणवत्तापूर्ण सोलर समाधान पहुंचाना है, जिसमे अधिक से अधिक लोग मौर ऊर्जा को अपनाकर लाभ प्राप्त कर सकें।

L&T SuFin और RAHYNI Solar की माझेदारी से उत्तर प्रदेश के छोटे उद्यमियों के लिए नए व्यापार अवसर

उत्तर प्रदेश में छोटे और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को मशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में L&T SuFin और RAHYNI Solar की हुई साझेदारी के तहत छोटे उद्यमियों के लिए नए अवसरों के द्वार खुल रहे हैं। इस महयोग का उद्देश्य व्यापार विस्तार, वित्तीय सहायता और सौर ऊर्जा क्षेत्र में व्यवसायिक संभावनाओं को बढ़ावा देना है।

इस पहल के अंतर्गत RAHYNI Enterprises से जुड़े उद्यमियों को 20 लाख रुपये से अधिक तक की चैनल फाइनेंस सुविधा उपलब कराई जाएगी, जिससे व्यापारियों को कार्यशील पूंजी, स्टॉक प्रबंधन और कारोबार विस्तार में सहायता मिलेगी। L&T SuFin MSMES के लिए वित्तीय, व्यापार और मप्लाई चेन समाधान प्रदान करने वाला एक B2B प्लेटफॉर्म है।

यह माझेदारी उत्तर प्रदेश के छोटे व्यवसायों को सौर ऊर्जा क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा नए उद्यमियों को व्यापारिक अवसर उपलब्ध की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

निर्जला एकादशी पर मानव सेवा के साथ पक्षी संरक्षण का दिया संदेश, महिला पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं को बांटा शरबत

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। निर्जला एकादशी के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण समूह की महिला पदाधिकारियों ने सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय एवं मीठे शरबत का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन की अध्यक्ष मधु श्रीवास्तव ने की। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को शीतल पेय उपलब्ध कराया गया। इस सेवा कार्य में जिला सचिव रुपाली सरकार, पुष्पा देवी, वर्षा गुप्ता, डॉर्थी मुखर्जी, स्वाति दास, प्रसन्न केसरवानी, उषा साहू, पूनम वार्ष्णेय, चेतना राजपूत, चित्रा भद्रा, संदीप अवधिया, गौतम डे, काकोली, संध्या राय, सुचित्रा पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर संगठन की महिला पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की कि भीषण गर्मी के दौरान अपने घरों की छतों एवं आसपास पक्षियों और गिलहरियों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करें, ताकि उन्हें राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान संगठन की ओर से केंद्र एवं प्रदेश सरकार से राष्ट्रीय योजनाओं में संस्था की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने की मांग भी उठाई गई। पदाधिकारियों का कहना था कि इससे संगठन सामाजिक सेवा और जनकल्याण के कार्यों में अधिक प्रभावी योगदान दे सकेगा।

हल्की बारिश में ही सर्किट हाउस के पास नेशनल हाइवे पर भरा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

स्वतंत्र भारत सिराथू कौशाम्बी। जनपद में पहली बार हुई हल्की बारिश में ही मां शीतला अतिथि गृह (सर्किट हाउस) के पास नेशनल हाइवे की सर्विस रोड पर जलनिकासी नहीं होने से जलभराव की स्थिति बन गयी है,जलभराव होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मां शीतला अतिथि गृह सर्किट हाउस के बाहर नेशनल हाइवे पर कमासिन बायपास की सर्विस रोड पर पहली बारिश में ही जलभराव की स्थिति बन गयी है।सड़क पर पानी भर गया है,जिससे लोगों को आने जाने में समस्या हो रही है,स्कूली बच्चों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है,जिम्मेदारों एवं ठेकेदार द्वारा सड़क से ऊपर नाला बना दिये जाने के चलते पानी नाले में नहीं जा रहा है और सड़क पर भरा हुआ है।इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है,ग्रामीणों ने प्रशासन से इस सम्बन्ध में कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

कोखराज टोल प्लाजा पर एलपीजी गैस टैण्कर में लगी भीषण आग में चालक की मौत, दर्जनों झुलसे

दमकल कर्मियों ने 2 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, दर्जनों बाइक चार पहिया गाड़ी टोल प्लाजा के तीन जनरेटर सहित एक करोड़ की सम्पत्ति जलकर खाक

स्वतंत्र भारत कोखराज कौशाम्बी। जनपद के कोखराज बाईपास स्थित टोल प्लाजा पर शुक्रवार करीब 6:30 बजे एलपीजी गैस से भरा टैण्कर डिवाइडर से टकराने के बाद आग का गोला बन गया। हादसे में टोल प्लाजा पर तैनात 7 कर्मचारी सहित दर्जनों लोग झुलस गए। आग की ऊंची लपटों से टोल के 3 बूथ जनरेटर दर्जनों बाइक कई चार पहिया गाड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गये।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,कानपुर की ओर से बनारस कोलकाता की ओर जा रहा गैस टैण्कर अचानक अनियन्त्रित होकर टोल की लेन-3 के डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर से गैस का रिसाव शुरू हुआ और कुछ ही सेकण्ड में टैण्कर ने भीषण आग पकड़ ली। आग फैलते ही टोल पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार के बीच कर्मचारी जान बचाकर भागे। टैण्कर में आग लग जाने के बाद टैण्कर के चालक व खलासी ने भी कूद कर जान बचाई है सूचना पर कोखराज मंझनपुर व भरवारी से दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। एसपी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ सिराथू और थाना प्रभारी कोखराज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। करीब दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद बिकराल आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर दोनों ओर 5 किमी लम्बा जाम लग गया सभी झुलसे घायलों को पहले नजदीकी सीएचसी ले जाया गया,जहां से 4 गम्भीर हालत वाले कर्मियों को जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया गया। पांच घायलों की हालत ज्यादा गम्भीर होने पर उन्हें स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

घायलों में राजेश उम्र 32 वर्ष वा सोनू उम्र 28 वर्ष वा अरविंद उम्र 35 वर्ष वा पिंटू उम्र 30 वर्ष वा मुकेश उम्र 29 वर्ष वा रामबाबू उम्र 40 वर्ष वा जितेन्द्र उम्र 26 वर्ष सभी कोखराज क्षेत्र के निवासी वा हीरामणि सिंह उम्र 29वर्ष पुत्र विरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी राजापुर कुंवर मऊ सलोन नसीराबाद रायबरेली वा आलोक सिंह उम्र 27 वर्ष पुत्र अर्जुन सिंह निवासी पूरे भदोरियन थाना सलोन जनपद रायबरेली वा अतुल कुमार मिश्रा उम्र 30 वर्ष पुत्र रामायण मिश्रा निवासी वार्ड नम्बर 15 नियर हैण्ड पम्प गोरेहटा भरासियन टोला रीवा मध्य प्रदेश वा कृष्णपाल मौर्य उम्र 23 वर्ष पुत्र पुष्पराज मौर्य निवासी में रोड बासी ललितपुर वा अनिल पुत्र रामकुमार सिंह निवासी जराऊं बिझऊनियापुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज इन सभी घायलों को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया है जिसमें हीरामणि सिंह आलोक सिंह और अनिल इनकी हालत गम्भीर है बताया जाता है।

सीओ सिराथू ने बताया कि टैण्कर चालक की वाहन के अन्दर ही मृत्यु हो गयी है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया है टैण्कर को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया चालक को झपकी आने से हादसा होना माना जा रहा है। गनीमत रही कि टैण्कर में ब्लास्ट नहीं हुआ,वरना जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था।मौके पर एसपी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ सिराथू सतेन्द्र तिवारी व एसओ कोखराज पुलिस की टीम राहत व बचाव में लगी रही फिलहाल टोल प्लाजा पर यातायात बहाल कर दिया गया है। आग से टोल को लाखों के नुकसान का अनुमान है।

मुहर्रम जुलूस के दौरान करंट से किशोर की मौत

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सेवई मंडी इलाके में शुक्रवार सुबह मुहर्रम की नौवीं के जुलूस के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। बारिश के बीच निकले जुलूस के दौरान सड़क किनारे लगे बिजली के पोल में अचानक करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर मोहम्मद हमजा गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बिना देर किए उसे पहले कॉल्विन अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बहादुरगंज निवासी मोहम्मद हमजा, पुत्र काशिम के रूप में हुई है। घटना के बाद जुलूस में अफरा-तफरी मच गई और परिवार में कोहराम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र शुक्ला ने बताया कि किशोर की मौत करंट लगने से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सेवारत शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्ति हेतु सांसद को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत संवाददाता कौशाम्बी। जनपद में सेवारत शिक्षकों से टेट अनिवार्यता समाप्त किए जाने को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देश पर कौशाम्बी सांसद पुष्पेन्द्र सरोज से उनके आवास पर मिलकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, कौशाम्बी ने ज्ञापन सौंपा। महासंघ के जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में सांसद से भेंट कर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता एवं उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों से टेट अनिवार्यता समाप्त के विषय में विस्तार से चर्चा की और इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिये इस अति महत्वपूर्ण विषय को संसद के मानसून सत्र में उठाकर विधायी संशोधन करवाने का अनुरोध किया।प्रतिनिधिमण्डल ने सांसद के समक्ष शिक्षक समाज की चिन्ताओं, विधिक तथ्यों, प्राकृतिक न्याय एवं मानवीय पक्ष को रखा। महासंघ के जिला सहसंयोजक अवनीश मिश्र की ओर से सांसद से आग्रह किया गया कि, इस विषय पर शिक्षक हितों की रक्षा करते हुए न्यायसंगत एवं संवेदनशील निर्णय लिया जाये। सांसद पुष्पेन्द्र सरोज द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि इस मुद्दे को मानसून सत्र में पुरजोर तरीके से संसद में उठाकर समस्या का समाधान करवाया जायेगा। इस मौके पर शेष कुमार दुबे, रघुनाथ द्विवेदी, अनूप कुमार वर्मा, रेनू यादव, श्वेता चौधरी, प्रियंका, किरण मिश्र, मालती देवी, आलोक द्विवेदी, रामकृष्ण साहू, दीपक सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, रामरतन, बालचन्द्र, शिवभरोश शर्मा समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

प्रयागराज का पहला अस्पताल बना नाजरेथ हॉस्पिटल, जिसे प्राप्त हुआ NABH

स्वतंत्र भारत प्रयागराज। नाजरेथ हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम दर्ज करते हुए प्रयागराज (इलाहाबाद) का पहला एवं एकमात्र अस्पताल बनने का गौरव प्राप्त किया है, जिसे प्रतिष्ठित NABH Nursing Excellence Certification प्रदान किया गया है।

अप्रैल 2026 में नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (NABH) द्वारा नर्सिंग उत्कृष्टता का मूल्यांकन किया गया था। इसके उपरांत 25 जून 2026 को NABH ने नाजरेथ हॉस्पिटल को उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं, गुणवतापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तथा मरीजों की सुरक्षा के उच्च मानकों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के लिए आधिकारिक रूप से NABH Nursing Excellence Certification प्रदान किया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नाजरेथ हॉस्पिटल के निदेशक रेव. फादर विपिन डी'सूजा ने अस्पताल की क्वालिटी टीम एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ को हार्दिक बधाई देते हुए उनके समर्पण, अथक परिश्रम और उत्कृष्ट सेवा भावना की सराहना की।

उन्होंने कहा यह उपलब्धि हमारे नर्सिंग स्टाफ, क्वालिटी टीम तथा अस्पताल के सभी कर्मचारियों के दिन-रात के अथक प्रयासों, समर्पण और टीमवर्क का परिणाम है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने ही हमें यह गौरवपूर्ण सम्मान दिलाया है।

फादर विपिन ने अस्पताल के प्रशासक रेव. फादर इसिडोर डी'सूजा के प्रभावी नेतृत्व एवं मान्यता प्रक्रिया के दौरान उनके महत्वपूर्ण योगदान की भी विशेष सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि नाजरेथ हॉस्पिटल सदैव स्वास्थ्य सेवाओं में सर्वोच्च गुणवत्ता मानकों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। अस्पताल को नवंबर 2024 में Full NABH Accreditation प्राप्त हुआ था तथा नवंबर 2025 में इसकी पैथोलॉजी प्रयोगशाला को NABL Accreditation भी प्रदान किया गया। अब NABH Nursing Excellence Certification प्राप्त होना नाजरेथ हॉस्पिटल के गौरवशाली इतिहास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा उसकी उपलब्धियों में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है। नाजरेथ हॉस्पिटल करुणामयी, सुरक्षित एवं एविडेंस-बेस्ड (Evidence-Based) नर्सिंग सेवाएं प्रदान करने तथा समुदाय को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के अपने संकल्प के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। अस्पताल प्रबंधन ने पुनः विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी मरीजों की देखभाल, क्लिनिकल उत्कृष्टता तथा रोगी सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल नाजरेथ हॉस्पिटल की उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि उत्तर प्रदेश में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं, उच्च गुणवत्ता वाली नर्सिंग प्रैक्टिस तथा मरीज-केंद्रित चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में उसकी पहचान को और अधिक सुदृढ़ करता है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

सही कदम

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। हर साल वहां लाखों श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। वे यहां शांति और सुख समृद्धि की कामना करते हैं तथा अपनी श्रद्धा के अनुरूप धन एवं अन्य सामग्रियां दान करते हैं। उनका उद्देश्य होता है कि इस चढ़ावे का उपयोग धार्मिक-सामाजिक कार्यों में किया जाएगा जिससे उनके प्रभु की कीर्ति और फैले। ऐसे व्यापक जन विश्वास पर आघात करते हुए चढ़ावे की दान राशि एवं अन्य सामग्रियों की चोरी की खबर स्तब्धकारी है। मामला तूल पकड़ने से पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने आरोपों की जांच के लिए विशेष जांच दल यानी एसआईटी का गठन किया जिसने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी है। बताया जा रहा है कि रिपोर्ट में दान राशि और कीमती सामानों के प्रबंधन में कमियों का जिक्र करते हुए एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की गई जिसे मानते हुए बृहस्पतिवार को यह काम कर भी दिया गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है जिसके लिए गोपनीयता बनाए रखने को मुख्य कारण बताया गया है। हालांकि कई लोग इस निर्णय से सहमत नहीं हैं। उनका तर्क है कि अगर मंदिर के वित्तीय प्रबंधन में किसी तरह का हेरफेर कर करोड़ों लोगों की आस्था के साथ धोखाधड़ी की गई है तो इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा आम श्रद्धालुओं को भी इस बारे में पता लगना चाहिए कि जिन लोगों पर विश्वास करके वे अपनी श्रद्धा का धन तथा अन्य सामग्रियों के रूप में अर्पण कर रहे थे, उन लोगों की वास्तविकता क्या है। इसीलिए इस मामले में एफआईआर कराए जाने का प्रदेश सरकार का कदम पूरी तरह उचित है। इस कदम के बाद एसआईटी किसी भी आरोपी को पूछताछ के लिए समन भेज सकती है तथा गिरफ्तारी भी की जा सकती है। यह हुआ भी है। चूंकि मंदिर प्रबंधन समिति के कुछ प्रमुख पदाधिकारियों के नाम भी इस मामले में सामने आए हैं, तब जांच की विश्वसनीयता स्थापित करने की जरूरत और भी बढ़ जाती है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि जांच को निचले स्तर पर केंद्रित कर दिया गया है। ऐसी बातों को निर्मूल किया जाना चाहिए। जब तक जांच को और जवाबदेह तथा स्पष्ट नहीं बनाया जाएगा, तब तक तरह-तरह के आरोप लगते रहेंगे, जैसा इस समय हो रहा है। फिलहाल जरूरत यह है कि जांच में मामले का 'दूध का दूध और पानी का पानी' किया जाए ताकि वास्तविक तथ्य अपनी संपूर्णता के साथ श्रद्धालुओं के सामने आ सकें। मंदिर के वित्तीय प्रबंधन का त्रुटिरहित ढांचा भी तैयार हो ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें।

शाबाश सारा

अगर हौसला, लगन और जुझारूपन हो तो बड़ी से बड़ी विपरीत परिस्थितियां भी उपलब्धि हासिल करने का रास्ता नहीं रोक सकतीं। लखनऊ की सारा मोइन इसकी मिसाल है। एक साथ दृष्टिबाधित और मूकबधिर होना किसी के भी सपनों को ध्वस्त कर सकता है। लेकिन सारा के साथ ऐसा नहीं है। यही वजह है की बड़ी समस्याओं के बावजूद सारा ने कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीचयूईटी-यूजी) में कामयाबी हासिल कर बता दिया कि होनहार की प्रतिभा कभी दब नहीं सकती बल्कि मुश्किल हालात को भी अपने अनुकूल बना लेती है। इससे पहले वह आईएससी (12वीं) के इम्तिहान में 98.7 प्रतिशत नंबर लेकर अपने कॉलेज की टॉपर होने का झंडा गाड़ चुकी है। सारा की सफलता के पीछे उसकी मेहनत, खुद पर भरोसा और सीखने की ललक का बड़ा हाथ रहा है। इस सफलता के साथ सारा और उसके माता-पिता ने एक संदेश दे दिया है कि उम्मीदों के सारे दरवाजे बंद करने के बाद भी किस्मत कोई न कोई रास्ता खुला रखती है। बस सब्र के साथ उसे खोजने, समझने तथा उसपर कदम बढ़ाने की जरूरत होती है। पिता मोइन अहमद और मां जूली हामिद की धीरज के साथ आगे बढ़ते जाने की हिम्मत उनकी बेटी के लिए वरदान बन गई। अपनी कामयाबी के पीछे सारा के जुझारू व्यक्तित्व की भी कम भूमिका नहीं है जिसने उसे निराश और हताश नहीं होने दिया बल्कि और बच्चों की तरह जिंदगी को अपने ढंग से जीने की हिम्मत दी। आज सारा की कामयाबी की दास्तान केवल दिव्यांग बच्चों ही नहीं बल्कि हर उस इंसान के लिए ताकत का पैगाम है जो जिंदगी में मुश्किल हालात का सामना कर रहा है। इससे यह भी साबित होता है कि अगर बच्चा भी ठान ले तो कोई भी रुकावट कामयाबी के रास्ते में आगे नहीं आ सकती। निश्चित रूप से सारा उपलब्धियों की डगर को अपनी जुझारू शख्सियत से और आसान बनाते हुए नई ऊंचाइयां छुएगी और इसी उम्र में दिव्यांग बच्चों के लिए आगे बढ़ने का आदर्श प्रस्तुत करेगी। समाज को भी महसूस करना होगा कि सारा जैसे बच्चों से नाउम्मीद नहीं होना चाहिए बल्कि उनकी जरूरतें पूरी करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने के मौके मुहैया कराने चाहिए।

काँव-काँव

♦♦♦

वेनेजुएला में दिखा विनाशकारी भूकंप का कहर

लखनऊ की इमारतों के पास फायर सेफ्टी नहीं!

भगवान के घर में चोरी से मन दुखी -केजरीवाल

पैसा कोई और लूटे तो दुख स्वाभाविक ही है..

नवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में आपातकाल अध्याय

भाजपा गयी तो बच्चे पुलवामा अध्याय पढ़ेंगे..

अरबों डॉलर पहुंचेगा अमेजन कंपनी का निवेश

भारत में फादरलैंड की जड़ें और मजबूत होंगी!

डिजिटल इंडिया ला रहे विधायक राजेश्वर सिंह

सरोजनीनगर में संपर्कमार्गो की हालत खस्ता है!

जेफ्री एपस्टीन ने मुझे किया ब्लैकमेल-बिल गेट्स

एड्स,पोलियो,कोरोना इवेंट्स शुरू करवाये थे?

♦♦♦

वेनेजुएला से चेतावनी

- सुनील कुमार महला

प्रकृति के सामने इंसान की सारी आधुनिकता, तकनीक और विकास कई बार बेबस दिखाई देते हैं।इस क्रम में दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में 25 जून 2026 को आए भीषण भूकंप ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि प्राकृतिक आपदाएं किसी भी देश की व्यवस्था और विकास को कुछ ही क्षणों में चुनौती दे सकती हैं और मानव के वश में कुछ भी नहीं है। मीडिया में उपलब्ध खबरों के अनुसार गुरुवार सुबह केवल 40 सेकेंड के अंतराल में दो शक्तिशाली भूकंप आए। पहले भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 और दूसरे की 7.5 मापी गई। इसके बाद लगभग 20 आफ्टरशॉक भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र राजधानी कराकास के पश्चिम में स्थित याराकुय राज्य में बताया गया। झटके इतने तेज थे कि पड़ोसी देश कोलंबिया तक महसूस किए गए। तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी जारी करनी पड़ी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार यह पिछले 126 वर्षों में वेनेजुएला का सबसे शक्तिशाली भूकंप माना जा रहा है।इस प्राकृतिक आपदा(शक्तिशाली भूकंप) ने भारी जन-धन की हानि पहुंचाई है। बड़ी संख्या में बहुमंजिला इमारतें भरभराकर ढह गईं। अनेक इलाके मलबे के ढेर में बदल गए और हजारों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है तथा हजारों लोग घायल हुए हैं। बड़ी संख्या में लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। कई स्थानों पर मलबे के नीचे दबे लोगों के जीवित होने की आवाजें आने की खबरें हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि मृतकों की संख्या कई हजार तक पहुंच सकती है। मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में अतिरिक्त कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। इस आपदा से वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को लाखों करोड़ रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने देश में आपातकाल घोषित कर राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं। राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से गुजर रहे वेनेजुएला के लिए यह आपदा एक बड़ी परीक्षा बनकर सामने आई है। दुनिया के सक्षम देशों, विशेष रूप से अमेरिका, को मानवीय आधार पर सहायता के लिए आगे आना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय का सहयोग वेनेजुएला के पुनर्वास और पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वेनेजुएला का क्षेत्रफल राजस्थान से लगभग 2.7 गुना बड़ा है, जबकि उसकी जनसंख्या पंजाब या हरियाणा के लगभग बराबर है।

देश की लगभग 90 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है। यही कारण है कि भूकंप से हुई तबाही अपेक्षाकृत अधिक गंभीर रही। सामान्यतः ग्रामीण क्षेत्र भूकंप के प्रभाव को अपेक्षाकृत बेहतर ढंग से झेल लेते हैं, जबकि घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में ऊंची इमारतें और अव्यवस्थित निर्माण बड़े पैमाने पर जनहानि का कारण बनते हैं। यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि भूकंप संभावित क्षेत्रों में भवन निर्माण के दौरान उच्चतम सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होना चाहिए।

इसी संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि क्या दुनिया में भूकंप की घटनाएं बढ़ रही हैं। यद्यपि इसका कोई निश्चित उत्तर नहीं है, लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि भूकंप संभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता और बेहतर तैयारी की आवश्यकता है।

एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष औसतन 7 या उससे अधिक तीव्रता के लगभग 16 भूकंप आते हैं, जिनमें से सामान्यतः एक भूकंप 8 या उससे अधिक तीव्रता का होता है। इसलिए संवेदनशील क्षेत्रों में ऐसे भवनों का निर्माण किया जाना चाहिए जो कम से कम 8 तीव्रता तक के भूकंपों को सहन करने में सक्षम हों। वेनेजुएला में पुनर्निर्माण के दौरान इस पहलू पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

यह त्रासदी केवल राहत और बचाव कार्यों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन की व्यापक समीक्षा का अवसर भी है।यह बात ठीक है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उनके प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए भूकंपरोधी भवन निर्माण, प्रभावी चेतावनी प्रणाली, नियमित मॉक ड्रिल, जन-जागरूकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकास योजनाएं आवश्यक हैं। यहां यह भी कहना चाहूंगा कि भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर राज्य तथा पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील हैं। वहीं हर वर्ष बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।जापान इस दिशा में दुनिया के सामने एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। वहां बार-बार भूकंप आने के बावजूद मजबूत भवन निर्माण मानकों, उन्नत चेतावनी प्रणालियों और व्यापक जन-जागरूकता के कारण जनहानि को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। भारत सहित अन्य देशों को भी इस अनुभव से सीख लेकर अपनी आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाना चाहिए।वेनेजुएला की त्रासदी पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी है कि प्रकृति के सामने विनम्र रहना और हर समय तैयार रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। हर आपदा अपने साथ एक सबक लेकर आती है और यह आपदा भी हमें यही संदेश देती है कि विकास तभी सार्थक है जब वह सुरक्षित, वैज्ञानिक और प्रकृति के साथ संतुलित हो।

।। यथार्थ गीता ।।

स्वामी अड़गड़ानंद

अथ त्रयोदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

नाना प्रकार से वेदों की मन्त्रणा द्वारा विभाजित करके भी कहा गया है तथा विशेष रूप से निश्चित किये हुए युक्तियुक्त ब्रह्मसूत्र के वाक्यों द्वारा भी वही कहा गया है। अर्थात् वेदान्त, महर्षि, ब्रह्मसूत्र और हम एक ही बात कहने जा रहे हैं। श्रीकृष्ण वही कहते हैं, जो इन सबने कहा है। क्या शरीर (क्षेत्र) इतना ही है, जितना दिखायी देता है? इस पर कहते हैं- महाभूतान्यहङ्कारो बुद्धिरव्यक्तमेव च। इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः ।।5।।

अर्जुन ! पंच महाभूत (क्षिति, जल, पावक, गगन और समीर), अहंकार, बुद्धि और चित्त (चित्त का नाम न लेकर उसे अव्यक्त परा प्रकृति कहा गया अर्थात् मूल प्रकृति पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें परा प्रकृति भी सम्मिलित है, उपर्युक्त आठों अष्टधा मूल प्रकृति है) तथा दस इन्द्रियाँ (आँख, कान, नाक, त्वचा, जिह्वा, वाक, हाथ, पैर, उपस्थ तथा गुदा), एक मन और पाँच इन्द्रियों के विषय (रूप, रस, गन्ध, शब्द और स्पर्श) तथा-

इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं सङ्घातश्चेतना धृतिः। एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ।।6।।

इच्छा, द्वेष, सुख, दुःख और सबका समूह स्थूल देह का यह पिण्ड, चेतना और धैर्य- इस प्रकार यह क्षेत्र विकारोंसहित संक्षेप में कहा गया। संक्षेप में यही क्षेत्र का स्वरूप है, जिसमें बोया हुआ भला और बुरा बीज संस्कारों के रूप में उगता है। शरीर ही क्षेत्र है। शरीर में गारा-मसाला किस वस्तु का है? तो यही पाँच तत्त्व, दस इन्द्रियाँ, एक मन इत्यादि- जैसा लक्षण ऊपर गिनाया गया है। इन सबका सामूहिक संघात पिण्ड शरीर है। जब तक ये विकार रहेंगे, तब तक यह पिण्ड भी विद्यमान रहेगा, इसलिये कि यह विकारों से बना है।

क्रमशः...

।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

नात्यन्तं सरलैर्भाव्यं गत्वा पश्य वनस्थलीम् ।
छिद्यन्ते सरलास्तत्र कुब्जास्तिष्ठन्ति पादपाः ॥

मनुष्य को अपने व्यवहार में बहुत ही भोलापन या सीधापन नहीं दिखाना चाहिए। ध्यान रहे वन में जो सीधे पेड़ पहले काटे जाते हैं, और जो पेड़ टेढ़े हैं वो खड़े रहते हैं।

♦♦♦

पैदल चलने का अधिकार गाड़ी चलाने के अधिकार से बड़ा है

- विराग गुप्ता

पांच साल का मासूम बच्चा अपने पिता का हाथ थामे स्कूल जा रहा था. टैंकर की चपेट में आने से उसकी जान चली गयी. इस दिल दहला देने वाली घटना ने सर्वोच्च न्यायालय को एक ऐसा फैसला लिखने पर मजबूर कर दिया, जो आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जायेगा. जजों के अनुसार, मनुष्य ने पहले चलना सीखा, पहिया तो बाद में आया. लेकिन आज हमारी सड़कें सिर्फ गाड़ियों के लिए बनती हैं. जो थोड़ा-बहुत फुटपाथ बचा है, उस पर भी दुकानें, दोपहिया वाहन और अतिक्रमण का बोलबाला है. राष्ट्रीय राजमार्ग पैदल यात्रियों के लिए कहीं अधिक जानलेवा साबित हो रहे हैं। वर्ष 2019 से 2024 के बीच 1.8 लाख से अधिक पैदल यात्रियों की जान सड़क हादसों में गयी है, जिसमें से राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई मौतों का आंकड़ा 30 प्रतिशत से अधिक है. यानी, सड़क दुर्घटना का शिकार बन रहा हर तीसरा पैदल यात्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर जान गंवा रहा है. अमेरिका में सड़कों पर बड़े बोनट वाली एसयूवी और पिकअप ट्रकों की बढ़ती संख्या पैदल चलने वालों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है. वर्ष 2009 के बाद हर साल सड़क हादसे में मरने वाले राहगीरों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जस्टिस पारदीवाला संवेदनशील और न्यायप्रिय जज हैं, जो आउट आफ बॉक्स नजरिये से आम जनता से जुड़े मुद्दों को सुलझाने का प्रयास करते हैं. जजों ने कहा कि पैदल चलने की क्रिया ने हमेशा कल्पनाशीलता को प्रेरित किया है. इसकी सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व सुधारवादी जड़ें हैं. पैदल चलना कई लोगों के लिए गतिमान अवस्था में ध्यान है, जिज्ञासुओं के लिए खोज है और तेज सामाजिक-राजनीतिक सोच वाले लोगों के लिए एकजुट करने वाली रणनीति है. इसने निश्चित रूप से स्वतंत्रता संग्राम के कुछ आदर्शों को प्रेरित और प्रज्वलित किया, जिनका सम्मान करना और उन्हें संजोना हमारा कर्तव्य है, जैसा संविधान के अनुच्छेद 51-ए में कहा गया है। संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत लोगों के घूमने-फिरने का अधिकार और अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार को मान्यता देते हुए ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने पैदल चलने के अधिकार को संविधान के तहत मौलिक अधिकार माना है. जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल चंदूरकर की बेंच ने साफ कहा कि पैदल चलने का अधिकार गाड़ी चलाने के विशेष अधिकार से बड़ा है. अनुच्छेद 39 के तहत जजों ने कहा कि संसाधनों के समान वितरण के अनुसार, सड़कों पर बड़ी गाड़ियों के साथ फुटपाथ पर आम लोगों को सुरक्षित चलने का अधिकार मिलना चाहिए. इस मामले में जिला अदालत, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में पीड़ित पक्ष को 10 साल बाद न्याय मिला है. यह प्रश्न भी समीचीन है कि जिस स्पीड से हम गाड़ियां चलाते हैं, उतनी स्पीड से न्याय क्यों नहीं मिलता?

महानगरों की सार्वजनिक पार्किंग में प्रति पार्किंग 15 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं. उसके बावजूद दुकानदार सड़कों के सामने गाड़ी खड़ी करना अपना मौलिक अधिकार मानते हैं. सड़कों के किनारे पार्किंग से आम जनता के फुटपाथ पर चलने का अधिकार खत्म हो जाता है. तेज रफ्तार वाली सड़कों को अर्थव्यवस्था के विकास का पैमाना माना जा रहा है. सड़कों के किनारे फुटपाथ कितने बनाये जा रहे हैं, इसका कोई आंकड़ा नहीं है. हाइवे और ओवरब्रिज हमारे इंजीनियरिंग माइंडसेट को दर्शाते हैं, जिन्हें आम जनता के आवागमन के लिहाज से बनाने की जरूरत है। बड़े स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय 500 मीटर के दायरे में गाड़ियों का यातायात प्रतिबंधित होना चाहिए. इससे सड़कों में गाड़ियों की भीड़ कम होने के साथ बच्चों की सुरक्षा भी बढ़ेगी. अब बात सुप्रीम कोर्ट के फैसले की. इस फैसले को लागू करने में अनेक मुश्किलें और कानूनी विरोधाभास हैं. फुटपाथ पर रेहड़ी लगाने वाले लोगों को स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत व्यवसाय का अधिकार है. संविधान के अनुच्छेद 51-ए में नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का विवरण है. उसके अनुसार, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और लोगों को हिंसा से बचाना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है. लोगों के फुटपाथ पर चलने के अधिकार और गरीबों की आजीविका के अधिकार में संतुलन बनाना बड़ी चुनौती है। देश की राजधानी दिल्ली में नलों से सीवर लाइन का पानी आ रहा है. शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और शुद्ध पेयजल लोगों का संवैधानिक अधिकार है, जो व्यावहारिक धरातल पर उन्हें नहीं मिल रहा. मौलिक अधिकारों के हनन के लिए सरकारी विभागों को दंडित करने या उनसे जुर्माना वसूलने के लिए कोई व्यावहारिक तंत्र नहीं है. इस तरह की अव्यवस्था के कारण लोगों में असंतोष व्याप्त हो रहा है. इस असंतोष से साफ है कि लोगों को नये नियम और फैसलों की बजाय एक्शन और जवाबदेही की अपेक्षा है. फुटपाथ पर अतिक्रमण और गंदगी खत्म करने का दायित्व नगर पालिका और पंचायतों के कंधों पर है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार केंद्रीय स्तर पर कोई कानून संसद से ही बनेगा. कानून न बनने पर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का केंद्र, राज्य और पंचायत स्तर पर पालन सुनिश्चित करवाना टेढ़ी खीर ही साबित हो सकता है।

प्रेरक प्रसंग

सार्थक जीवन का गुर

एक महात्मा थे। उनके पास एक दिन एक साहूकार आकर ठहरा। वह महात्मा के त्याग और तपस्या से बहुत प्रभावित हुआ। चलते समय उसने महात्माजी के चरणों में सिर झुकाते हुए निवेदन किया, यदि आपकी आज्ञा हो तो आपके लिए एक चादर और लंगोटी का कपड़ा भिजवा दूं। महात्मा ने इन्कार कर दिया। बोले, मुझे जरूरत नहीं है। मेरे पास हैं।

साहूकार चला गया।

कुछ दिन बाद साहूकार को लगा कि आदमी के जीवन का ध्येय पैसा कमाना और आराम से रहना नहीं है। उसे आत्मिक उन्नति के लिए भी कुछ करना चाहिए। आखिर आदमी का जन्म बार-बार तो मिलता नहीं है।

इसके बाद उसने धन-दौलत, सम्पत्ति, सबकुछ त्याग दिया और संन्यासी बन गया।

एक बार वह फिर उस महात्मा से मिला, जिसे

इसके बाद उसने धन-दौलत, सम्पत्ति, सबकुछ त्याग दिया और संन्यासी बन गया। एक बार वह फिर उस महात्मा से मिला, जिसे देखकर उसके मन में वैराग्य की भावना उत्पन्न हुई थी। उसने महात्मा से कहा, आप धन्य हैं। आपका त्याग अद्भुत है।

देखकर उसके मन में वैराग्य की भावना उत्पन्न हुई थी। उसने महात्मा से कहा, आप धन्य हैं। आपका त्याग अद्भुत है।

महात्मा ने कहा, यह तुम क्या कहते हो ?

अरे, तुम्हारा त्याग तो मुझसे भी बढ़कर है। मेरा जीवन तो आरंभ से ही ऐसा रहा है, पर सच्चे त्यागी तो तुम हो, जिसने कुबेर के पद को छोड़कर फकीरी धारण की।

आपका पत्र मिला

घुसपैठ रोकने के लिए जरूरी है पारदर्शी व्यवस्था

विदेश मंत्रालय के हालिया स्पष्टीकरण कि पासपोर्ट यात्रा का दस्तावेज है, नागरिकता का प्रमाण नहीं, ने देश में एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दिया है। वर्षों से आम नागरिकों की धारणा रही है कि पासपोर्ट नागरिकता का सबसे मजबूत प्रमाण होता है, क्योंकि इसे सरकार द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद जारी किया जाता है। लेकिन कानूनी दृष्टि से पासपोर्ट एक्ट में इसे पूर्ण नागरिकता प्रमाण पत्र नहीं माना गया है। विशेष परिस्थितियों में कुछ गैर-भारतीयों को भी पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेज जारी किए जा सकते हैं। न्यायालयों ने भी कई मामलों में स्पष्ट किया है कि पासपोर्ट अपने आप में नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में, जहां करोड़ों लोग रहते हैं और जहां जन्म, पलायन, दस्तावेजों की कमी जैसी समस्याएं मौजूद हैं, वहां एक व्यवस्थित नागरिक पंजीकरण प्रणाली समय की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन सकता है। आज जन्म पंजीकरण को अनिवार्य बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए जन्म प्रमाण पत्र नागरिक पहचान का आधार बन सकता है, क्योंकि इसमें व्यक्ति का जन्म स्थान, जन्म तिथि और माता-पिता की जानकारी दर्ज होती है।लेकिन केवल जन्म प्रमाण पत्र पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत है कि देश में एक ऐसी आधुनिक और सुरक्षित व्यवस्था बने जिसमें जन्म से लेकर मृत्यु तक नागरिक जीवन की महत्वपूर्ण जानकारियों का व्यवस्थित रिकॉर्ड हो।

सुभाष बुड़ावन वाला
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

ऐसे पहचानें बच्चों के पेट में हैं कीड़े या नही

क्या आपका बच्चा भी पेट दर्द के कारण अक्सर रोता है? इसका कारण इंटेस्टाइनल वॉर्म्स यानी पेट में कीड़ों की समस्या हो सकती है। अब इसे स्ट्रीट फूड्स से लगाव कहें या फिर कुछ बासी खा लेने की गलती, पेट में कीड़ों की समस्या के कई कारण हो सकते हैं। बच्चों में पेट के कीड़े होना आम बात है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें सिरियस नहीं लिया जाना चाहिए।

अगर इलाज न कराया जाए, तो बच्चों में पेट के कीड़े न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं, बल्कि जानलेवा भी हो सकते हैं। यह लेख बच्चों में पेट के कीड़े होने के लक्षण, कारण और उपचार के बारे मे बताएगा।

बच्चों में पेट के कीड़े होने के लक्षण

1. बच्चे को बार-बार पेट में दर्द या क्रैम्प हो सकता है। वह अक्सर चिड़चिड़ा हो सकते हैं।
2. पेट के कीड़े होने पर बच्चे को उल्टी और दस्त की समस्या हो सकती है।
3. बच्चे का पेट भरा होने के बावजूद उसे भूख नहीं लग सकती।
4. कीड़े शरीर से पोषक तत्वों को खींच लेते हैं, जिससे बच्चे का वजन कम हो सकता है।
5. बच्चे के पेट में अधिक गैस बन सकती है, जिससे पेट फूलता हुआ महसूस हो सकता है।
6. पेट के कीड़ों से शरीर में पोषण की कमी हो सकती है, जिसके कारण शिशु की आंखों के नीचे काले घेरे हो सकते हैं।
7. पेट में तकलीफ की वजह से शिशु को सोने में दिक्कत हो सकती है।

बच्चों में पेट के कीड़े होने के कारण

गंदे हाथों से खाना । अगर शिशु ने गंदे हाथों से खाना खाया या फिर गंदे पानी पिया हो, तो पेट में कीड़े हो सकते हैं।

बासी खाना- कुछ बार बासी खाना या पानी पेट के कीड़ों को जन्म दे सकता है।

स्वच्छता की कमी - यदि आसपास की जगह गंदी हो, तो कीड़े आसानी से शिशु के शरीर में प्रवेश कर सकते हैं।

पेट में मिट्टी या कीटाणु का आना- शिशु मिट्टी या गंदे सामान को मुँह में डाल सकते हैं, जिससे कीड़े हो सकते हैं।

वायरल या बैक्टीरियल इन्फेक्शन- कभी-कभी इन्फेक्शन के कारण भी पेट में कीड़े आ सकते हैं।

शिशुओं में पेट के कीड़ों का उपचार

पेट के कीड़ों को मारने के लिए डॉक्टर की सलाह पर दवाइयाँ दी जा सकती हैं। इन दवाओं को आमतौर पर सिरप या गोली के रूप में दिया जाता है। शिशु के हाथों और मुंह की स्वच्छता का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

बार-बार हाथ धोने की आदत डालें और शिशु को गंदे स्थानों से दूर रखें। शिशु को ताजे और स्वच्छ भोजन देना चाहिए।

कुछ घरेलू उपाय जैसे ताजा नारियल पानी, अदरक, हल्दी और लहसुन का सेवन पेट के कीड़ों को खत्म करने में मदद कर सकता है लेकिन यह डॉक्टर की सलाह पर ही अपनाएं।स शिशु को साफ पानी पिलाने की आदत डालें और उसके खाने-पीने की चीजों को अच्छी तरह धोकर ही इस्तेमाल करें।

ध्यान रखने योग्य बातें

अगर शिशु में पेट के कीड़े होने का शक हो, तो किसी भी घरेलू उपचार को अपनाने से पहले डॉक्टर से पूछ लें। समय-समय पर शिशु को हेल्थ चेकअप कराना भी जरूरी है, ताकि किसी भी समस्या का समय रहते पता चल सके। शिशुओं में पेट के कीड़े एक सामान्य समस्या हो सकती है, लेकिन अगर उचित उपचार और स्वच्छता का ध्यान रखा जाए तो इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है।

बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के 7 तरीके, खेल-खेल में सीखेंगे प्रकृति प्रेम

नई दिल्ली। आज के समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में बच्चों को छोटी उम्र से ही पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना बेहद जरूरी हो गया है। पर्यावरण शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। माता-पिता बच्चों को रोजमर्रा की गतिविधियों और मजेदार खेलों के जरिए भी प्रकृति से जोड़ सकते हैं। जब बच्चे पेड़-पौधों की देखभाल करते हैं, कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालना सीखते हैं या पानी बचाने की आदत अपनाते हैं, तो वे जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बचपन में सीखी गई आदतें जीवनभर साथ रहती हैं। इसलिए यदि पर्यावरण संरक्षण को बच्चों के लिए मजेदार और रोचक बनाया जाए, तो वे इसे बोझ नहीं बल्कि अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस जैसे अवसर बच्चों में प्रकृति प्रेम विकसित करने का बेहतरीन मौका हो सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे 7 आसान और मजेदार तरीके, जिनकी मदद से आप अपने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक बना सकते हैं।

बच्चों को पेड़-पौधों से कैसे जोड़ें- गार्डनिंग को फन एक्टिविटी बनाएं। इसके लिए, बच्चों के नाम से एक पौधा लगवाएं। उन्हें रोज पानी देने की जिम्मेदारी दें। पौधे की ग्रोथ को मापने का खेल बनाएं। इससे बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ता है।

रिसाइकिलिंग को मजेदार कैसे बनाएं?

घर में सूखे और गीले कचरे के लिए अलग डिब्बे रखें। बच्चों को सही डिब्बे में कचरा डालने का खेल खिलाएं। हर सही प्रयास पर स्टार या पॉइंट दें। इससे कचरा प्रबंधन की समझ विकसित होती है।

पानी बचाने की आदत कैसे सिखाएं?

पानी बचाने वाले चैलेंज रखें। जैसे, दांत ब्रश करते समय नल बंद रखने की आदत डालें। घर में "Water Hero" प्रतियोगिता आयोजित करें। कम पानी इस्तेमाल करने वाले बच्चे को छोटा इनाम दें। इससे जल संरक्षण का महत्व समझ आता है।

नेचर वॉक बच्चों के लिए क्यों जरूरी है?

प्रकृति को करीब से जानने का मौका पार्क, गार्डन या जंगल सफारी पर ले जाएं। पक्षियों, पेड़ों और फूलों के बारे में जानकारी दें। Nature Scavenger Hunt जैसे खेल खिलाएं। बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है।

प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली कैसे सिखाएं?

बच्चों को कपड़े का बैग इस्तेमाल करना सिखाएं। रियूजेबल पानी की बोतल दें। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान समझाएं। ईको फ्रेंडली विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

पढ़ाई के नाम पर आप भी डराते हैं बच्चों को, तो जाने इसके नुकसान

पढ़ाई के नाम पर बच्चों को डराना एक आम बात है, लेकिन यह बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है। बच्चों को डराने से उनमें डर और चिंता की भावना पैदा हो सकती है, जो उनके मानसिक और भावनात्मक विकास को प्रभावित कर सकती है।

कई बार कई माता-पिता अपने बच्चों से सीधे तौर पर कह देते हैं कि अगर तुम पढ़ोगे नहीं तो सब्जी बेचोगे, या कुछ ऐसा काम करोगे जो समाज में अच्छी नजर से नहीं देखा जाता। अगर आप भी अपने बच्चों को इस तरह की बातें कहते हैं तो यह बातें आपके बच्चे में हीनभावना पैदा करती हैं।

बच्चों को डराने के नुकसान

1. डर और चिंता : बच्चों को डराने से उनमें डर और चिंता की भावना पैदा हो सकती है, जो उनके मानसिक और भावनात्मक विकास को प्रभावित कर सकती है। अगर आप लगातार बच्चे को पढ़ाई के नाम पर डराते हैं तो उसके अंदर डर और चिंता पैदा हो जाती है।

2. आत्मविश्वास की कमी : बच्चों को डराने से उनमें आत्मविश्वास की कमी हो सकती है, जो उनके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकती है। ऐसा कभी बच्चों से न कहें कि अगर वह पढ़ाई नहीं करेंगे तो उनको बुरे दिन देखने पड़ेंगे ऐसा करके बच्चों में आप आत्मविश्वास की कमी को पैदा कर देते हैं। इसलिए ऐसा कहने से बचना चाहिए।

3. पढ़ाई में रुचि की कमी : बच्चों को डराने से उनमें पढ़ाई में रुचि की कमी हो सकती है, जो उनके शैक्षिक विकास को प्रभावित कर सकती है। जब आप बच्चों को लगातार पढ़ाई के नाम पर डराने लगते हैं तो उनकी पढ़ाई में रूचि कम होने लगती है। बच्चा पढ़ाई में फिर रूचि नही दिखाता। इससे उसकी शिक्षा काफी प्रभावित होती है।

बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के तरीके-

1. प्रेरणा और समर्थन : बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने के लिए उन्हें प्रेरणा और समर्थन दें।

2. पढ़ाई को मजेदार बनाएं : पढ़ाई को मजेदार बनाने के लिए बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल करें।

3. प्रगति की प्रशंसा करें : बच्चों की प्रगति की प्रशंसा करें और उन्हें उनकी मेहनत के लिए पुरस्कृत करें।

4. पढ़ाई के लिए समय और स्थान दें : बच्चों को पढ़ाई के लिए समय और स्थान दें और उन्हें पढ़ाई के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करें।

पीकॉक पेरेंटिंग क्या है? परवरिश का यह नया ट्रेंड क्यों हो रहा वायरल

आज के समय में परवरिश सिर्फ बच्चों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह सोशल मीडिया, प्रतिस्पर्धा और आधुनिक जीवनशैली से भी प्रभावित हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में परवरिश की कई नई शैलियों की चर्चा रही है, जिनमें हेलीकॉप्टर पेरेंटिंग, जेलीफिश पेरेंटिंग और टाइगर पेरेंटिंग के बाद अब पीकॉक पेरेंटिंग तेजी से सुर्खियां बटोर रही है। पीकॉक पेरेंटिंग का नाम मोर (क्ष्ड्डष्शष्द्य) से प्रेरित है, जो अपने आकर्षक पंखों और दिखावे के लिए जाना जाता है। इसी तरह इस पेरेंटिंग स्टाइल में कुछ माता-पिता अपने बच्चों की उपलब्धियों, प्रतिभा और गतिविधियों को दूसरों के सामने बार-बार प्रदर्शित करने की कोशिश करते हैं। सोशल मीडिया के दौर में यह ट्रेंड और भी तेजी से बढ़ा है, जहां बच्चों की हर उपलब्धि, प्रतियोगिता, प्रमाणपत्र और छोटी-बड़ी सफलता को सार्वजनिक रूप से साझा किया जाता है। बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व करना स्वाभाविक है, लेकिन

जब यह दिखावा या तुलना का रूप लेने लगे, तो इसका असर बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक प्रदर्शन बच्चों पर अनावश्यक दबाव बना सकता है। आइए जानते हैं कि पीकॉक पेरेंटिंग क्या है, इसकी प्रमुख विशेषताएं क्या हैं और इसका बच्चों पर सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव कैसे पड़ सकता है।

क्या है पीकॉक पेरेंटिंग?

पीकॉक पेरेंटिंग में माता-पिता अपने बच्चों की उपलब्धियों को प्रमुखता से प्रदर्शित करते हैं। इसका उद्देश्य अक्सर बच्चे की सफलता को दूसरों के सामने दिखाना होता है। सोशल मीडिया इस पेरेंटिंग स्टाइल को बढ़ावा देने वाला बड़ा माध्यम बन गया है। स्कूल, खेल, डांस, संगीत या अन्य गतिविधियों की उपलब्धियों को लगातार साझा किया जाता है। यह जरूरी नहीं कि हर उपलब्धि साझा करना गलत हो, लेकिन संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

बच्चों में बढ़ सकता है प्रदर्शन का दबाव

बच्चे को लग सकता है कि उसे हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हर सफलता के बाद अगली उपलब्धि का दबाव बढ़ सकता है। असफलता की स्थिति में बच्चे को निराशा अधिक महसूस हो सकती है। बच्चे अपनी पहचान को केवल उपलब्धियों से जोड़ने लगते हैं। ऐसी स्थिति में आत्मविश्वास की जगह प्रदर्शन आधारित सोच विकसित हो सकती है।

तुलना की भावना हो सकती है मजबूत- बच्चे खुद की तुलना दूसरों से करने लगते हैं। मुझे हमेशा सबसे बेहतर बनना है जैसी मानसिकता विकसित हो सकती है। प्रतियोगिता स्वस्थ होने के बजाय तनावपूर्ण बन सकती है। सोशल मीडिया पर तुलना की संस्कृति बच्चों को प्रभावित कर सकती है। लगातार तुलना बच्चे की भावनात्मक सेहत पर असर डाल सकती है।

पीकॉक पेरेंटिंग के कुछ फायदे भी

सही संतुलन के साथ बच्चों को प्रोत्साहन मिल सकता है। उनकी उपलब्धियों की सराहना आत्मविश्वास बढ़ा सकती है। बच्चे अपनी मेहनत का महत्व समझ सकते हैं। परिवार और समाज से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने पर प्रेरणा मिल सकती है। इसलिए समस्या उपलब्धियों को साझा करने में नहीं, बल्कि उसकी अति में होती है।

कैसे रखें संतुलन?

बच्चे की सफलता के साथ उसकी मेहनत की भी तारीफ करें। असफलता को सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा मानें। सोशल मीडिया पर हर उपलब्धि साझा करना जरूरी नहीं है। बच्चे को उसकी रुचि और क्षमता के अनुसार आगे बढ़ने दें।

तुलना के बजाय व्यक्तिगत विकास पर ध्यान दें।

1 से 3 साल तक के बच्चों के लिए अमृत है चावल का माढ़

अक्सर हम चावल पकाते समय निकलने वाले माढ़ को बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह माढ़ छोटे बच्चों के लिए किसी अमृत से कम नहीं है? खासकर 1 से 3 साल तक के बच्चों के लिए यह बेहद फायदेमंद माना जाता है। छोटे बच्चों में अक्सर कब्ज, दस्त (डायरिया) और आंतों में जलन जैसी परेशानियां हो जाती हैं। इसमें मौजूद विटामिन क्र ष्ट, श्र और कार्बोहाइड्रेट बच्चों के शरीर में पोषण की कमी को पूरा करते हैं। ऐसे में चावल का माढ़ बहुत कारगर साबित होता है। आइए जानते हैं इसके फायदे और इसे पिलाने का सही तरीका। **चावल का माढ़ क्या है?-** जब हम खुले बर्तन (पतेले) में चावल पकाते हैं तो उबाल आने के बाद उसमें से जो पानी निकलता है उसे चावल का माढ़ कहा

जाता है। इसी पानी में चावल के ज्यादातर पोषक तत्व घुल जाते हैं, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। **1. एनर्जी का खजाना-** छोटे बच्चों को ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है। चावल का माढ़ उन्हें तुरंत एनर्जी देता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट और अमीनो एसिड होते हैं, जो बच्चों की ग्रोथ और एक्टिविटी के लिए जरूरी हैं। **2. डिहाइड्रेशन से बचाता है-** 1 से 3 साल की उम्र में कई बच्चे पानी पीने से मना करते हैं। ऐसे में उनके शरीर में पानी की कमी हो जाती है और वे डिहाइड्रेशन की चपेट में आ जाते हैं। अगर बच्चा पानी नहीं पी रहा है तो आप उसे चावल का माढ़ पिला सकते हैं। यह शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है और उन्हें हाइड्रेटेड रखता है। **3. डायरिया और पेट की समस्याओं में राहत-** बच्चों को अक्सर डायरिया, पेट दर्द और कब्ज की समस्या हो जाती है। ऐसे समय में चावल का माढ़ बहुत फायदेमंद होता है। यह दस्त को रोकने में मदद करता है और आंतों को आराम देता है। अगर बच्चे को डायरिया के शुरुआती लक्षण दिखें तो तुरंत उसे चावल का माढ़ पिलाना फायदेमंद रहता है। **4. पाचन तंत्र को मजबूत बनाए-** छोटे बच्चों का पाचन तंत्र काफी नाजुक होता है। चावल का माढ़ हल्का होता है और इसे आसानी से पचाया जा सकता है। यह पेट को ठंडक देता है और आंतों की जलन को कम करता है।

दूसरे बच्चे के आने से पहले ही बड़े बच्चे को समझा दें ये बातें

दूसरे बच्चे का जन्म माता- पिता के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। क्योंकि एक तरफ दूसरे बच्चे की जिम्मेदारी होती है दूसरी तरफ पहले बच्चे की परवरिश की चिंता होने लगती है। अक्सर घर में नया बच्चा आने से बच्चा असुरक्षित या उपेक्षित महसूस करने लगता है। इस स्थिति से निपटने के लिए एक पेडियाट्रिशियन (बाल रोग विशेषज्ञ) ने कुछ आसान और असरदार सुझाव दिए हैं, जो मां-बाप की बेहद मदद कर सकते हैं।

बड़े बच्चे को तैयार करने के टिप्स- बड़े बच्चे को पहले से बताएं कि घर में नया मेहमान आने वाला है। सरल भाषा में समझाएं ताकि वह धीरे-धीरे आदत डाल सके। बच्चे को तैयारी में शामिल करें, जैसे बेबी के कपड़े

चुनना या कमरे की सजावट करना।इससे उसे लगेगा कि वह भी जिम्मेदारी का हिस्सा है। नए बच्चे के आने के बाद भी बड़े बच्चे को उतना ही प्यार और समय दें। छोटे-छोटे कामों के लिए उसकी तारीफ करें।

विशेष समय निकालें- बच्चे को बताएं कि नया बच्चा शुरू में ज्यादा ध्यान मांगेगा, रोएगा और उसे देखभाल की ज़रूरत होगी।इससे वह मानसिक रूप से तैयार रहेगा। रोज़ाना कुछ समय सिर्फ बड़े बच्चे के लिए रखें।यह मम्मी-पापा का टाइम उसे सुरक्षा देगा। अगर वह जलन या गुस्सा महसूस करता है तो उसे डांटे नहीं। उसकी भावनाओं को सुनें और समझाएं कि यह सामान्य है।

भाई-बहन का रिश्ता मजबूत करें

बड़े बच्चे को छोटे के साथ छोटे काम करने दें, जैसे झूला झुलाना या खिलौना देना। इससे वह खुद को ÷बड़ा भाई/बहन समझकर गर्व महसूस करेगा। इन टिप्स से बड़े बच्चे को लगेगा कि वह अभी भी परिवार का अहम हिस्सा है और नए बच्चे से उसका रिश्ता प्यार भरा बनेगा।

-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ

शनिवार, 27 जून 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे त्रयोदशी तिथौ शनि वासरे 24/44/ अनुराधा नक्षत्रे 22/12/ साध्य योग 12/33/ कौलव करणे 11/23/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- शनि प्रदोष व्रत। दक्षिणात्यों का त्रिदिनात्मक वट सावित्री व्रत प्रारंभ।

मेष : पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स सट्टा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

वृष : वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन : प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने से हर्ष होगा।

कर्क : संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

सिंह : किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगे।

कन्या : संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

तुला : समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

वृश्चिक : राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

धनु : किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए सट्टा लाटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

मकर : किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

कुंभ : आर्थिक लेन-देन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

मीन : आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

हर माता-पिता को अपने बेटे को सिखानी चाहिए ये बातें

बच्चों की परवरिश केवल उन्हें अच्छी शिक्षा दिलाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि उन्हें जीवन के जरूरी कौशल और संस्कार सिखाना भी माता-पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। अक्सर देखा जाता है कि घर के कुछ काम और जिम्मेदारियां केवल बेटियों को सिखाई जाती हैं, जबकि बेटों को इन चीजों से दूर रखा जाता है। लेकिन बदलते समय में यह सोच तेजी से बदल रही है। आज के दौर में लड़का हो या लड़की, दोनों को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनाना जरूरी है। विशेषज्ञों का मानना है कि बचपन में सीखी गई आदतें और कौशल बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देते हैं। यदि बेटों को भी घर और समाज से जुड़ी जिम्मेदारियों की समझ दी जाए, तो वे न केवल बेहतर इंसान बनते हैं बल्कि भविष्य में अपने परिवार और रिश्तों को भी बेहतर तरीके से संभाल पाते हैं। कुछ ऐसे जरूरी काम हैं जो हर माता-पिता को अपनी बेटियों के साथ-साथ बेटों को भी जरूर सिखाने चाहिए। **घर के कामों में हाथ बंटाना-**

बच्चों को छोटी उम्र से ही घर के कामों में भागीदारी सिखानी चाहिए। अपना कमरा व्यवस्थित रखना, बर्तन रखना, कपड़े फोल्ड करना या मेज लगाना जैसे काम जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। इससे बच्चे समझते हैं कि घर चलाना सभी की साझा जिम्मेदारी है। **खाना बनाना सीखना-** खाना बनाना केवल एक जीवन कौशल नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता की निशानी भी है। बेटों को बेसिक कुकिंग जैसे चाय बनाना, नाश्ता तैयार करना और सरल भोजन बनाना जरूर सिखाना चाहिए। इससे वे भविष्य में किसी पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहते।

महिलाओं का सम्मान करना- बचपन से ही बच्चों को दूसरों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का महत्व समझाना चाहिए। बेटों को यह सिखाना जरूरी है कि हर व्यक्ति, चाहे वह महिला हो या पुरुष, सम्मान और समान व्यवहार का हकदार है। यह सीख उनके व्यक्तित्व को सकारात्मक दिशा देती है।

अपनी भावनाएं व्यक्त करना- समाज में अक्सर लड़कों को अपनी भावनाएं छिपाने की सलाह दी जाती है, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य के लिए भावनाओं को समझना और व्यक्त करना बेहद जरूरी है। बेटों को अपनी बात खुलकर कहना, मदद मांगना और दूसरों की भावनाओं को समझना सिखाना चाहिए। **पैसों की जिम्मेदारी समझना-** कम उम्र से ही बच्चों को बचत, बजट और जिम्मेदारी से खर्च करने की आदत सिखानी चाहिए। इससे वे आर्थिक रूप से जागरूक बनते हैं और भविष्य में बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में सक्षम होते हैं।

गाजीपुर/जौनपुर/मऊ

नए शराब ठेके के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन, जन आंदोलन की दी चेतावनी

स्वतंत्रभारत मऊ। मधुबन तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मपुर बिशनपुर के टाड़ी पर प्रस्तावित नए शराब ठेके के विरोध में शुक्रवार को समय 10 बजे ग्रामीण महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। यह प्रदर्शन लगभग 40 मिनट तक रहा, जिसमें नारहाघाट से लीलहवा तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही।महिलाओं का कहना था कि यदि गांव में अंग्रेजी, बियर एवं देसी शराब की दुकान खोली गई तो इसका सीधा असर बच्चों, युवाओं और महिलाओं पर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा तथा सामाजिक समस्याएं बढ़ेंगी। महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि

प्रशासन द्वारा उनकी मांगों की अनदेखी कर ठेका खोला गया तो वे व्यापक जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी। यहाँ तक नारेबाजी करने के दौरान महिलाओं ने कहा कि प्रशासन आएगा तो पीटा जाएगा।प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि सरकार महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन आबादी के बीच शराब की दुकान खोलने का निर्णय उन दावों के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित ठेके को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की।इस दौरान मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य राजेश कुमार यादव, हरेराम यादव,इशरावती, मीना, सुभावती, मीरा, पिंकी, मंजू, ज्ञानमती, नीलम, लाली, संगीता चौहान, सोनी देवी, धर्मावती, मेवाती, सुभावती चंद्रा, बालेश्वरी, निर्मला, राधिका, हरेराम यादव, कुंदन कुमार, फूलबदन, गुलाब, रामभवन, मुनीब सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भरत तिवारी व लखनऊ कोचिंग हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र भारत मऊ। क्रांतिकारी यूथ ब्रिगेड के नेता एवं पूर्व घोसी विधानसभा प्रत्याशी विवेक राय उर्फ गोलू राय के नेतृत्व में अमिला नगर पंचायत के पूर्वी चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बिहार के भरत तिवारी तथा लखनऊ के कोचिंग संस्थान हादसे में जान गंवाने वाले युवाओं की स्मृति में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर विवेक राय उर्फ गोलू राय ने कहा कि बिहार के भरत तिवारी के कथित एनकाउंटर की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि लखनऊ कोचिंग संस्थान में हुई दुर्घटना में युवाओं की असमय मौत देश की अपूरणीय क्षति है। ऐसे संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर युवा देश का भविष्य बनते हैं। कार्यक्रम में बबलू, रंजीत, अशोक, रमेश, महातम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज, रास्ते में ट्रॉली खाली कर छुड़ाने की कोशिश से मचा हड़कंप

स्वतंत्र भारत मधुबन। जनपद में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन की सख्ती के बीच भी खनन माफिया बेखौफ नजर आ रहे हैं। ताजा मामला थाना रामपुर क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर का है, जहां आधी रात को अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते हुए एक मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली, जिसमें रास्ते में मिट्टी गिराकर उसे खाली कर दिया गया था, को नायब तहसीलदार गौरव प्रताप सिंह ने पकड़ लिया। दोनों वाहनों को कार्रवाई करते हुए रामपुर थाने में सीज करा दिया गया। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई। जिस मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस थाने ले जा रही थी, उसे एक थार वाहन के जरिए बीच रास्ते में रोकने का प्रयास किया गया। आरोप है कि ट्रॉली में भरी मिट्टी को सड़क पर खाली कराकर वाहन को छुड़ाने और वहां से भगाने की कोशिश की गई। हालांकि प्रशासन की सतर्कता से मामला सामने आ गया। इस घटना ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जब जिलाधिकारी आनंद वर्धन के स्पष्ट निर्देशों के बाद भी आधी रात में अवैध खनन जारी है, तो आखिर इसके पीछे किसका संरक्षण है? प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बावजूद खनन माफियाओं के हौसले क्यों बुलंद हैं? क्या कुछ लोगों को कानून का कोई डर नहीं रह गया है? नायब तहसीलदार गौरव प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम जगदीशपुर में अवैध खनन की सूचना पर देर रात मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। मौके से एक मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली, जिसने रास्ते में मिट्टी गिराकर उसे खाली कर दिया था, को पकड़कर थाना रामपुर में सीज कराया गया। उन्होंने बताया कि थाने ले जाते समय एक थार वाहन द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली को छुड़ाने का प्रयास किया गया, जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। अवैध खनन और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रशासन ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि अवैध खनन के इस नेटवर्क के पीछे शामिल लोगों पर कितनी बड़ी कार्रवाई होती है और क्या इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लग पाएगी।

खबर एक नज़र

छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती पर जुटे जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ता

स्वतंत्रभारत मऊ।मधुबन में जन अधिकार पार्टी ने छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया। विधानसभा प्रत्याशी रामश्री सिंह कुशवाहा (मजनू भैया) ने शाहूजी महाराज के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के विचारों पर प्रकाश डालते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अस्पताल और चिकित्सकों की जांच तेज दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन

स्वतंत्रभारत मऊ। नदवा सराय स्थित निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की जांच तेज हो गई है। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि इलाज करने वाले डॉक्टर शाहिद और यूनुस के पंजीकरण, योग्यता तथा अस्पताल के संचालन से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच कराई जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि अस्पताल आवश्यक मानकों और वैध अनुमति के तहत संचालित हो रहा था या नहीं उधर, घटना के बाद क्षेत्र में लोगों का आक्रोश अभी भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, मृतक परिवार को न्याय तथा क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने की मांग की है। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि किसी प्रकार की चिकित्सकीय लापरवाही, अनियमितता या अवैध संचालन की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रोडवेज बस में युवती का शव मिलने से सनसनी

स्वतंत्रभारत मऊ।मऊ के गाजीपुर तिराहा पर सोनभद्र से आई रोडवेज बस में 21 वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच के दौरान मृतका की पहचान गौहरपुर निवासी डिंपल सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वलीदपुर में शांतिपूर्ण माहौल में निकला मोहर्रम जुलूस

स्वतंत्रभारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र के वलीदपुर नगर पंचायत में मोहर्रम पर ताजिए और अलम के जुलूस श्रद्धा व भाईचारे के साथ निकाले गए। जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर कर्बला पहुंचे, जहां ताजियों का सुपुर्द-ए-खाक किया गया। युवाओं ने पारंपरिक करतब भी दिखाए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जबकि सामाजिक संगठनों ने पेयजल व शरबत की व्यवस्था कर सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया।

खाद्य विभाग की छापेमारी, नमूने जांच को भेजे

स्वतंत्रभारत मऊ। सदर के चौक स्थित एक प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। जांच में खाद्य सामग्री अस्वच्छ परिस्थितियों में मिलने पर प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया गया तथा खराब खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए। कार्रवाई सहायक आयुक्त मंजूषा सिंह के नेतृत्व में की गई।

प्रशासन ने कोचिंग, अस्पताल व प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

स्वतंत्रभारत मऊ। लखनऊ हादसे के बाद मोहम्मदाबाद गोहना में प्रशासन ने कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी, अस्पताल और बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री, सीओ शीतला प्रसाद पांडे व फायर विभाग की टीम ने संचालकों को फायर एनओसी लेने, अग्निशमन उपकरण लगाने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

किसानों को डीएसआर तकनीक से धान की खेती का प्रशिक्षण

स्वतंत्रभारत मऊ। बडरांव ब्लॉक की तीन ग्राम पंचायतों के किसानों को डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक से धान की खेती का प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि इस विधि से पानी, श्रम और लागत की बचत होती है तथा फसल समय से पहले तैयार होती है। कार्यक्रम में किसानों को खरपतवार प्रबंधन और आधुनिक खेती के तरीकों की भी जानकारी दी गई।

विद्यालय खुलने पर छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत

स्वतंत्रभारत मऊ।ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर कंपोजिट विद्यालय टंडवा, चौबेपुर में छात्रों का तिलक और रोली लगाकर स्वागत किया गया। प्रधानाध्यापक हरिलाल यादव के नेतृत्व में अधिक नामांकन और नियमित उपस्थिति का संकल्प लिया गया। इस दौरान निपुण भारत मिशन, निपुण आकलन और कैचअप शिक्षण पद्धति की जानकारी भी शिक्षकों को दी गई।

साइबर टीम ने लौटाए 22 हजार रुपये

स्वतंत्रभारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना पुलिस की साइबर टीम ने ऑनलाइन ठगी के शिकार प्रशांत भास्कर के 22 हजार रुपये वापस कराए। भुइलीपुर निवासी प्रशांत ने यूपीआई के माध्यम से हुई धोखाधड़ी की शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज कराई थी। जांच के बाद उपनिरीक्षक विकास कुमार व टीम ने कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी।

हत्या के मामले में पति और सास को आजीवन कारावास

स्वंतत्र भारत विस मऊ। लगभग नौ वर्ष पूर्व हुई दहेज हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी एक दीप नारायण तिवारी ने दहेज के लिए विवाहिता संजू यादव की हत्या के मामले में पति और सास को सुनवाई के बाद दोषी पाया।दोनों को आजीवन कारावास की सजा के साथ कुल 31-31 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया। अर्थदंड न देने पर 3-3 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं अर्थदंड जमा हो जाने पर 50 हजार रुपये मृतका संजू यादव के भाई वादी मुकदमा बबलू यादव को देने का आदेश दिया गया।मामला चिरैयाकोट थाना क्षेत्र का है। वादी का कथन था कि उसकी बहन संजू यादव का विवाह वर्ष 2017 में चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के जसड़ा खिलवा गांव निवासी राजेश उर्फ अक्षत राज यादव पुत्र पब्बर यादव के साथ हुई थी।आरोप था कि आरोपी दहेज में 2 लाख रुपये और बुलेट के लिए संजू यादव को प्रताड़ित करते थे तथा 17 जुलाई 2017 को उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले की विवेचना कर पति राजेश उर्फ अक्षत राज यादव और सास लीलावती देवी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। एडीजे ने दोनों पक्षों के तर्कों और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी पति राजेश उर्फ अक्षत राज यादव व सास लीलावती देवी को हत्या, दहेज हत्या, प्रताड़ना और दहेज मांग के मामले में दोषी पाया। दोषी पाए जाने के बाद दोनों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास के साथ 10-10 हजार रुपये अर्थदंड, प्रताड़ना के मामले में 3-3 वर्ष की सजा व 1-1 हजार रुपये अर्थदंड, दहेज लेने के मामले में 5 वर्ष की सजा व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड तथा दहेज मांग के मामले में 1-1 वर्ष की सजा व 1-1 हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया।

यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया ने हर्षोल्लास से मनाया 50वीं वर्षगांठ

स्वतंत्रभारत मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे में स्थित यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की 50वीं वर्षगांठ पर बैंक परिसर में आयोजन करके दर्जनों सम्मानित खाता धारकों को सम्मानित किया गया इस मौके पर शाखा प्रबंधक आशीष कुमार पांडे का स्थानांतरण हैदराबाद प्रांत में हो जाने के पश्चात उनका एक विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया इस मौके पर नवागत शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार पाठक ने भी अपना कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात सम्मानित खाता धारकों से अपील किया कि पूर्व की भांति तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा जो भी सहयोग किया जाता है वह पूरी तरह से आप लोगों को मिलता रहेगा बैंक आपके हित के लिए सदैव तत्पर है इस मौके पर डिप्टी रीजनल मैनेजर यूनियन बैंक मऊ अनिल कुमार सिन्हा ने

बताया कि आज यह बैंक 50 वर्षगांठ के रूप में पहुंच चुका है और आगे भी यह बैंक दिन प्रतिदिन रात तरक्की करें हमारी शुभकामनाएं आप सभी सम्मानित खाताधारकों के साथ है इस मौके पर आशीष अग्रवाल शुभम चौरसिया अरविंद कुमार गुप्ता कमलेश सिंह फील्ड ऑफिसर देवेंद्र प्रताप सिंह प्रबल विवेक कुमार आशीष कुमार सोनकर अखिलेश यादव श्रीकेश समेत सम्मानित खाता धारक एवं संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

विद्युत की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

स्वतंत्रभारत मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नदवासराय मे शुक्रवार की अलसुबह उस समय अफरातफरी मच गई जब एक ब्यक्ति की समरसेबल चालू करने के लिए विद्युत तार लगाने गया और विद्युत की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।घोसी कोतवाली क्षेत्र में ग्राम पंचायत नदवासराय निवासी बबलू कनौजिया पुत्र छोटक कनौजिया उम्र35वर्ष शुक्रवार की सुबह लगभग पांच बजे घर के बाहर नया बोरिंग कराये समरसेबल के पानी की सफाई के लिए विद्युत तार लगाने गया। एक तार विद्युत प्रवाहित हो रहे तार मे लगा और दूसरा तार अचानक छूटकर उसके हाथ में आ गया जिसके चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।बबलू सऊदी अरब मे रहकर प्राईवेट कम्पनी में काम करता था जो दो महीने पहले सऊदी अरब से कमा कर परिवारजनों मे घर आया था और अगले हफ्ते पुनः सऊदी जाने का टिकट निकलवाया था बबलू अपने पीछे दो छोटी छोटी पुत्रियों को छोड़ गया अचानक हुई बबलू की मौत से पूरे ग्राम सभा में मातम छा गया।

भूमि विवाद में चचेरे भाई को गोली मारने से मचा हड़कंप

स्वंतत्र भारत मऊ। हलधरपुर थाना क्षेत्र के अईलख गांव में गुरुवार को पुरानी रंजिश और भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक युवक ने अपने चचेरे भाई पर लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल युवक का इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही हलधरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने बताया कि घायल के भाई वीर प्रताप सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है। पिता की हत्या का बदला लेने के लिए चली गोली क्षेत्रीय ग्रामीणों के अनुसार प्रवीण सिंह और उसके चाचा हरिशंकर सिंह के बीच 14 साल से जमीन का विवाद है और कोर्ट में मामला चलता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त में अवैध वसूली का आरोप

स्वतंत्र भारत मऊ। नगर पंचायत अमिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत दूसरी किस्त जारी करने के नाम पर कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। अमिला निवासी क्रांतिकारी नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी विवेक राय उर्फ गोलू राय ने राजस्व कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लाभार्थियों से दूसरी किस्त दिलाने के नाम पर धन की मांग की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के 15 वार्डों के सभासद भी इस मामले में जिम्मेदारी से बच नहीं सकते और गरीबों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।विवेक राय ने कहा कि लाभार्थियों को पहली किस्त मिलने के बाद कई लोगों के मकान अधूरे पड़े हैं। किसी का केवल कुर्सी भर निर्माण हो सका है तो किसी की दीवारें खड़ी होकर अधूरी रह गई हैं। दूसरी किस्त न मिलने से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है, जिससे गरीब परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों से यह कहकर धन लिया जा रहा है कि राशि ÷ऊपर तक पहुंचानी÷ पड़ती है। राय ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है और अधूरे मकानों में रहने वाले गरीब परिवार अपने आशियाने को लेकर चिंतित हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर दूसरी किस्त जारी नहीं हुई तो बरसात के दौरान कई परिवारों के सामने रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर लाभार्थियों को राहत 1)दिलाने की मांग की है। जबकि इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अमिला मनोज कुमार यादव से टेलिफोनिक संपर्क करने पर मोबाइल फोन नहीं उठाते हैं वही एडीएम मऊ से सम्पर्क करने पर बताया गया कि इस संबंध मे हमें अभी कोई जानकारी नहीं है फिलहाल संज्ञान मे आया है तो जाँच कर समय को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कि जाएगी।

पीजी कालेज ग़ाज़ीपुर में प्रवेश 30 जून तक

स्वतंत्र भारत गाज़ीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में सत्र 2026-27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को अच्छी खबर है। कालेज प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 25 जून 2026 तक कालेज की आधिकारिक वेबसाइट *www.pgcghazipur.ac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं तथा निर्धारित प्रवेश शुल्क भी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। पहले यह अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित थी, जिसे अब 30 जून 2026 तक बढ़ाया गया है। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस विस्तार से उन अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा जो विभिन्न कारणों से समय पर आवेदन नहीं कर पाए थे। उन्होंने सभी इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे समय रहते वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण पूर्ण कर लें और आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें।विस्तृत जानकारी, पात्रता मानदंड तथा प्रवेश परीक्षा संबंधी सूचना एवं दिशा-निर्देश समय - समय पर महाविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाती रहेगी हैं।

ठगी के 50 हजार रुपये पीड़ित को कराए वापस

स्वतंत्र भारत संवाददाता। मोहम्मदाबाद गाजीपुर। जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना करीमुद्दीनपुर की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। टीम ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार एक व्यक्ति की ठगी गई 50 हजार रुपये की पूरी धनराशि (100 प्रतिशत) वापस कराकर पीड़ित को राहत दिलाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना करीमुद्दीनपुर क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर खास निवासी आकाश गुप्ता पुत्र शिवजी गुप्ता के साथ 50 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। घटना के बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (ह्वष्टक्र) पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होते ही थाना करीमुद्दीनपुर की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक राज नारायण के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फ्रॉडस्टर से पूरी धनराशि वापस कराकर पीड़ित के खाते में जमा करा दी। इस सफलता से आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और साइबर मामलों में त्वरित पुलिस कार्रवाई के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में शामिल रहे– प्रभारी निरीक्षक राज नारायण,साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक शैलेश कुमार राय, हेड कांस्टेबल अमित कुमार,कांस्टेबल जय सिंह,कांस्टेबल अश्वनी कुमार, महिला कांस्टेबल पूनम देवी, पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या ह्वष्टक्रपोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते धनराशि को सुरक्षित कराया जा सके।

जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जा रहा मोहर्रम

स्वतंत्र भारत जमानिया/सेवराई गाजीपुर। जनपद गाजीपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में मोहर्रम का पर्व पूरी अकीदत, श्रद्धा और गमगीन माहौल में मनाया जा रहा है। गाजीपुर शहर, जमानिया, करण्डा क्षेत्र के उसिया, सेवराई, बहादुरगंज सहित अन्य कस्बों एवं गांवों में मजलिसों का आयोजन किया जा रहा है, जहां उलेमा और जाकिर कर्बला की दर्दनाक घटना का बयान कर रहे हैं। मजलिसों में नौहा और मर्सिया पढ़कर हजरत इमाम हसन एवं हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि कर्बला का संदेश इंसानियत, सत्य, न्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़े होने की सीख देता है। बड़ी संख्या में अकीदतमंद मजलिसों में शामिल होकर इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को खिराज-ए-अकीदत पेश कर रहे हैं। मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर सुरक्षाह्व व्यवस्था के व्यापक

इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जुटा है, जिससे सभी धार्मिक कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

या हुसैन की सदाओं से गूंजा यूसुफपुर-मुहम्मदाबाद मातमी जुलूस में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

स्वतंत्र भारत मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)। माहे मोहर्रम के मौके पर शुक्रवार को यूसुफपुर और मुहम्मदाबाद नगर क्षेत्र पूरी तरह इमामे हुसैन की याद में डूबा नजर आया। नगर की गलियों, चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर ÷या हुसैन÷ और ÷सलाम इब्ने हैदर पे लाखों सलाम÷ की सदाएं गूंजती रहीं। हर तरफ गम, मातम और कर्बला के शहीदों की याद का माहौल दिखाई दिया। यूसुफपुर फाटक, लाठी मोड़ तथा मुहम्मदाबाद के जफरपुरा, जामा मस्जिद, सदर रोड, अग्रवाल टोली और पोखरा मोहल्ला समेत विभिन्न क्षेत्रों से हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन की याद में ताजिया जुलूस बड़े अदब, एहतराम और अकीदत के साथ निकाले गए। ताजियों की भव्य सजावट और आकर्षक स्वरूप लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा। यूसुफपुर के लाठी मोड़ पर उस समय भावुक दृश्य देखने को मिला, जब

लगभग 35 से 40 ताजिये एक साथ उठे और पारंपरिक लाठी मिलनी की रस्म अदा की गई। हजारों की संख्या में मौजूद अकीदतमंदों ने ÷या हुसैन÷ की सदाओं के बीच इस दृश्य को देखा और कर्बला के शहीदों को याद कर नम आंखों से खिराजे अकीदत पेश की। जुलूस के दौरान विभिन्न मातमी अंजुमनों ने नौहाखानी और मर्सियाखानी प्रस्तुत कर कर्बला की शहादत को जीवंत कर दिया। दर्दभरी आवाजों के बीच ÷हाय हुसैन÷ की सदाएं गूंजती रहीं और मातम का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। वहीं, नगर के विभिन्न स्थानों पर पारंपरिक लकड़ी का खेल, बनेटी और अन्य करतबों का भी प्रदर्शन किया गया। विभिन्न समुदायों के लोगों ने जगह-जगह पानी, शर्बत और अन्य सेवाओं की व्यवस्था कर गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की। देर रात तक ताजिया जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए कर्बला पहुंचे, जहां नौहा, सलाम, मातम और फातिहा का सिलसिला जारी रहा। अकीदतमंदों ने अश्कबार आंखों से इमामे हुसैन की शहादत को याद करते हुए उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार भ्रमण कर हालात पर नजर बनाए रहे और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। माहे मोहर्रम का यह मातमी जुलूस एक बार फिर कर्बला के शहीदों की कुर्बानी, सब्र, इंसाफ, सच्चाई और इंसानियत के पैगाम को जीवंत करता नजर आया।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, शनिवार, 27 जून. 2026

अयोध्या
अम्बेडकर नगर

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के घर में हुई महा डकैती

आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में मत्था टेकने के बाद रामलला का दर्शन और पूजन किया, उन्होंने कहा- भगवान राम के दरबार में जो भी घोटाला हो रहा है, वह स्वयं देख रहे हैं, उनकी लाठी में आवाज नहीं है, लेकिन सजा मिलनी ही मिलनी है

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने आज कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के घर में महाडकैती हुई है। भगवान के आभूषण, हार, पादुका, सोना-चांदी, हीरे-जवाहरात और करोड़ों-अरबों रुपये का चढ़ावा गायब हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस कथित मामले में बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। उन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बनायी गयी एसआईटी और दर्ज एफआईआर फर्जी है। इनमें केवल छोटे लोगों को आरोपी बनाया गया है, जबकि असली जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंची है और दोषियों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। केजरीवाल ने अपने आरोपों समर्थन में उन्होंने सिंधी एसोसिएशन के द्वारा 2021 में 200 किलो चांदी दान किये जाने का उदाहरण देते हुए कहा कि अब दानदाताओं के मन में भी अपने चढ़ावे को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि श्रीराम स्वयं देख रहे हैं और इसका निराकरण वही करेंगे। उन्होंने कहा कि हम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का दर्शन करने और श्रद्धालुओं की भावनाओं के समर्थन में अयोध्या आये हैं। वहीं उनके आरोपों को लेकर राजनैतिक हल्कों में नई बहस शुरू हो गयी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जबसे राम मंदिर बनना शुरू हुआ है तबसे जमीन घोटाला, करोड़ों रुपयों का घोटाला, जेवरों का घोटाला, घोटाले पर घोटाला हो रहा है परन्तु किसी ट्रस्ट के अधिकारी या योगी सरकार या केन्द्र सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही थी। आज वह समय आ गया, सारे घोटाले धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के घर में देर है अंधेर नहीं है। खरबों रुपया गायब हो जाने के बाद भी श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट को पता न चले यह असंभव है। इसके पहले खरबों रुपये का जमीन घोटाला सामने आया, इस पर भी केन्द्र सरकार और न ही यूपी सरकार ने कोई बयान दिया और घोटाले पर घोटाला होता रहा। उन्होंने दावा किया है कि राम मंदिर की डकैती का मामला स्वयं भगवान पुरुषोत्तम देखेंगे और वही न्याय करेंगे।

अयोध्या में गर्मी चरम पर, जीवन अस्त-व्यस्त

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) भीषण गर्मी को देखते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी में श्रद्धालु तो परेशान ही हैं साथ ही साथ यहां की जनता बेहाल नजर आ रही है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। आज मोहर्रम का दिन होने के नाते ताजिया भी देर से निकली है क्योंकि भीषण गर्मी को देखते हुए मोहर्रम के श्रद्धालु ताजिया लेकर सड़क पर नहीं उतरे। यहां तक कि घरों में भी इसका असर दिखायी दे रहा है। लोग परेशान नजर आ रहे हैं। जबकि अयोध्या नगरी में पेड़ तो है ही नहीं जिससे गर्मी से यहां की जनता ज्यादा परेशान नजर आ रही है।

सुरक्षा के बीच सुपुर्दे खाक हुए ताजिये

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) मोहर्रम के अवसर पर आज इमाम हुसैन की याद में अकीदत और गम के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। या हुसैन, या हुसैन की सदाओं और नौहाख्वानी के बीच ताजियों के परम्परागत रीति से सुपुर्दे खाक किया गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। सुबह विभिन्न इमामबाड़ों में अलविदाए नौहा पढ़ा गया। इसके बाद पूरे जिले में विभिन्न क्षेत्रों से ताजियों के जुलूस निकाले गये और एक जगह शामिल हुए। अकीदत मंदों ने नौहाख्वानी और मातम के जरिये हजरत इमाम, हुसैन और उनके साथियों की सहादत को श्रद्धापूर्वक याद किया, जहां धार्मिक परम्परा के अनुसार उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में गम और अकीदत का माहौल रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुलूस में शामिल हुए। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये संवेदनशील स्थानों पर पुलिस एवं पीएससी के नौजवान भी तैनात रहे। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा अपर जिलाधिकारी नगर ने भी पूरे क्षेत्र का जगह-जगह देखा और सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी करने का निर्देश दिया। **इसी बीच** इनायतनगर थाना क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शुक्रवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और आपसी सौहार्द के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। भीषण गर्मी और आग बरसाती धूप के बावजूद क्षेत्र के 32 ताजियादारों ने अलीपुर खजुरी ग्राम सभा स्थित कर्बला में पूरे धार्मिक रीति-रिवाज के साथ ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया। कर्बला में इनायतनगर, कदनपुर, किनौली, कोटवा, उछाहपाली, कुचेरा, छत्तर पाठक का पुरवा, बरियादेई, माली का पुरवा, सेवरा, सलोनी, अलीपुर खजुरी समेत आसपास के अनेक गांवों के ताजिए पहुंचे। ताजियों के दफन के दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। पूरे आयोजन में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली।

नगर निगम की लापरवाही से नहीं भरा जा रहा गड्ढा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) रामपथ मार्ग के गुलाबबाड़ी के मोड़ पर आज कई महीनों से एक भीषण गड्ढा दिखायी दे रहा है। दुर्घटना कभी भी हो सकती है। इसको देखते हुए स्थानीय लोगों ने नगर निगम में जाकर शिकायत भी दर्ज करायी परन्तु अनदेखी कर दिया गया। उस रोड से तमाम चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन, पैदल चलने वालों की लाइन लगी रहती है, उसके बाद भी नगर निगम देख करके भी अनदेखा कर रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साहबगंज के कई लोगों ने इसकी शिकायत स्वयं जाकर दर्ज करायी है, लेकिन वहां के अधिकारी अनदेखा कर दे रहे हैं। जिस दिन कोई दुर्घटना हो जायेगी तो नगर निगम इसका जिम्मेदार होगा। नगर निगम के अधिकारियों को क्यों नहीं लगता कि यह गड्ढा भरना बहुत जरूरी है। उस रास्ते से बच्चे भी गुजरते हैं। अब तो स्कूल में खुलेगा।

किसानों की आय बढ़ाने में मसाला फसलों की भूमिका महत्वपूर्ण

स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा भारत सरकार की अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत 'मसाला फसलों की उन्नतशील खेती' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विवि के कुलपति डा ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के कुशल दिशा-निर्देशन में सोहावल के मगलसी गांव मेंआयोजित किया गया। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. धनन्जय कुमार उपाध्याय ने कहा कि हल्दी, धनिया, मिर्च, जीरा, सौंफ तथा मेथी जैसी मसाला फसलें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डा. कुलदीप पांडेय ने बताया कि मसाला फसलों की खेती कम लागत में अधिक लाभ देने वाली है। साथ ही इन फसलों की देश एवं विदेश में लगातार बढ़ती मांग के कारण किसानों को बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त हो रहा है। डा. हितेष कुमार ने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई तकनीक तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के आधुनिक उपायों की जानकारी दी। डा. अनिल कुमार ने बताया कि मसाला फसलों की वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन एवं बेहतर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के उपरांत किसानों को धनिया, मेथी एवं सौंफ के उन्नत बीज, विभिन्न सब्जी बीज, फफूंदनाशक, कीटनाशक तथा सूक्ष्म पोषक तत्व निःशुल्क वितरित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 से ज्यादा अनुसूचित जाति कृषकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिष्ठाता उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय डॉक्टर भगवान दीन ने हर्ष व्यक्त किया एवं भविष्य में भी किसान हित में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही ।

धरती माता के साथ बंद हो अन्याय : शिवराज सिंह चौहान

स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.) खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने दौरे पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने ' स्वस्थ मिट्टी सशक्त किसान, समृद्ध भारत ' विषय पर संगोष्ठी में शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष आचार्य श्याम बिहारी गुप्ता मौजूद रहे। आईसीएआर नई दिल्ली के महानिदेशक डा. एम.एल. जाट एवं उप महानिदेशक कृषि प्रसार डा. राजबीर सिंह भी मौजूद रहे। कृषि विवि के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत किया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बतौर मुख्यअतिथि किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश में रामराज्य लाना चाहते हैं। हमारा आदर्श रामराज्य है। मंत्री शिवराज ने कहा कि धरती के साथ खिलवाड़ करना बंद करना होगा। हम धरती माता के साथ अन्याय कर रहे हैं। कहा कि खाद की मात्रा देश में बहुत अधिक है लेकिन सीमित मात्रा में ही डालें। अगर खेतों में ऐसे ही रासायनिक उर्वकों का प्रयोग होता रहा तो यह धरती माता एक दिन अन्न उगाने से इंकार कर देगी और जमीन बंजर हो जाएगी। दवा का अत्यधिक प्रयोग से केंचुएं मर गए है जो मिट्टी को उपजाऊ बनाने में मदद करता है। आज का समय इंट्रीग्रेटेट फार्मिंग का है। अलग-अलग फसलों का प्रयोग करना होगा इससे मिट्टी भी उपजाऊ होगी। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस अभियान के बाद उनका अगला लक्ष्य मिट्टी परीक्षण का है और इसके लिए तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है क्योंकि आई.सी.ए.आर. नई दिल्ली ने उत्तर प्रदेश का रोड मैप तैयार किया गया है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि रोड मैप का मतलब कृषि में वैज्ञानिक खेती, बढ़ते तापमान, सूखा, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पहली बार भारत सरकार को कोई कृषि मंत्री आचार्य नरेंद्र देव में पहुंचा है और पैदावार में भी बढ़ोतरी होती है। सर्टिफाइट के माध्यम से बीज के लागत को सरकार ने आधा कर दिया है जिससे कि किसान आत्मनिर्भर हो सकेगा। मंत्री शाही ने कहा कि हम आत्मनिर्भर बनेंगे तो हमें विदेशों से उर्वरक, सेब, दाल मंगाने की परेशानी से मुक्त हो सकेंगे और स्वाभिमान के साथ जीवन यापन कर सकेंगे। आईसीएआर नई दिल्ली के महानिदेशक डा. एम.एल जाट ने कहा कि आज का दिन बहुत खास है क्योंकि आज उत्तर प्रदेश का 2047 का कृषि रोड मैप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री शाही को बधाई दिया जिन्होंने इस कृषि विवि को होनहार डायनमिक कुलपति दिया है। अलनीनो से किसानों को जागरूक करने के साथ साथ धरती माता को केमिकल से बचाने की जरूरत है। डा. जाट ने कहा कि छोटे-छोटे कदम और सही खेती से किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। धरती का स्वास्थ्य सही रखेंगे तो अधिक दवा नहीं देनी पड़ेगी।

समाजसेवी राजन पांडेय ने की भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात

स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.) भरत तिवारी के एनकाउंटर को लेकर देश भर में जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है गुरुवार को समाजसेवी राजन पांडेय ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जाकर परिजनों से मुलाकात कर भरत तिवारी को न्याय दिलवाने की मांग की। समाजसेवी राजन पांडेय ने शहीद भरत तिवारी की माता को 51000 रुपए की आर्थिक मदद पहुंचाई और वहां उपस्थित लोगों से वादा किया कि उनके द्वारा भरत तिवारी का एक भव्य मंदिर अपने निजी खर्च से बनवाया जाएगा इस मंदिर में भरत तिवारी की मूर्ति मुखिया बुलबुल मिश्रा के द्वारा लगवाई जाएगी। राजन पांडेय ने सरकार से निवेदन किया है कि इस एनकाउंटर की सीबीआई जांच करवाकर इसमें शामिल दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। राजन ने आगे कहा कि आज भारत के कोने कोने से भरत तिवारी को आदर्श मानने वाले युवा आगे आ रहे है जो चाहते है हमारा देश भ्रष्टाचार मुक्त हो। राजन ने बताया कि भरत तिवारी समाज के गरीब वंचित शोषित जरूरतमंद लोगों की आवाज थे उन्होंने समाज के हक की लड़ाई लड़ते हुए अपनी जान गंवाई है इसलिए पूरा समाज उन्हें न्याय दिलवाने के लिए एकजुट है। राजन ने इस फेक एनकाउंटर पर कहा कि यह एक व्यक्ति की मौत नहीं बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और न्याय व्यवस्था से जुड़ा मामला है इसलिए इस मामले में पारदर्शिता बरती जाए। समाजसेवी राजन पांडेय के साथ मुखिया बुलबुल मिश्रा, ओमप्रकाश यादव, अनिल मिश्रा, अंकित पांडेय जिला पंचायत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

खड़ी पंचर डीसीएम में बाइक घुसी, युवक की मौत

स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.) अहिरौली थाना क्षेत्र के पियारेपुर स्थित हनुमान मंदिर के पास शुक्रवार करीब 12:00 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सुरेन्द्र कुमार (36) पुत्र जियाराम, निवासी ग्राम गौवहनिया बंधनपुर, थाना गोसाईगंज, जनपद अयोध्या, अपनी पत्नी सरिता (34) और पुत्र सत्यम (10) के साथ बाइक से अकबरपुर अस्पताल अपनी सास को देखने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि वे जिला अस्पताल में भर्ती अपनी सास का हालचाल जानने के लिए निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे एक डीसीएम का चक्का पंचर होने के कारण वह सुबह से ही खड़ी थी। इसी दौरान सुरेन्द्र कुमार की बाइक पीछे से डीसीएम में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेन्द्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी सरिता और पुत्र सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को पहले उपचार के लिए सीएचसी कटेहरी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, सुरेन्द्र कुमार के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि घायल सरिता का मायका खरगपुर में है।

अम्बेडकरनगर में मोहर्रम सकुशल सम्पन्न

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया ने पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम अकबरपुर, श्रीमती प्रतीक्षा सिंह सीओ सिटी नितीश तिवारी और पुलिस बल के साथ मोहर्रम के दृष्टिगत अकबरपुर नगर क्षेत्र के प्रमुख एवं संवेदनशील क्षेत्रों में निकलकर भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा ताजिया मार्गों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सम्बन्धित अधिकारियों के सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मोहर्रम को आपसी भाईचारे और शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिलाधिकारी ने मोहर्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ए.एस.पी., एसडी. एम, सीओ एवं पुलिस बल के साथ जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर ताजिया मार्गों, सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सकुशल सम्पन्न कराया।

प्रतिबंधित हरा पेड़ काटने के आरोप में ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत मवई (सं.) मवई पुलिस ने प्रतिबंधित हरा पेड़ काटने के आरोप में ठेकेदार के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस ने मौके से लकड़ी काटने के औजार भी बरामद किया है।थाना क्षेत्र के ग्राम नौरोजपुर बघेड़ी के संतकुमार की बाग में एक प्रतिबंधित नीम का हरा पेड़ ठेकेदार द्वारा कटवाया जा रहा था।इसकी सूचना जब पुलिस को मिली तो थानाध्यक्ष ने तत्काल उप निरीक्षक विपिन मौर्या को मौके पर भेजा। उप निरीक्षक ने कांस्टेबल अंशू रावत के साथ मौके पर पहुंचे तो ठेकेदार पुलिस को देखकर फरार हो गया था। पुलिस को मौके से पेड़ काटने के लिए प्रयोग की जाने वाली एक चैनल लगी मशीन व दो बांके बरामद हुए।कटी हुई लकड़ी को पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाने उठा ले गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि ठेकेदार बलऊ पुत्र त्रिभवन निवासी नौरोजपुर के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पर्वतीय एवं ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर इसकी विवेचना उप निरीक्षक दिनेश सिंह को सौंप दी गई है।

किसान की बेटी ने रचा इतिहास

स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या) प्रतिभा और मेहनत के बल पर हर मंज़िल हासिल की जा सकती है। इसका जीवंत उदाहरण शाहगंज क्षेत्र के पलियामाफी गांव की रहने वाली सौम्या यादव हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद देश के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में हिंदी विषय से एम.ए. में प्रवेश प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सौम्या यादव किसान गुरुप्रसाद यादव की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, फैज़ाबाद से प्राप्त की। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली से संस्कृत विषय में स्नातक की उपाधि हासिल की। हाल ही में आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से सौम्या का चयन जेएनयू में हिंदी विषय से एम.ए. के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस पाठ्यक्रम में केवल 30 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें स्थान प्राप्त करना अत्यंत प्रतिस्पर्धी माना जाता है।

स्वतंत्र भारत
लखनऊ, शनिवार, 27 जून, 2026 10

बरेली आसपास

अवैध बीयर पकड़ने गई आबकारी टीम पर हमला, इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ी... महिलाएं सबूत लेकर फरार

आबकारी टीम पर हमला करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा : उप आबकारी आयुक्त

-स्वतंत्र भारत-

बरेली/पीलीभीत। परिक्षेत्रीय अवैध बीयर की बिक्री पर शिकंजा कसने पहुंची आबकारी विभाग की टीम पर आरोपियों ने हमला बोल दिया। कार्रवाई के दौरान महिलाओं ने आबकारी इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ दी और जब्त की गई बीयर की केनों से भरी बोरी छीनकर फरार हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के सिमरा ताल्लुके महाराजपुर गांव में आबकारी इंस्पेक्टर डॉ. दीपक राय के नेतृत्व में टीम अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही थी। सूचना पर मोतीचंद की परचून दुकान पर छापा मारकर 10 बीयर की केन बरामद की गईं। लाइसेंस मांगने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला, जिसके बाद टीम ने जब्ती की कार्रवाई शुरू की।इसी दौरान दुकानदार के परिवार की दो महिलाएं मौके पर पहुंचीं और आबकारी टीम से हाथापाई करते हुए बीयर की बोरी छीन ली। आरोप है कि इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ दी गई, जबकि मोतीचंद भी डंडा लेकर टीम पर हमला करने पहुंच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी दुकान बंद कर फरार हो चुके थे। उप आबकारी आयुक्त राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि ऐसा कृत्य करना घोर अपराध है, मामले की जांच कराई गई है। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और अवैध शराब बिक्री समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भाजपा ब्रज में नेतृत्व परिवर्तन के बाद तेज हुई गुटीय हलचल

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। भाजपा के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष के रूप में पूरन लाल लोधी की ताजपोशी के बाद संगठन के भीतर नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा तेज हो गई है। पूर्व जिलाध्यक्ष रहे पूरन लाल लोधी को पूर्व सांसद राजवीर सिंह 'राजू भैया' का करीबी माना जाता है। उनके अध्यक्ष बनने के बाद क्षेत्रीय संगठन में नई टीम के गठन और नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। शहर में लगे स्वागत होर्डिंग भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। अधिकांश होर्डिंगों में प्रदेश उपाध्यक्ष बने दुर्विजय सिंह शाक्य को प्रमुखता मिलने से संगठन के भीतर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं, क्षेत्रीय टीम में स्थान पाने के लिए नेताओं और पदाधिकारियों की मुलाकातों का दौर भी तेज हो गया है। लॉ ग्रेजुएट पूरन लाल लोधी वर्ष 1989 से भाजपा संगठन में सक्रिय हैं। राम जन्मभूमि आंदोलन में भी उनकी भूमिका रही है। वह जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि उनका लक्ष्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। हालांकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय टीम का संतुलित गठन और विभिन्न जिलाध्यक्षों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखना होगी।

1975 की आधी रात को हुई थी लोकतंत्र की हत्या: वीरेंद्र अटल

दो साल बाद जनता ने तानाशाही सरकार का तख्ता पलट किया

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। 25 26 जून 1975 को आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सत्ता पर काबिज रहने की गरज से लोकतंत्र की हत्या कर तानाशाही का राज स्थापित कर दिया था। 19 77 में हुए लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने लोकतंत्र की रक्षा करते हुए तानाशाही सरकार का तख्ता पलट दिया था।

यह कहना है भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल का। वे शुक्रवार को उपजा प्रेस क्लब में आयोजित गोष्ठी में बोल रहे थे। 25 26 जून आपातकाल को देश भर के लोकतंत्र सेनानी काला दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में उन्होंने अपने साथियों से आवाहन किया कि हम सभी को देश की वर्तमान युवा पीढ़ी को आपातकाल में हुए अत्याचारों की कहानी से परिचित कराना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि 1975 में केंद्र सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की थी। लोकतंत्र को बचाने की खातिर लाखों लोगों ने इमरजेंसी की यातनाओं को झेला। 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में संघर्षशील लोगों के विशेष प्रयास से कांग्रेस विरोधी सरकार स्थापित हुई थी। इसलिए वर्तमान केंद्र सरकार को आपातकाल के संघर्षशील योद्धाओं को स्वतंत्रता सेनानी के बराबर सुविधा दी जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर चौधरी ने प्रदेश सरकार से मांग की कि महंगाई को देखते हुए लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि मे दस हजार रुपए की वृद्धि की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की की प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रदेश के सभी लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को लखनऊ में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर वेद प्रकाश वर्मा , विनोद कुमार गुप्ता, सुमंत महेश्वरी, राजेंद्र पाल सिंह, शोभा शर्मा, कंचन शर्मा ने भी आपातकाल के दौर की घटनाएं सुनाई।

ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष बनने के बाद पूरन लाल लोधी ने वृंदावन में किए दर्शन, जनसेवा का लिया संकल्प

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ने पदभार मिलने के बाद मथुरा-वृंदावन पहुंचकर ठाकुरजी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी नियुक्ति को ईश्वर की कृपा और पार्टी नेतृत्व के विश्वास का परिणाम बताते हुए संगठन की मर्यादा में रहकर जनसेवा करने का संकल्प दोहराया। लोधी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व तथा पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता के साथ कार्य करना और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की रहेगी। दर्शन-पूजन के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। समर्थकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और संगठन को सशक्त बनाने में उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में ब्रज क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

चार दिन की फरारी का अंत: पुलिस मुठभेड़ में दबोचा गया आजीवन कारावास का कैदी, पैर में लगी गोली

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। इज्जतनगर स्थित केंद्रीय कारागार से फरार आजीवन कारावास की सजा काट रहा सिद्धदोष कैदी दिनेश आखिरकार चार दिन बाद पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घायल हालत में उसे उपचार के बाद दोबारा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशन में पुलिस को सूचना मिली कि फरार कैदी परतापुर में छिपा है और तमंचा लेकर अमरोहा भागने की फिराक में है। घेराबंदी के दौरान वह एक खंडहर में छिप गया और पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया और दबोच लिया गया।

दिनेश वर्ष 2020 में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट और तत्कालीन आईपीसी की धारा 377 के तहत दोषी ठहराया गया था। अदालत ने 9 जनवरी 2026 को उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। 22 जून को केंद्रीय कारागार के कृषि फार्म से वह दीवार फांदकर फरार हो गया था। इस मामले में जेलर, डिप्टी जेलर समेत सात जेल कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है। आरोपी पर अब जेल से फरारी, पुलिस पर फायरिंग और अन्य धाराओं में भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

बेसमेंट में चल रहे अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा, केजीएन सहारा समेत कई अस्पतालों की ओटी-आईसीयू सील

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। शहर में बेसमेंट में संचालित अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को व्यापक अभियान चलाकर कई निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की। पीलीभीत रोड स्थित केजीएन सहारा हॉस्पिटल का बेसमेंट पूरी तरह अस्पताल संचालन में इस्तेमाल होता मिलने पर उसे सील कर दिया गया। वहीं मौर्य हॉस्पिटल के बेसमेंट में संचालित ऑपरेशन थिएटर (ओटी), आईसीयू समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को भी सील कर दिया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने शहर के विभिन्न अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। नोडल अधिकारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. अजय कुमार और डॉ. लईक अंसारी ने सुरक्षा मानकों, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और भवन उपयोग की जांच की। निरीक्षण में केजीएन सहारा हॉस्पिटल के बेसमेंट में ओटी, पैथोलॉजी लैब और वार्ड संचालित मिले, जिन्हें तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि मरीजों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार अभियान अब ग्रामीण क्षेत्रों तक भी विस्तारित किया जाएगा। जहां भी बेसमेंट में अस्पताल संचालन या सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होगी, वहां नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

संक्षिप्त समाचार

निर्जला एकादशी पर हिंदू जागरण मंच ने बांटा ठंडा शरबत

फरीदपुर। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को स्टेशन रोड, फरीदपुर पर राहगीरों को शरबत वितरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ जलदान के महत्व का संदेश देना रहा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन जलदान को सबसे बड़ा दान माना गया है। उन्होंने सभी लोगों से इस अवसर पर जरूरतमंदों को जल उपलब्ध कराने और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार सिंह भाटी, जितेंद्र चौहान, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा, रघु प्रताप सिंह, ज्ञानेश कुमार, मोहित शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह नितिन वर्मा, करण कश्यप, गौरव श्रीवास्तव, विधान, संजय वर्मा, सुनील श्रीवास्तव नंदवंशी, पुत्तू लाल, जड़ेल सिंह, नितिन गुप्ता, विक्की गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेंथल में अकीदत से मना यौमे आशूरा, किया गया जंजीरों का मातम कर्बला में दफन हुए ताजिए

सेथल। यौमे आशूरा सेंथल तथा समीपवर्ती ग्राम लाडपुर उस्मानपुर,टांडा सादात, पनुआ,रसूला तालिब हुसैन एवं खिजरपुर आदि में पूरी अकीदत के साथ मनाया गया।

कस्बे में सुबह होते ही इमामबाडा कला पर अन्जुमन असगरिया,हैदरी,पंजेतनी, यादगारे हुसैनी के जुलूस पहुंचे और नौहेख्वानी की ताजिए की जियारत करायी गयी। शाम को इमामबाडा कला से मजलिस उपरांत ताजिए का कदीमी जुलूस उठा मजलिस को मौलाना कैफी ने खिताब करते हुए हजरत इमाम हुसैन की शहादत का मार्मिक वर्णन किया ।इस जुलूस में समीर हुसैन, मोहसिन रजा,जौहर अब्बास आदि ने मर्सिया ख्वानी कीजुलूस के। मुख्य चौराहे पर पहुंचने पर जंजीर और कमा का मातम शुरू हुआ तथा समीपवर्ती ग्रामो के ताजिए भी जुलूस में शामिल हुए और फिर या हुसैन की सदाओं के बीच अकीदत के साथ। कर्बला में ताजिए दफन हुए ।रात्रि शामे गरीबा की मजलिस बड़े इमामबाड़े में हुई और अन्जुमन असगरिया के तत्वाधान में इमाम हुसैन के शबीहे ताबूत की जियारत करायी गयी।

मोहर्रम का त्योहार क्षेत्र में परंपरागत और शांति पूर्ण वातावरण में हुआ संपन्न

भुता। क्षेत्र में मोहर्रम का त्योहार शुक्रवार को पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कर्बला के शहीदों की याद में विभिन्न गांवों से ताजियों के जुलूस निकाले गए।

हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर क्षेत्र के गांव सिंघाई, कोठा मक्खन फैजनगर, केसरपुर, डंडिया फैजनगर मल्हपुर, कस्बा भुता,सहित सभी मुस्लिम बाहुल्य कई गांवों में ताजियों के जुलूस निकाले गए। जुलूस में शामिल लोगों ने मातम मनाते हुए कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान रैन स्थलों पर खिलाड़ियों ने पारंपरिक हथियारों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखाए। शाम के समय ताजियों को कर्बला ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इसके साथ ही कई स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया गया, जहां लोगों की भीड़ रही।

मोहर्रम के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन तैनात रहा। पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत महसूस की। समाचार लिखे जाने तक कोई भी अप्रिय घटना का समाचार प्राप्त नहीं हुआ है।

दस रुपए का लालच देकर अधेड मौसा ने किया 11 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास

फतेहगंज पूर्वी। थाना क्षेत्र के एक गांव मे गुरुवार को लगभग 4:00 के वक्त गांव में मोहर्रम का जुलूस निकल रहा था।उसी समय गांव का एक अधेड़ व्यक्ति जो गांव की ही नाबालिक बालिका के साथ रूपयों का लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म करने की नियत से उसे ले गया। दुष्कर्म करने के प्रयास में बालिका ने बचने की कोशिश की तो इतने में हलचल होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।बालिका बुरी हालत में अपने घर की तरफ चल दी।घर पहुंचने पर लड़की की हालत देखकर परिवार वालों को उससे पूछा तो उसने परिवार वालों को घटना के बारे में बताया।उसने बताया कि उसको 10 का लालच देकर गांव का एक व्यक्ति जो रिश्ते में मौसा लगता है उसे सुनसान जगह पर ले गया और उस के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म का प्रयास किया गया पिता की तरफ से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

वार्ड 17 नाग देवता मंदिर पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

बरेली। वार्ड 17 नाग देवता मंदिर हरुनगला में शुक्रवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गयाा जिसमें सभी भक्तों का सहयोग रहा। इस अवसर पर सभी को सेवा भाव के साथ नाग देवता मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया। भंडारा देर तक चलता रहा। कार्यक्रम में राजेश पटेल वार्ड 17 पार्षद प्रतिनिधि व राज बहादुर सक्सेना कैंट विधानसभा संयोजक मनोज पटेल कैलाश दिवाकर नाग देवता मंदिर मुख्य कार्यकर्ता अजय प्रताप सिंह व सरिता चौहान व सुशील गुप्ता विकास मिश्रा नेत्रपाल सिंह, उदित सिंह, रजत शर्मा आदि ने भंडारा में आये लोगों को प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण कराया।

गाली गलौज का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

फतेहगंज पूर्वी। थाना क्षेत्र के नन्हे खां निवासी पढेरा ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें बताया है कि 25,06,20026 को समय लगभग चार बजे गांव के जलालुद्दीन ,जालू, चांद बाबू, अमन, शहनवाज घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे मना करने पर दबंगों ने एक राय होकर हमें और हमारी पत्नी को शकीला बेगम, पुत्र नजीर बेग, बमीना बेगम,पुत्र मैकू, इदुल,नित्रा, लल्ला खां, को लात घुसो से व लाठी डंडों से मारापीटा जिससे हमारे शरीर में चोटें आई और हमारी पत्नी शकीला के सिर में खुली चोट लगी है और हमारे परिवार में भी खुली और गुम चोटें आई हैं। और दबंग लोग जान से मारने की धमकी देते चले गए। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

सम्पत्ति के लालच में वृद्ध की हत्या करने वाला बेटा-बहू गिरफ्तार

फरीदपुर। पिता की संपत्ति हड़पने को लेकर उसके बेटे व उसकी पत्नी द्वारा उनकी हत्या को अंजाम देने वाले पुलिस की नजरों से फरार चल रहे बेटे व उसकी पत्नी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। थाना क्षेत्र के गांव ढकनी राजपुरी निवासी 60 वर्षीय डालचंद राठौर की संपत्ति हड़पने को लेकर 15 जून की सुबह लगभग 5ः00 बजे उसके ही बड़े बेटे गोपीचंद व उसकी पत्नी ज्ञान देवी ने मिलकर लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया था जिसमें बह गंभीर रूप से घायल हो गए थे उनको मारा हुआ जानकर दोनों ही मौके से फरार हो गए थे परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया था।

फरीदपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच निकला मोहर्रम का जुलूस, कर्बला में ताजिए किए गए सुपुर्द-ए-खाक

-स्वतंत्र भारत-

फरीदपुर। कस्बा फरीदपुर में मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होता हुआ कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपराओं के अनुसार ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे आयोजन के दौरान 'या हुसैन' की सदाओं के बीच अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। जुलूस के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की तैनाती प्रमुख चौराहों, संवेदनशील स्थानों तथा जुलूस मार्ग पर की गई थी। कई स्थानों पर अधिकारियों ने स्वयं मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुहर्रम के दौरान प्रदेशभर में भी सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया गया था। कर्बला पहुंचने के बाद धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार ताजियों को दफन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने दुआएं मांगीं और अमन-चैन, भाईचारे तथा देश की खुशहाली की कामना की।

प्रशासन ने आयोजन समिति, धर्मगुरुओं और आम जनता के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी के आपसी तालमेल से मोहर्रम का पर्व पूरी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था की कमान उपजिलाधिकारी राम जनम यादव के नेतृत्व में संभाली गई। मौके पर तहसीलदार प्रशांत अवस्थी, नायब तहसीलदार शिवम पांडेय, द्वितीय नायब तहसीलदार अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार तथा कोतवाली प्रभारी राधे श्याम पुलिस बल के साथ लगातार निगरानी करते रहे। इसके अलावा पीएसी के जवान भी संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहे। प्रशासन ने पूरे जुलूस मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से मोहर्रम का जुलूस सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

अशूरा पर गम में डूबा शहर, शिया समुदाय के मातमी जुलूस में गूंजी 'या हुसैन' की सदाएं

-स्वतंत्र भारत-

बरेली। 10 मुहर्रम (योमे आशूरा) के अवसर पर शुक्रवार को शिया समुदाय की ओर से परंपरागत मातमी जुलूस पूरे अकीदत और गमगीन माहौल में निकाला गया। जुलूस किला सब्जीमंडी स्थित नवाब नब्बू साहब के फाटक से शुरू होकर काला इमामबाड़ा होते हुए रामपुर रोड स्थित शिया कर्बला पहुंचा, जहां विभिन्न धार्मिक रस्मों के साथ इसका समापन हुआ।

जुलूस में जगह-जगह मजलिसों का आयोजन किया गया, जिसमें कर्बला के शहीदों, विशेषकर हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की अजीम कुर्बानी को याद किया गया। इसके बाद अकीदतमंदों ने 'या हुसैन' की सदाओं और मातमी नौहों के बीच छुरियों का मातम कर अपने गम और अकीदत का इजहार किया। पूरे रास्ते माहौल गम-ए-कर्बला में डूबा रहा।

जुलूस की खास बात यह रही कि बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चों ने भी मातम में हिस्सा लिया। बच्चों ने भी परंपरा के अनुसार छुरियों का मातम कर इमाम हुसैन की शहादत को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। मातमी नौहों और सीना-ज़नी के बीच जुलूस अपने तयशुदा मार्ग से आगे बढ़ता रहा।

जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे तथा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

ट्रेन से गिरकर युवती की मौत, जीआरपी ने शव कब्जे में लिया

-स्वतंत्र भारत-

फतेहगंज पूर्वी। बिलपुर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार सुबह एक युवती की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल (जीआरपी) और रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रेलवे पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10:15 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने बिलपुर चौकी पर सूचना दी कि टिसुआ-बिलपुर रेलवे सेक्शन के बीच एक महिला किसी ट्रेन से गिरकर रनओवर हो गई है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक नरवीर सिंह, हेड कांस्टेबल कुलभूषण और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां अप लाइन के बाई ओर एक युवती का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। उसके सिर में गंभीर चोट, बायां हाथ टूटा हुआ तथा घुटनों पर खरोंच के निशान मिले।

करीब 11:30 बजे जीआरपी बरेली के उपनिरीक्षक संजीव कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।शव की तलाशी लेने पर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा बीपीडीएलजी इंटर कॉलेज, विहरा बाजार (बस्ती) का पहचान पत्र बरामद हुआ। दस्तावेजों के आधार पर मृतका की पहचान प्रिन्सी (19) पुत्री राममूरत, निवासी ग्राम खरका, थाना कप्तानगंज, जिला बस्ती के रूप में हुई। मृतका के पास कोई रेल टिकट या पास बरामद नहीं हुआ।

जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के कारण किसी भी ट्रेन का संचालन प्रभावित नहीं हुआ।रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

'या हुसैन, या हुसैन' की सदाओं से गूंज उठा आसमान शहीद-ए-कर्बला की याद में ताजियादारों ने किया मातम

-स्वतंत्र भारत-

फतेहगंज पूर्वी। थाना क्षेत्र के गांव टिसुआ, रधौली, शिवपुरी, कादरगंज, पड़ेरा आदि में मोहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की याद में 'या हुसैन, या हुसैन' की सदाओं से माहौल गमगीन हो गया। टिसुआ में शिया समुदाय के लोगों ने अजादारी करते हुए जंजीरों और छुरियों से मातम किया।लोगों ने सीना पीटकर इमाम हुसैन की शहादत पर गम का इजहार किया।

ताजियादारों ने बताया कि मैदान-ए-कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत हमें अन्याय और बुराई के खिलाफ डटकर संघर्ष करने की प्रेरणा देती है, चाहे इसके लिए अपनी जान ही क्यों न कुर्बान करनी पड़े।

ताजियों के जुलूस के दौरान जगह-जगह पानी की सबील लगाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं की प्यास बुझाई गई। वहीं कई स्थानों पर लंगर का भी आयोजन किया गया, जहां लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर उन्हें भोजन कराया। ताजियादार इमाम हुसैन की याद में गमगीन माहौल में 'या हुसैन, या हुसैन' के नारे लगाते हुए मातम कर रहे थे।

जुलूस के दौरान फतेहगंज पूर्वी पुलिस शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह अलर्ट रही। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि पूरे क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व आपसी भाईचारे और एहतिराम (सम्मान) के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि फतेहगंज पूर्वी नगर में शनिवार को ताजियों का जुलूस निकाला जाएगा। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

हलिया बाजार में चौक से कर्बला के लिए ताजिया रवाना

गमगीन माहौल में उमड़ा जनसैलाब

हलिया (मिर्जापुर)। मोहर्रम के अवसर पर हलिया बाजार के चौक से कर्बला के लिए ताजिया का जुलूस धूमधाम से रवाना हुआ। इमाम हुसैन की याद में निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। एक ताजिए का गुंबद हरे रंग का और दूसरे का लाल रंग का है। दोनों ताजिए चांदी के वर्क, झालरों और हरे-लाल झंडों से सजाए गए हैं। कंधों पर ताजिया उठाए लोग ष्या हुसैनष् की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस में बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी गमगीन माहौल में शामिल हुए। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी लगातार निगरानी करता रहा। कर्बला पहुंचकर ताजिए को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी परंपरा और सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाया जा रहा है।इसी प्रकार में अन्य क्षेत्रों में भी ताजिया का जुलुस कर्बला में सुपुर्द खाक हुआ है सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मय टीम के साथ लगे रहे।

ताजिया जुलूस के चलते हलिया सब स्टेशन से जुड़े तीन फीडर बंद

हलिया (मिर्जापुर)। मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को देखते हुए हलिया सब स्टेशन से जुड़े हलिया फीडर, ड्रमंडगंज फीडर और अदवा फीडर की बिजली आपूर्ति तीन घंटे तक अस्थायी रूप से बंद कर दी गई। ताजिया हलिया बाजार की गलियों से होकर गुजर रहे हैं। नीले-पीले और गुलाबी रंगों से सजे ऊंचे ताजियों के साथ बड़ी संख्या में अकीदतमंद चल रहे हैं। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी जुलूस में शामिल हैं। कई लोग मोबाइल से ताजिए की फोटो-वीडियो भी लिया हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ताजियों की ऊंचाई अधिक होने और बिजली तारों से टकराने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया है। हादसे की रोकथाम के लिए जुलूस के मार्ग पर पड़ने वाले तीनों फीडरों को शटडाउन किया गया है। विभाग ने बताया कि जुलूस के कर्बला पहुंचने और ताजिया दफ्न होने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की गई है।

अघोषित बिजली कटौती से बरोंधा में जनजीवन बेहाल, उपभोक्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

हलिया (मिर्जापुर)। कड़ाके की धूप और उमस भरी गर्मी के बीच बरोंधा बाजार व आसपास के क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले एक सप्ताह से बरोंधा विद्युत उपकेंद्र से होने वाली अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि बिजली आने-जाने का कोई निर्धारित समय नहीं है, जिससे दैनिक कामकाज के साथ कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार बिजली कब आएगी और कब चली जाएगी, इसका कोई निश्चित रोस्टर नहीं है। शिकायत करने पर पावर हाउस के कर्मचारियों की ओर से केवल यह बताया जाता है कि ष्कार्य प्रगति पर है, इसलिए शटडाउन लिया गया है।ष् इससे लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासी मनीष कुमार सोनी, पूर्व प्रधान आश्विनी कुमार मिश्र,सौरभ कुमार प्रजापति, लक्ष्मण चौरसिया, अशोक कुमार मिश्र,नागेश प्रजापति ,मूल चंद सोनी, प्रदीप कुमार सेठ समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि लगातार हो रही बिजली कटौती से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। उमस भरी गर्मी में घरों के भीतर रहना मुश्किल हो गया है। बिजली मिलने पर भी बार-बार ट्रिपिंग और तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार की ओर से घोषित 20 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे के विपरीत बरोंधा बाजार में आठ घंटे भी नियमित बिजली नहीं मिल पा रही है। इससे लोगों में विद्युत विभाग के प्रति गहरा असंतोष है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के अधिकारियों से रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ता बरोंधा विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

मजदूरी करने गये वृद्ध का प्लाईवुड फैक्ट्री के पीछे मिला शव

(स्वतंत्र भारत)

महमूदाबाद-सीतापुर। महमूदाबाद-सिधौली मार्ग पर प्लाईवुड फैक्ट्री के पीछे करीब दो सौ मीटर दूर मिले वृद्ध के शव की पहचान हो गई है। वृद्ध मछरेहटा के गढ़ी गांव का रहने वाला है और घर से करीब एक माह पूर्व मजदूरी करने लखनऊ गया था। घटना स्थल पुलिस को शराब की बोतल के साथ दो बोरियां व खून से सनी चद्दर मिली थी। मालूम हो कि सिधौली मार्ग पर मोल्हेपुर के पास सड़क के पूरब स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री से करीब दो सौ मीटर दूर गुरुवार की दोपहर करीब १२ बजे अनुज वर्मा के पिपरमेंट के खेत में ६० वर्षीय वृद्ध का गुरुवार को दो दिन पुराना शव पड़ा मिला था। मृतक के पेट व गले में धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। पेट फट गया है तथा आंत बाहर निकल आई थीं। पुलिस मृतक की पहचान के लिए जनपद के विभिन्न थानों के साथ बहराइच, हरदोई, लखीमपुर, बाराबंकी आदि जनपदों से संपर्क कर पहचान के प्रयास कर रही थी। शुक्रवार को मछरेहटा के गढ़ी से आए आशाराम व खुशीराम ने मृतक की पहचान अपने पिता सुखराम पुत्र रामाधार के रूप में की। आशाराम ने बताया कि उनके पिता सुखराम अक्सर मजदूरी करने लखनऊ जाया करते थे। करीब एक माह पूर्व वे घर से मजदूरी करने लखनऊ गए थे और उसके बाद यहां शव मिलने की सूचना मिली। कोतवाल भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के शव की पहचान हो गई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया मुहर्रम जुलूस

हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण माहौल में ताजिया जुलूस निकाला गया। क्षेत्र के बबुरा खुर्द, बंजारी कलां, महेशपुर ड्रमंडगंज बाजार में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में जूलूस निकाला गया। ड्रमंडगंज बाजार में ताजिया जूलूस में पूर्व जिला पंचायत सदस्य सेराज अहमद, मिस्टर अंसारी, पिंटू खान, छोटे खान,झूरू मियां सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा, प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार,एसआइ शिवाकांत पांडेय, पुनीत गुप्ता,रामविशाल, कृपाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

सचित्र सूखी बेलन नहर, नदी में बह रहा बांणसागर का पानी गंदे पानी से दिनचर्या निभाने को मजबूर ग्रामीण लोगों ने बेलन नहर में पानी छोड़ने की उठाई मांग

हलिया (मिर्जापुर)। एक ओर क्षेत्र में मानसून की बेरुखी के चलते किसान धान की नर्सरी और रोपाई को लेकर चिंतित हैं तथा गांवों में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर बांणसागर परियोजना का पानी मेजा डैम के माध्यम से बेलन नदी में बहाया जा रहा है।

इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही पानी बेलन नहर में छोड़ा जाए तो हजारों किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंच सकता है और आम लोगों को भी स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा।

बरोंधा स्थित बेलन नहर क्षेत्र के लोगों के लिए वर्षों से जीवनरेखा मानी जाती रही है। ग्रामीण सुबह-शाम स्नान, कपड़े धोने, मवेशियों को पानी पिलाने सहित दैनिक जरूरतों के लिए इसी नहर पर निर्भर रहते हैं। वर्तमान में नहर में पानी के स्थान पर कचरे और सीवर नालों का गंदा पानी बह रहा है, जिससे लोगों को मजबूरी में दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं।

स्थानीय निवासी दीप चंद सोनी ने शासन-प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि बांणसागर का बहुमूल्य पानी बरोंधा बीयर के रास्ते बेलन नदी में बहाया जा रहा है, जिससे उसका अधिकांश हिस्सा व्यर्थ चला जाता है। यदि यही पानी बेलन नहर में छोड़ा जाए तो क्षेत्र के हजारों लोगों को स्वच्छ पानी मिलेगा और किसानों की सिंचाई संबंधी समस्या भी काफी हद तक दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समय धान की नर्सरी और रोपाई का महत्वपूर्ण दौर चल रहा है। ऐसे में बेलन नहर में पानी छोड़े जाने से हजारों हेक्टेयर कमांड क्षेत्र की धान की खेती को जीवनदान मिल सकता है। साथ ही मवेशियों के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।

ग्रामीणों का कहना है कि जल संकट के दौर में बहुमूल्य पानी को नदी में व्यर्थ बहाने के बजाय उसका सदुपयोग किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल बेलन नहर में पानी छोड़ने की व्यवस्था करे। तथा बेलन नदी में अनावश्यक रूप से बहाए जा रहे पानी पर रोक लगाकर उसका उपयोग सिंचाई और जनहित के कार्यों में सुनिश्चित किया जाए। इससे क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों और पशुपालकों को बड़ी राहत मिलेगी।

कड़ी सुरक्षा में निकला ताजिया, कई गांवों में गम-ए-हुसैन की गूंज

सुल्तानपुर। मोहर्रम की दसवीं तारीख यौम-ए-आशूर पर ताजखानपुर, बहादुरपुर और अफलेपुर गांवों में गम-ए-हुसैन पूरे अकीदत और अनुशासन के साथ मनाया गया। इमामबारगाह से ताजिया जुलूस निकाला गया, जो निर्धारित मार्गों से होते हुए स्थानीय कर्बला पहुंचा। यहां मातमी नौहों और सीनाजनी के बीच ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया।जुलूस के दौरान या हुसैन की सदाओं के बीच अजादारों ने इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला के शहीदों की कुर्बानी को याद कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश किया। जुलूस में बड़ी संख्या में नौजवान,बुजुर्ग और बच्चों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर लंगर और शरबत की व्यवस्था भी की गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कोतवाली प्रभारी एवं गभड़िया चौकी प्रभारी दिवेश त्रिवेदी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इमामबारगाह से कर्बला तक पूरे मार्ग पर पुलिस और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। ड्रोन कैमरों से भी जुलूस की निगरानी की गई, जबकि यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त यातायात पुलिस बल लगाया गया। प्रशासन और अंजुमन के पदाधिकारियों के बेहतर समन्वय से तीनों गांवों में ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अजादारों ने इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी को इंसानियत,सब्र और सत्य के लिए संघर्ष का प्रतीक बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संदेश दिया।

डीएसआर तकनीक से धान की खेती होगी अधिक लाभकारी

मऊ। विकासखंड बडरांव की ग्राम पंचायत भीरा, भिखारीपुर और सारायशादी के 40 महिला एवं पुरुष किसानों को गुरुवार को भिखारीपुर पंचायत भवन परिसर में

किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) विधि से धान की खेती के लाभ एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

साथी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जलवायु परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान की ओर से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि धान की खेती में बढ़ती श्रम लागत, जल संकट और समय की कमी को देखते हुए डीएसआर तकनीक तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इस विधि में नर्सरी तैयार कर रोपाई करने के बजाय धान के बीजों की सीधे खेत में बुवाई की जाती है, जिससे पानी, श्रम और उत्पादन लागत में कमी आती है तथा फसल समय से तैयार हो जाती है।प्रशिक्षण के दौरान साथी उत्तर प्रदेश के शिवम यादव ने किसानों को बताया कि डीएसआर विधि अपनाने के लिए खेत का समतलीकरण (लेजर लैंड लेवलिंग), प्रमाणित बीज का चयन, समय पर बुवाई तथा खरपतवार का प्रभावी प्रबंधन आवश्यक है। इस तकनीक में पारंपरिक रोपाई की तुलना में कम सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल संरक्षण में भी मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि डीएसआर तकनीक से किसानों की श्रम लागत कम होती है और फसल 7 से 10 दिन पहले तैयार हो सकती है, जिससे अगली फसल की समय पर बुवाई संभव हो जाती है। हालांकि इसकी सफलता के लिए खरपतवार नियंत्रण सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए अनुशंसित खरपतवारनाशकों के उपयोग तथा समय पर निराई-गुड़ाई करना जरूरी है।संस्था के सचिव सतीश कुमार पांडेय ने कहा कि वैज्ञानिकों का मानना है कि बदलती जलवायु और घटते जल संसाधनों के बीच डीएसआर तकनीक धान उत्पादन को अधिक टिकाऊ, लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।कार्यक्रम में हरित मित्र पुष्पा, सरिता, सुमित्रा, सुशीला चौहान तथा सीआरपी आशा देवी, अनीता और रिंकू चौहान सहित कुल 48 लोग उपस्थित रहे।

हलिया बाजार चौक सहित 16 स्थानों से कर्बला के लिए ताजिया हुई रवाना

हलिया (मिर्जापुर)। मोहर्रम के अवसर पर हलिया बाजार के चौक सहित 16 स्थानों से कर्बला के लिए शुक्रवार की दोपहर ताजिया का जुलूस धूमधाम से रवाना हुआ। इमाम हुसैन की याद में निकले इस

गमगीन माहौल में उमड़ा जनसैलाब

जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

एक ताजिए का गुंबद हरे रंग का और दूसरे का लाल रंग का है। दोनों ताजिए चांदी के वर्क, झालरों और हरे-लाल झंडों से सजाए गए हैं। कंधों पर ताजिया उठाए लोग ष्या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस में बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी गमगीन माहौल में शामिल हुए। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी लगातार निगरानी करता रहा। कर्बला पहुंचकर ताजिए को सुपुर्द-ए-खाक किया गया है । आयोजन समिति ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी परंपरा और सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाया गया है।इसी प्रकार में अन्य क्षेत्रों में भी ताजिया का जुलुस कर्बला में सुपुर्द खाक हुआ है सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम अजीत कुमार व सीओ लालगंज अमर बहादुर व थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मय टीम के साथ लगे रहे इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया की ताजिया का जुलुस 16 स्थानों के चौक से कर्बला के लिए रवाना होकर सुपुर्द खाक किया गया है।

महिला की तहरीर पर चार के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। थाना क्षेत्र के सिकटा गांव में ट्रैक्टर से मिट्टी गिराने को लेकर हुए विवाद के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सिकटा गांव निवासी ललिता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम करीब पांच बजे वह घर के पास ट्रैक्टर से मिट्टी गिरवा रही थीं। इसी दौरान ट्रैक्टर का पहिया विपक्षी के खेत में चले जाने पर विवाद हो गया। आरोप है कि गांव के श्रवण कुमार उर्फबबंदर, इंद्र बहादुर, सर्वेश और प्रवेश ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें तथा उनके पति हीरालाल को घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी।

थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर चारों आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

जामुन के पेड़ से गिरकर महिला घायल, अस्पताल में भर्ती

हलिया (मिर्जापुर)। लालगंज थाना क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव में गुरुवार की शाम जामुन के पेड़ से गिरकर 46 वर्षीय संगीता पत्नी जग नरायन गंभीर रूप से घायल हो गईं।जानकारी के अनुसार संगीता घर के पास जामुन तोड़ते समय अचानक पेड़ से नीचे गिर गईं, जिससे उन्हें चोटें आईं। परिजनों की सूचना पर 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची।

एंबुलेंस चालक विनोद और ईएमटी संतोष ने तत्काल प्राथमिक उपचार देकर घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया एम्बुलेंस कर्मियों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने बताया कि महिला का इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

वर्गीकृत

सूचना

मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरे नाम की स्पेल्लिंग ANITA व जन्मतिथि-24/11/1974 अंकित हो गयी है, जो कि गलत है। जबकि आधार कार्ड में अंकित नाम ANEETA व जन्मतिथि-2/10/1976 सही है। कृपया इसे सही करके मेरे दस्तावेजो में अंकित किया जाये। अनीता पत्नी स्व. अयोध्या प्रसाद पता- सेक्टर-8, गंजरहा पुरवा, विकास नगर, लखनऊ।

सी.आर.-592/ L-42

सूचना

मैने अपने पुत्र अवनीश को बुरीसंगत/गलतव्यवहार के कारण चलअचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बन्धविच्छेद कर लिए,वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

जागेश्वरप्रसाद पुत्र रामभजन नि.ग्रा. कुसुमा पो. लालपुर पुवायां शाहजहांपुर।

सी.आर.-593/ D-26

कार्यालय से महज 10 किमी की दूरी पर चल रहा आरा

शिकायतों के बाद भी विभाग बना मूकदर्शक

कादीपुर/सुलतानपुर। एक तरफ जहां शासन-प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण को बढ़ावा देने के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं सुलतानपुर जिले के कादीपुर क्षेत्र में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कादीपुर वन क्षेत्राधिकार कार्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर मुड़िला बाजार के बगल गांव वारी में पिछले कई दिनों से सागवान के बेशकीमती पेड़ों पर अवैध रूप से आरा चल रहा है, लेकिन विभाग की चुप्पी कई तरह के संदेह पैदा कर रही है। जब स्थानीय लोगों ने इस अवैध कटान की जानकारी वन विभाग को दी, तो विभाग का जवाब हैरान करने वाला था। अधिकारियों का दावा है कि इन पेड़ों को काटने के लिए 10 पेड़ों की अनुमति (परमीशन) दी गई थी।

पूर्वोत्तर रेलवे

निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं मुख्य विद्युत इंजीनियर, कॉलोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना सं.: 07-2026-कॉलोनी; कार्य का नाम:** (अ) "गोरखपुर-2 बटालियन रजही डीप का प्रस्तावित अपग्रेडेशन"। (ब) "गोरखपुर-रेलवे ऑफिसर्स क्लब के पीछे पार्क का प्रस्तावित विकास" से संबंधित विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹41,02,548/-; **बयाना राशि:** ₹82,100/-; **ई-निविदा फॉर्म का मूल्य:** शून्य; **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने की तिथि से:** 06 माह; • ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि: 16.07.2026 समय 16:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में यदि हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कॉलोनी
मुख्यालि/विद्युत-61 गोरखपुर

ट्रेनों में बीडी/सिगरेट न पिये

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित संकेत ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें लिखित फैक्ट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	106-टेसी/टेंडर/13/2026-27
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में ई.आई. और आई.बी.एस. स्टेशनों पर रिले हट्स, रिले रूम और एस.एम. रूम में सी.सी.टी.वी. सर्विलांस सिस्टम लगाने की व्यवस्था के प्रावधान का कार्य।
अनुमानित लागत	रु. 4,30,16,442.82/-
निविदा प्रपत्र की कीमत	शून्य
सरोहर राशि	रु. 8,60,300.00/-
कार्य पूर्ण करने की अवधि	270 दिन
निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	16.07.2026 15:30 Hrs
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in वरिष्ठ विभागीय एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय न.रे.क. कार्यालय परिसर, उत्तर रेलवे,लखनऊ

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में नाम लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • संक्षिप्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयान बनरहित का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू. सं. – 106-टेसी/टेंडर/13/2026-27 दिनांक 25.06.2026 2215/26

ग्राहकों की सेवा में सुरक्षात्मक के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/लखनऊ, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप एवं निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.	**ई निविदा सूचना संख्या** : टीआरडी-11-सीनि.बी.ई.ई.-लखनऊ-26
2.	**कार्य का नाम** : लखनऊ मंडल के डीएसटीई/लखनऊ, डीएसटीई/I/लखनऊ एवं एडीएमटीई/लखनऊ सेक्शन में 20000 से अधिक टीईयू वाले समचार पत्रों की इंटरलॉकिंग के लिए 08 सेक्टर के सहायक ट्रांसलाटर के प्रावधान का शेष बचा हुआ कार्य।
3.	**अनुमानित लागत** : रु. 30,02,184.23
4.	**बयाना राशि** : रु. 60,100.00/-
5.	**कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह
6.	**निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि** : दिनांक 17.07.2026 को 15.00 बजे तक तथा खोलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद।
7.	**प्रस्ताव की वैधता** : निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
8.	**उत्तर रेलवे की वेबसाइट** : अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देख ली जा सकती है।
9.	**पात्रता मापदण्ड** : निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदादाता अपने आवार को साथ बिजली के ठेकेदारी के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य लाय करें।

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-11-सीनि.बी.ई.ई.-लखनऊ-26 दिनांक: 25.06.2026 2212/2026

ग्राहकों की सेवा में सुरक्षात्मक के साथ

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

होर्मुज में फिर तनाव

मालवाहक जहाज पर मिसाइल जैसे प्रोजेक्टाइल से हमला

तेहरान। होर्मुज जलडमरूमध्य में संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षित समुद्री मार्ग पर एक मालवाहक जहाज को निशाना बनाया गया है। ब्रिटिश सेना ने बताया कि गुरुवार को इस कमर्शियल शिप पर एक अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इस हमले के बाद पूरे इलाके में तनाव बढ़ गया है। हालांकि, राहत की बात यह है कि घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ है।

ब्रिटिश सेना की सुरक्षा एजेंसी यूकेएमटीओ ने इस हमले की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह मालवाहक जहाज संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन द्वारा स्वीकृत विशेष रूट से गुजर रहा था। तभी एक अज्ञात प्रोजेक्टाइल सीधे आकर जहाज से टकराया। इस रूट को इसलिए बनाया गया था ताकि खाड़ी क्षेत्र में फंसे जहाजों को सुरक्षित निकाला जा सके। इस सुरक्षित गलियारे पर हमला होने से अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

शुरुआती सुरक्षा रिपोर्टों के अनुसार, इस अचानक हुए हमले में जहाज को

नुकसान पहुंचा है। लेकिन चालक दल का कोई भी सदस्य घायल नहीं हुआ है। शिप के कैप्टन ने भी पुष्टि की है कि सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। समुद्र में किसी भी तरह के तेल रिसाव या पर्यावरणीय नुकसान की खबर नहीं है। सुरक्षा एजेंसियां अब जांच कर रही हैं कि जहाज पर दागा गया प्रोजेक्टाइल किस प्रकार का था।

नाटो देशों ने जंग में अमेरिका का साथ दिया : ईरान

ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हुए हमले में साथ देने वाले नाटो मेंबर देशों को इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने सोशल मीडिया पर कहा कि नाटो चीफ मार्क रूट ने खुद माना है कि इटली और रोमानिया ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में अमेरिका का साथ दिया था। बघई ने कहा कि इन्हें अपने नागरिकों और पूरी दुनिया को बताना चाहिए कि उन्होंने अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ इस कार्रवाई का समर्थन क्यों किया।

बांग्लादेशी नागरिकों के लिए फिर शुरू होगी टूरिस्ट वीजा सेवा

28 जून से कर सकेंगे आवेदन

ढाका। भारत ने लगभग दो साल बाद बांग्लादेशी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा सेवा फिर से शुरू करने का फैसला किया है। भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने गुरुवार को घोषणा की कि 28 जून से बांग्लादेश के पांच वीजा आवेदन केंद्रों के जरिए सामान्य टूरिस्ट वीजा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इससे पहले सुरक्षा कारणों के चलते भारतीय उच्चायोग ने वीजा संबंधी गतिविधियों को सीमित कर दिया था। भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) में घोषणा करते हुए दिनेश त्रिवेदी ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टूरिस्ट वीजा के लिए सामान्य आवेदन प्रक्रिया दोबारा शुरू की जा रही है। इसके तहत रविवार 28 जून 2026 से आवेदन जमा किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मानवीय आधार पर मेडिकल वीजा की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में ढाका, राजशाही, चटगांव, सिलहट और खुलना स्थित पांच वीजा केंद्रों से टूरिस्ट वीजा जारी किए जाएंगे। भविष्य में इस व्यवस्था का और विस्तार किया जाएगा। त्रिवेदी ने उम्मीद जताई कि इस कदम से दोनों संप्रभु देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध और मजबूत होंगे।

'अब तो यहूदी भी तुमसे तंग आ गए'

पहले भी ट्रंप ने नेतन्याहू को लताड़ दिया था

वॉशिंगटन। दुनिया को हमेशा यही दिखा कि डोनाल्ड ट्रंप और बेंजमीन नेतन्याहू की जोड़ी सबसे मजबूत थी। ईरान पर हमला हो या गाजा युद्ध दोनों नेता अक्सर एक ही रणनीति पर चलते नजर आए। लेकिन अब एक नई किताब ने इस रिश्ते की दूसरी तस्वीर सामने रख दी है। दावा किया गया है कि एक वक्त ऐसा भी आया जब खुद डोनाल्ड ट्रंप अपने सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले नेतन्याहू पर बुरी तरह भड़क गए थे। यहां तक कि फोन पर उन्होंने कह दिया हर कोई तुमसे तंग आ चुका है। सभी यहूदी भी तुमसे परेशान हैं। यह दावा न्यूयॉर्क टाइम्स के पत्रकार मैगी हैबरमैन और जोना फनसवान की किताब रिजीम चेन इनाइड द एंपीरियल प्रेसिडेंसी ऑफ डोनाल्ड ट्रंप में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के शुरुआती महीनों के कई अंदरूनी घटनाक्रमों का जिक्र है। किताब के मुताबिक यह घटना उस समय की है जब अमेरिका गाजा में

युद्ध विराम कराने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान इजराइल ने हमास नेताओं को निशाना बनाने के लिए क़तर पर हमला कर दिया। इस हमले में हमास के कुछ सदस्य मारे गए लेकिन एक कतरी सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई। क़तर ने तुरंत इसकी जानकारी अमेरिका को दी। जिसके बाद ट्रंप ने नेतन्याहू को फोन किया। किताब के मुताबिक फोन पर ट्रंप का गुस्सा साफ नजर आया। उन्होंने नेतन्याहू से कहा, हर कोई तुमसे तंग आ चुका है। बीवी सभी यहूदी भी तुमसे परेशान है। यहां तक कि इस कॉल पर मौजूद दो यहूदी भी तुमसे तंग आ चुके हैं। ट्रंप का इशारा उस समय कॉल पर मौजूद अमेरिकी अधिकारी स्टीव विटकॉफ और उनके दामाद जेरेट कुशनर की ओर था। दावा यह भी किया गया कि इस घटना के बाद ट्रंप नेतन्याहू को वाइट हाउस बुलाया और अपने सामने क़तर के शासक को फोन लगाकर उनसे माफी मंगवाई। किताब के मुताबिक ट्रंप नहीं चाहते थे कि गाजा युद्ध विराम की कोशिशें इज़राइल की सैनिक कार्रवाई की वजह से पटरी से उतर जाए। किताब में एक और बड़ा दावा किया गया। इसमें कहा गया कि ट्रंप ने निजी बातचीत में नेतन्याहू को धोखेबाज तक कहा था। इतना ही नहीं हाल ही में ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष विराम की कोशिशों के दौरान भी ट्रंप कथित तौर पर नेतन्याहू पर भड़क गए थे। रिपोर्टों के मुताबिक उन्होंने फोन पर कहा था तुम पूरी तरह पागल हो। अगर मैं ना होता तो तुम जेल में होते। मैं तुम्हें बचा रहा हूं। लेकिन अब हर कोई तुमसे और इजराइल से नफरत करने लगा है।

अमेरिका में बच्ची से रेप केस में स्नैपचैट पर मुकदमा

मिसौरी। सोशल मीडिया एप स्नैपचैट की मूल कंपनी स्नैप पर अमेरिका के मिसौरी में मुकदमा दायर किया गया है। इस मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि प्लेटफॉर्म 12 साल की बच्ची के बलात्कार के लिए जिम्मेदार है। आरोप लगाया गया है कि स्नैपचैट के क्विक एड और स्नैप मैप जैसे फीचर्स के जरिए आरोपी गैब्रियल जोएल वैलेंटीन-रियोस ने जेएफ नाम की लड़की को शिकार बनाया। एप की मदद से वह उससे जुड़ पाया और उसे बहला-फुसला सका। कथित रूप से स्नैपचैट के क्विक एड फीचर ने 25 साल के वैलेंटीन-रियोस को जेएफ और उसी इलाके की अन्य नाबालिग लड़कियों से जुड़ने का सुझाव दिया। शिकायत के अनुसार, एप ने वैलेंटीन-रियोस को मिलनसार दिखने वाले लड़के के रूप में दर्शाया था। स्नैपचैट नाबालिगों को यह चेतावनी देने में विफल रहा कि ये यूजर्स अजनबी हो सकते हैं या उनसे जुड़ना खतरनाक हो सकता है।

भारतीय दूतावास ने ईरान यात्रा पर जारी की नई एडवाइजरी

हालात सुधरे पर खतरा टला नहीं

तेहरान। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने ईरान में रह रहे और वहां जाने की योजना बना रहे अपने नागरिकों के लिए एक बेहद जरूरी सुरक्षा परामर्श जारी किया है। राजनयिकों के अनुसार, वे ईरान के भीतर सुरक्षा की हर बदलती स्थिति पर लगातार बहुत पैनी नजर रख रहे हैं। राहत की बात यह है कि हाल के दिनों में वहां कुछ सकारात्मक बदलाव देखे गए हैं और कुल मिलाकर सुरक्षा व्यवस्था में पहले से सुधार भी दर्ज हुआ है। इसके बावजूद, दूतावास जोखिम नहीं लेना चाहता, इसलिए पुरानी हिदायतों को अभी वापस नहीं लिया गया है।

दूतावास ने कहा है कि परिस्थितियों में सुधार के बाद भी भारतीय नागरिक अभी ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से पूरी तरह दूर रहें। यह प्रतिबंध अगले आदेश तक जारी रहेगा। जो लोग वर्तमान में वहां रह रहे हैं या जिन्हें किसी जरूरी कामकाजी वजहों से ईरान की यात्रा करनी पड़ रही है, उन्हें हर पल अत्यधिक सतर्क रहने को कहा गया है। नागरिकों से अपील है कि वे हर समय चौकन्ने रहें और अपने आस-पास के माहौल की पूरी जानकारी रखें।

मलबों में भी चल रही सांसें, विचलित कर रही तबाही

काराकास। वेनेजुएला में आए दो विनाशकारी भूकंपों ने भारी तबाही मचाई है। बुधवार को एक मिनट के भीतर 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंप आए। इस आपदा में अब तक

- जिंदा पशु-इंसान किसी चमत्कार से कम नहीं
- वेनेजुएला भूकंपों की तबाही

कम से कम 235 लोगों की जान जा चुकी है और 4,300 से ज्यादा लोग घायल हैं। हजारों लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। भूकंप से मची तबाही के बीच, कुछ ऐसी चमत्कारिक तस्वीरें भी सामने आई हैं जिसने सबको हैरान कर दिया। बचाव कार्य मुख्य रूप से देश के उत्तरी इलाकों में चल रहा है। यह इलाक सबसे ज्यादा प्रभावित है। ला गुआरा क्षेत्र में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। यहां स्वयंसेवक और आपातकालीन टीमें कंक्रीट के पहाड़ों को खोदकर जिंदगियां तलाश रही हैं। इसी राहत बचाव

कार्य के दौरान एक मासूम बच्चे का रेस्क्यू किया गया। मलबे के नीचे दबा यह बच्चा पूरी तरह सुरक्षित मिला। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में बचाव कर्मी बच्चे को सुरक्षित निकालते समय खुशी से रोते और चिल्लाते दिखे। यह बच्चा उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बन गया है जिनके अपने अब भी लापता हैं। ला गुआरा में ही वेनेजुएला की नेशनल पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर एक और नवजात को सुरक्षित निकाला। इसके अलावा, घंटों की कड़ी मेहनत के बाद 12 साल के एक लड़के को भी मलबे से जिंदा बाहर निकाला गया। इन सफलताओं ने बचाव दलों का उत्साह बढ़ा दिया है। एक महिला को भी मलबे से जिंदा निकाला गया है। ऐसी ही एक दिल छू लेने वाली घटना तब सामने आई, जब घंटों की भारी मशक्कत के बाद मलबे के एक संकरे हिस्से से एक बेजुबान कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कई घंटों तक बिना हवा, पानी और रोशनी के मलबे के नीचे दबे रहने के कारण वह पूरी तरह सहमा हुआ था और बुरी तरह हांफ रहा था। जैसे ही रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकाला, एक राहतकर्मी ने तुरंत अपनी बोतल से उसे पानी पिलाया। मलबे से निकलते ही बेजुबान का तड़पकर पानी पीने का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर लाखों लोगों की आंखें नम हैं।

युद्ध रोकने संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में वोट पर अपनों से ही खफा ट्रंप

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीनेट (उच्च सदन) में रिपब्लिकन सांसदों को ईरान युद्ध को रोकने संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में वोट को लेकर

- सीनेटर को कहा 'सनकी'

खरीखोटी सुनाई। फ्लोरिडा के सीनेटर रिक स्कॉट के निमंत्रण पर ट्रंप अमेरिकी संसद भवन में रिपब्लिकन सांसदों के लंच में शामिल हुए। बैठक के बाद सीनेट में सीनेटर कैसिनी के समर्थन से नया प्रस्ताव पास हुआ और पुराना गिर गया। ट्रंप ने कहा, वह नागरिकता संबंधी बिल के लिए भी सांसदों पर दबाव बनाएंगे। हालांकि, पूरी बातचीत युद्ध शक्तियों संबंधी प्रस्ताव (वॉर पावर्स रेजोल्यूशन) पर ही केंद्रित रही। ट्रंप ने खासतौर पर उन चार रिपब्लिकन सांसदों को निशाने पर लिया, जिन्होंने इस प्रस्ताव पर डेमोक्रेट सांसदों का साथ दिया था। इनमें अलास्का से लिसा मुर्कोव्स्की, मेन से सुसान कॉलिन्स, केंटकी से रैंड पॉल और लुइसियाना से बिल कैसिडी शामिल हैं। ट्रंप ने इससे पहले सोशल मीडिया पर इन्हें नाकारा कहा। रिपब्लिकनों की चुप्पी के बीच कैसिडी ने अपने मतदान का बचाव किया। कैसिडी गत माह प्रतिद्वंद्वी को ट्रंप के समर्थन के चलते अपनी पार्टी की प्राथमिक चुनावी प्रतिस्पर्धा हार गए थे। बैठक के बाद कैसिडी ने कहा- मैंने खड़े होकर ट्रंप से कहा, आपने अमेरिकी जनता को यह नहीं बताया है कि वास्तव में क्या हो रहा है।

क्रीमिया पर यूक्रेन का भीषण ड्रोन हमला

मॉस्को/कीव। चार साल से अधिक समय से जारी रूस और यूक्रेन की जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। फरवरी, 2022 में शुरू हुआ दोनों देशों का संघर्ष अब तक जारी है। ताजा घटनाक्रम में रूस ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन

- रूसी सेना ने गिराए 660 ड्रोन
- टकराव और बढ़ने की आशंका

की तरफ से भीषण हमला किया गया है जो अब तक की लड़ाई में सबसे बड़े हमलों में एक है। समाचार एजेंसी पीटीआई पर अंतरराष्ट्रीय एजेंसी- एपी के हवाले से आई रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने अपनी जमीन और कब्जे वाले क्रीमिया पर हमला किए जाने का आरोप लगाया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि उनकी वायु सेना ने यूक्रेन के 660 ड्रोनों को मार गिराया है। यह हमला रूस के 12 अलग-अलग इलाकों के साथ-साथ क्रीमिया प्रायद्वीप, काला सागर और आजोव सागर में किया गया। इस ड्रोन हमले के बाद दोनों देशों का टकराव बढ़ने की आशंका है। यूक्रेन पिछले कई महीनों से रूस के तेल उत्पादन और

ऊर्जा केंद्रों को निशाना बना रहा है। पश्चिमी अधिकारियों और जानकारों का मानना है कि इस रणनीति से रूस की ईंधन सप्लाई और सैन्य रसद में कमी आई है। इससे युद्ध के मैदान में रूस की कोशिशें धीमी पड़ गई हैं और राष्ट्रपति पुतिन पर दबाव बढ़ गया है। यह बड़ा हमला यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के उस बयान के कुछ घंटों बाद हुआ, जिसमें उन्होंने 40 दिनों के प्रभाव अभियान का आदेश दिया था। माना जा रहा है कि इसका मकसद हमलों को तेज करके रूस को युद्ध खत्म करने के लिए मजबूर करना है।

पीओके में 17 दिन से विरोध प्रदर्शन जारी

रावलकोट। पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में इस्लामाबाद के खिलाफ जन विद्रोह अपने चरम पर पहुंच गया है। अवामी एक्शन कमेटी की अगुवाई में जारी व्यापक प्रदर्शन लगातार 17वें दिन भी जारी रहा। जनता का आरोप है कि आंदोलन को दबाने के लिए शहबाज सरकार के निर्देश पर प्रशासन अब लोगों को भूखा रखने व नौकरियां छीनने के अमानवीय हथकंडे अपना रहा है। इसके तहत पाकिस्तान से पीओके को जोड़ने वाले प्रवेश मार्गों पर खाद्य सामग्री और जरूरी सामानों से लदे ट्रकों को रोक रहा है। आवश्यक वस्तुओं की जानबूझकर पैदा की गई इस किल्लत से स्थानीय समुदाय पर दबाव बढ़ गया है। प्रदर्शन में हिस्सा लेने के आरोप में अब तक 128 सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त किया गया है। आंदोलन के नेताओं का आरोप है कि सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को भी प्रदर्शन में शामिल न होने की चेतावनी दी गई है। उन्हें पेंशन रोकने की धमकी दी जा रही है।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हिंसक कार्रवाई में दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों को हिरासत में लेकर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। इधर प्रशासन का दावा है कि कार्रवाई केवल गैर-कानूनी कृत्यों में शामिल लोगों पर की जा रही है।

'स्कूलों और बच्चों को निशाना बनाने वालों की तय हो जवाबदेही'

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बड़ी मांग रखी है। भारत ने कहा कि जो लोग स्कूलों और बच्चों को निशाना बनाते हैं, उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। भारत ने जोर देकर कहा कि बिना सजा के बच्चों की सुरक्षा का काम अधूरा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पार्वथनेनी ने सुरक्षा परिषद में यह बात कही। उन्होंने सशस्त्र संघर्ष से प्रभावित बच्चों की शिक्षा की सुरक्षा विषय पर अपनी बात रखी।

राजदूत ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा अधिकार है जो युद्ध के समय भी मिलना चाहिए। यह शांति स्थापित करने का सबसे ताकतवर जरिया है।

- सुरक्षा परिषद में भारत ने दी सलाह

है। भारत चाहता है कि हर बच्चा अपनी पूरी क्षमता को पहचान सके। संयुक्त राष्ट्र महासचिव की 2025 की रिपोर्ट बहुत चिंताजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार, युद्ध वाले इलाकों में बच्चों के खिलाफ हिंसा बहुत ज्यादा बढ़ गई है। साल 2025 में बच्चों के खिलाफ 38,558 गंभीर अपराध दर्ज हुए। इनसे 24,174 बच्चे प्रभावित हुए। इनमें 15,493 लड़के और 7,990 लड़कियां शामिल हैं। करीब 691 बच्चों की पहचान नहीं हो सकी। यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। कई बच्चों के साथ तो एक से ज्यादा बार गंभीर अपराध हुए।

रिपोर्ट में बताया गया कि युद्ध में शामिल गुटों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन नहीं किया। वे बिना किसी डर के अपराध करते रहे। इसका बुरा असर आम लोगों और बच्चों पर पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी सेनाएं भी बच्चों की हत्या और स्कूलों पर हमलों के लिए जिम्मेदार पाई गईं। उन्होंने मानवीय मदद को भी रोकने का काम किया।

ताइवान पर अमेरिका अपनी नीति नहीं बदलेगा

वाशिंगटन। ट्रंप सरकार ने एक बार फिर साफ किया कि ताइवान को लेकर उसकी लंबे समय से चली आ रही नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

- 14 अरब डॉलर के हथियार पैकेज की समीक्षा जारी

हालांकि, चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों और दबाव के बीच स्वशासित द्वीप ताइवान के लिए प्रस्तावित 14 अरब डॉलर के हथियार पैकेज की समीक्षा की जा रही है। पूर्वी एशिया और प्रशांत मामलों के लिए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के सहायक विदेश मंत्री माइकल जी. डीसोम्ब्रे ने प्रतिनिधि सभा (हाउस) की विदेश मामलों की उपसमिति (पूर्वी एशिया और प्रशांत) के समक्ष पेश होते हुए लॉमेकर्स से कहा कि ट्रंप प्रशासन ताइवान संबंध अधिनियम और अमेरिका-ताइवान संबंधों को संचालित करने वाले लंबे समय से चले आ रहे नीति-ढांचे के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। डीसोम्ब्रे ने कहा, ताइवान पर हमारी पुरानी नीति नहीं बदली है, जो ताइवान संबंध अधिनियम, तीन जॉइंट कम्युनिकेशंस और छह एश्योरेंस से निर्देशित होती है। हम ताइवान स्ट्रेट में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं और स्टेटस में किसी भी एकतरफा बदलाव का विरोध करते हैं। सुनवाई के दौरान ज्यादातर ताइवान का मुद्दा छाया रहा, जिसमें डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन लॉमेकर्स ने सैन्य मदद, रोकथाम और द्वीप पर चीन के बढ़ते दबाव के लिए सरकार पर दबाव डाला। सुनवाई की अध्यक्षता करने वाले प्रतिनिधि यंग किम ने कहा कि ट्रंप सरकार और कांग्रेस सीसीपी की रोजाना की धमकियों और जबरदस्ती के खिलाफ ताइवान के साथ मजबूती से खड़े हैं।

आश्चर्यजनक — वैज्ञानिकों को चौंकाया

पृथ्वी की ओर आते-आते 21 प्रतिशत फैला सूर्य का चुंबकीय बादल

वॉशिंगटन। सूर्य से निकला एक विशाल चुंबकीय बादल पृथ्वी की ओर बढ़ते समय अचानक सामान्य से कहीं अधिक तेजी से फैल गया। वैज्ञानिकों ने इस दुर्लभ घटना को सुपर एक्सपेंशन नाम दिया है। नवंबर 2021 में हुई इस घटना के अध्ययन से पता चला कि केवल 2.1 करोड़ किलोमीटर की यात्रा के दौरान बादल का आकार 21 प्रतिशत बढ़ गया।

शोधकर्ताओं का मानना है कि यह खोज अंतरिक्ष मौसम को बेहतर ढंग से समझने, सौर तूफानों की अधिक सटीक भविष्यवाणी करने और उपग्रहों, संचार नेटवर्क तथा बिजली ग्रिड जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकती है। यह अध्ययन रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के शोध प्रकाशन में प्रकाशित हुआ है। शोध का नेतृत्व अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ आयोवा के वैज्ञानिकों ने किया है, जिन्होंने सूर्य से निकले चुंबकीय बादल के व्यवहार में हुए इस असामान्य बदलाव का विस्तृत विश्लेषण किया। सूर्य पर समय- समय पर शक्तिशाली विस्फोट होते हैं, जिन्हें कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) कहा जाता है। इन विस्फोटों के दौरान अत्यधिक गर्म और चुंबकीय गुणों वाला प्लाज्मा बड़ी मात्रा में अंतरिक्ष में निकलता है। यही प्लाज्मा आगे चलकर चुंबकीय बादल का रूप लेता है। यदि ऐसा बादल पृथ्वी की दिशा में बढ़ता है तो वह उपग्रहों, जीपीएस सेवाओं, रेडियो संचार, अंतरिक्ष यानों और बिजली ग्रिड पर असर डाल सकता है। इसी कारण वैज्ञानिक लगातार इन पर नजर रखते हैं। जिस चुंबकीय बादल का अध्ययन किया गया, वह चार और पांच नवंबर 2021 को सूर्य पर हुए एक बड़े विस्फोट से बना था। विस्फोट से बने बादल को पृथ्वी की ओर बढ़ते समय दो अलग- अलग अंतरिक्ष यानों ने रिकॉर्ड किया। सबसे पहले सोलर ऑर्बिटर ने इसे सूर्य और पृथ्वी के बीच लगभग 0.84 खगोलीय इकाई (एयू) की दूरी पर देखा। इसके बाद विंड अंतरिक्ष यान ने इसे लगभग 0.98 एयू की दूरी पर दर्ज किया। दोनों अंतरिक्ष यान लगभग एक ही सीध में थे, जिससे वैज्ञानिकों को एक ही चुंबकीय बादल में समय के साथ होने वाले बदलावों का सटीक अध्ययन करने का दुर्लभ अवसर मिला।

बाजार दर्पण



विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089